Happy new Year 2024
Daily THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज
Published from Ranchi
Ranchi • Monday, 01 January 2024 • Year : 01 • Issue : 341 • Ranchi Edition • Page : 12 • Price : 3 • www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 72,240.26 |
| निफ्टी | : | 21,731.40 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 6,015 |
| चांदी | : | 80.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

## केंद्र ने लगाया 'तहरीक-ए-हुर्रियत' पर प्रतिबंध

**NEW DELHI :** केंद्र सरकार ने तहरीक–ए–हुर्रियत पर प्रतिबंध लगा दिया है। गैर कानूनी गतिविधि निरोधक अधिनियम (यूएपीए) के तहत यह कार्रवाई की गई है। सरकार ने कहा है कि अलगाववाद और आतंकवाद का समर्थक यह संगठन भारत विरोधी प्रचार में संलिप्त है। गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा, ह्यतहरीक–ए–हुर्रियत, जम्मू–कश्मीर (टीईएच) को यूएपीए के तहत एक गैरकानूनी गठबंधन घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आतंकवाद के खिलाफ जीरो–टॉलरेंस की नीति के तहत भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति या संगठन को तुरंत रोका जाएगा। उन्होंने कहा कि यह संगठन जम्मू–कश्मीर को भारत से अलग करने और इस्लामिक शासन स्थापित करने की निषिद्ध गतिविधियों में संलिप्त है। उल्लेखनीय है कि तहरीक–ए–हुर्रियत जम्मू–कश्मीर का एक अलगाववादी राजनीतिक दल है।

## मोजा बनाने वाली कंपनी में लगी आग, 6 की मौत

**MUMBAI :** महाराष्ट्र के संभाजीनगर जिले के बालुंज एमआईडीसी इलाके में स्थित मोजे बनाने वाली एक कंपनी में में बीती रात अचानक आग लग जाने से 6 मजदूरों की मौत हो गई। इस घटना में 7 मजदूर किसी तरह अपनी जान बचाने में कामयाब रहे। फायर ब्रिगेड के जवानों ने रविवार सुबह तक आग पर काबू पा लिया है। बालुंज एमआईडीसी इलाके में सनशाइन नामक मोजा बनाने वाली कंपनी में बीती रात तकरीबन 13 मजदूर काम कर रहे थे। कंपनी के दरवाजे पर ही रात में आग लग गई। आग देखकर सात मजदूरों ने किसी तरह कंपनी के बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली, लेकिन छह मजदूर कंपनी से बाहर नहीं निकल सके। इस वजह से इन छह मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई।

## नए साल पर होगा एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट लांच

**NEW DELHI :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ब्लैक होल जैसे अंतरिक्ष के घटनाक्रम को समझने के लिए अपना पहला एक्स–रे पोलारिमीटर सैटेलाइट सोमवार को लांच करेगा। इससे पहले अक्टूबर में इसरो ने गगनयान के टेस्ट व्हीकल डी1 मिशन को सफलतापूर्वक पूरा किया था। इसरो के अनुसार, एक्स–रे पोलारिमीटर सैटेलाइट का प्रक्षेपण प्रथम लॉन्च–पैड, एसडीएससी–शार, श्रीहरिकोटा से 01 जनवरी को सुबह 09 :10 बजे निर्धारित किया गया है।

# हैप्पी न्यू ईयर से गूंज उठा शहर...



PHOTO : SAMEER

# डीजे की धुन में झूमी राजधानी

## आतिशबाजी के साथ नए साल का लोगों ने किया स्वागत

**PHOTON NEWS RANCHI :** राजधानी में नए साल का जश्न आतिशबाजी के साथ शुरू हुआ। नया साल हर किसी के लिए काफी खास रहा। हर कोई डीजे की धुन में नाचते-गाते दिखाई पड़े। लाइव बैंड, डीजे, माकटेल और डिनर पार्टी के साथ रात गुलजार रही। शहर में नए साल के स्वागत के लिए क्लबों से लेकर रेस्टोरेंट व रिसार्ट तक हर जगह डीजे सजाए गए थे। इसके अलावा कांके रिजोर्ट और होली-डे होम में रशियन डांसरों ने राजधानीवासियों को झुमाने पर मजबूर कर दिया। अनलिमिटेड ड्रिंक, लजीज व्यंजन के साथ, रशियन बेले डांसर, म्यूजिकल और डांस ग्रुप परफार्म और आतिशबाजी की भी व्यवस्था हर जगह रही। पूरा देश नए साल की जश्न में मग्न रहा।




मुन्नी बदनाम हुई डार्लिंग तेरे लिए.... छमा-छमा वो.. छमा-छमा बजे रे तेरी पैजनिया... जैसे गीत पर झूमाता रहा पूरा रांची

# यूक्रेन ने रूस पर क्लस्टर बम से किया हमला, 21 लोगों की मौत

## शुक्रवार को रूस ने यूक्रेन पर एकसाथ दागी थी 120 मिसाइलें

- हमले में 111 लोग घायल, मृतकों में 3 बच्चे भी शामिल
- रूस के बेलगोरेद शहर पर पर यूक्रेन ने किया हमला
- रूस ने यूक्रेन पर अब तक का सबसे बड़ा हमला किया था
- हमले में 41 यूक्रेनियों की हो गई थी मौत



**AGENCY RUSSIA :** रूस में यूक्रेन की तरफ से हुए हमले में 21 लोगों की मौत हो गई जबकि 111 लोग घायल हुए हैं। रूस ने दावा किया है कि यूक्रेन ने ये हमला क्लस्टर बमों से किया। मरने वालों में 3 बच्चे भी शामिल हैं। हमला रूस के बेलगोरेद शहर पर हुआ। जो यूक्रेनी सीमा से सिर्फ 30 किलोमीटर की दूरी पर है और यूक्रेन के खार्कीव, लुहांस्क, सूमी इलाकों से सटा हुआ है। अलजजीरा के मुताबिक 2022 में शुरू हुई रूस-यूक्रेन जंग के बाद रूस ने शुक्रवार को इन इलाकों पर अब तक का सबसे बड़ा हमला किया था। रूस ने 120 मिसाइलें दागी थीं। इसमें 41 यूक्रेनियों की मौत हो गई थी। इसी हमले के बाद शनिवार को यूक्रेन ने रूस पर हमला किया। शनिवार को हुए हमले पर यूएन में यूक्रेन के राजदूत सेरही द्वोरनिक ने कहा है कि जब तक रूस का तानाशाह जंग जारी रखेगा, तब तक लोग मरते रहेंगे। वहीं, ब्रिटेन के राजनयिक थोमस फिप्स ने रूस में लोगों की मौत पर दुख जाहिर किया। हालांकि उन्होंने रूस को ही इसका जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि अगर रूस किसी को 21 लोगों की मौत का जिम्मेदार ठहराना चाहता है तो वो राष्ट्रपति पुतिन होने चाहिए। रूस में यूक्रेन का कोई सैनिक नहीं है, लेकिन यूक्रेन में रूस के हजारों सैनिक मौजूद हैं। क्लस्टर बम एक ऐसा हथियार है, जिसे हवा में रिलीज करने पर उसमें से कई छोटे-छोटे बम निकलते हैं। ये छोटे बम साधारण बमों की तुलना में ज्यादा इलाके को प्रभावित करते हैं। ये खतरनाक इसलिए माने जाते हैं क्योंकि मुख्य बम से निकलने वाले कई सारे छोटे विस्फोटक निर्धारित लक्ष्य के आसपास भी नुकसान पहुंचाते हैं। ज्यादातर मामलों में इनकी चपेट में आम नागरिक ही आते हैं। इन्हें लड़ाकू विमानों के जरिए आसमान और तोपों के जरिए जमीन से भी दागा जा सकता है। बम के फटने के बाद आसपास गिरने वाले छोटे विस्फोटक लंबे समय तक पड़े रह सकते हैं। ऐसे में जंग खत्म होने के बाद भी इनकी चपेट में आने से जान जा सकती है। यह विरोधी सैनिकों को मारने या उनके वाहनों को नुकसान पहुंचाने के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं।

### हमले का बदला जरूर लेंगे : रूस

रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि वो शनिवार को हुए इस हमले का बदला जरूर लेंगे। रूस ने यूक्रेन के ड्रोन अटैक को आतंकी हमला कहा है। साथ ही सूएनएससी में इस पर चर्चा के लिए बैठक बुलाई है। रूस का कहना है कि यूक्रेन ने सोची–समझी साजिश के तहत नागरिकों को निशाना बनाया है। रूस ने शनिवार को यूक्रेन के 32 ड्रोन मार गिराए। ये ड्रोन रूस के मॉस्को, ब्राइंस्क, ओरिओल और कुर्स्क इलाके की तरफ बढ़ रहे थे। वहीं, मंत्रालय की एयरक्राफ्ट यूनिट ने दावा किया है कि उन्होंने शुक्रवार को भी बेलगोरेद शहर पर दागे गए 13 यूक्रेनी रॉकेट तबाह किए थे। जुलाई 2023 में अमेरिका ने बताया था कि वो यूक्रेन को क्लस्टर बम भेज रहा है। अमेरिका के इस फैसले का यूक्रेन का साथ देने वाले देशों ने भी विरोध किया था। पुतिन ने कहा था कि अमेरिका के सारे हथियार खत्म हो गए हैं, इसलिए वो अब यूक्रेन को प्रतिबंधित हथियार सप्लाई कर रहा है। रूसी टेलीविजन को दिए एक इंटरव्यू में पुतिन ने कहा था कि अगर यूक्रेन हमारे खिलाफ क्लस्टर बमों का इस्तेमाल करेगा तो हम भी इसका कड़ा जवाब देंगे।

# शहर के चार कारोबारी से मैसेज भेज मांगी रंगदारी

## अपराधियों ने एक के घर में फेंका बम

**CRIME REPORTER RANCHI :** राजधानी के अलग अलग इलाकों में रहने वाले चार जमीन कारोबारियों से रंगदारी की मांग की गई है। कारोबारियों को डराने के लिए एक कारोबारी के घर में बम भी फेंका गया है। इस मामले में कारोबारियों के बयान पर नगड़ी थाना में केस हुआ है। हालांकि पुलिस का कहना है कि कारोबारी के घर में पटाखा फेंका गया है। किसी प्रकार की कोई क्षति नहीं पहुंची है। जांच के बार पूरा मामला स्पष्ट होगा। पुलिस का कहना है कि नगड़ी में रहने वाले कारोबारी अखिलेश, डोरंडा के हीरालाल, पुंदाग के राजेश और पुंदाग में ही रहने वाले मोहन शर्मा से रंगदारी की मांग की गई है। मोहन शर्मा के घर में बम फेंकने की बात सामने आई है। चारों जमीन कारोबारी नगड़ी इलाके में स्थित मिराल में जमीन का काम करते हैं। चारों कारोबारियों को व्हाट्सऐप पर एसएमएस भेजकर रंगदारी की मांग की गई है। रंगदारी मांगने वाले अपराधियों ने कहा है कि वह जमीन में वह बहुत पैसा कमा रहे हैं। रंगदारी के रूप में पैसा देना होगा। चारों कारोबारियों के घर में दहशत का माहौल हो गया है।



### कोबरा गैंग के नाम पर मांगी गई है रंगदारी

पुलिस का कहना है कि कारोबारियों से रंगदारी की मांग और शनिवार की सुबह एक कारोबारी के घर में बम फेंके जाने के बाद मामला पुलिस के पास पहुंचा। पुलिस का कहना है कि कारोबारी मोहन शर्मा के घर के समीप लगे सीसीटीवी का फुटेज खंगाल रही है। फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। अपराधियों ने कारोबारियों से कोई तय रकम नहीं मांगा है। पुलिस का कहना है कि रंगदारी मांगे जाने के बाद पुलिस उस नंबर का पता लगा रही है जिस नंबर से रंगदारी की मांग की गई है। अपराधियों के बारे में पता लगाने के लिए टेक्निकल सेल का भी मदद लिया जा रहा है। पुंदाग थानेदार विवेक कुमार का कहना है कि कोबरा गैंग में कौन अपराधी शामिल हैं इसका पता लगाया जा रहा है। नगड़ी इलाके में ही काम करने वाले जमीन कारोबारियों से रंगदारी की मांग की गई है। इससे यह लगता है कि नगड़ी में काम करने के बदले भय दिखाकर कारोबारियों से पैसा वसूलने की योजना तैयार कर रंगदारी की मांग की जा रही है।

# गर्भगृह में विराजने वाली रामलला की प्रतिमा फाइनल

## कर्नाटक के नीले पत्थर से की गई है तैयार

**AGENCY AYODHYA :** अयोध्या में राम मंदिर के गर्भगृह में स्थापित होने वाली रामलला की प्रतिमा का चयन रविवार को कर लिया गया। 29 दिसंबर को हुई बैठक के बाद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने 3 प्रतिमाओं पर अपना मत लिखित रूप से महासचिव चंपत राय को दे दिया था। चंपत राय ने बताया कि गर्भगृह में रामलला की 51 इंच लंबी



प्रतिमा स्थापित की जाएगी, जिसमें रामलला 5 साल के बाल स्वरूप में होंगे। गर्भगृह में रामलला कमल के फूल पर विराजमान होंगे। कमल के फूल के साथ उनकी लंबाई करीब 8 फीट होगी। अभी प्रतिमा की फोटो जारी नहीं की गई है।

## बिहार में कोरोना से दस साल की बच्ची की मौत

**PATNA :** राज्य में कोरोना संक्रमितों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। बीते 24 घंटे में कोरोना के सात मरीज मिले हैं। इनमें पटना और गया में तीन–तीन जबकि दरभंगा में एक मरीज है। ताजा मामला सासाराम का है, जहां कोरोना पॉजिटिव 10 साल की बच्ची की इलाज के दौरान रविवार को मौत हो गयी। सासाराम सिविल सर्जन डॉ. केएन तिवारी ने इसकी पुष्टि की है। डॉक्टर के अनुसार बच्ची फेफड़े की गंभीर इंफेक्शन से ग्रसित थी। उन्होंने बताया है कि नोखा के लिलारी की रहने वाली 10 वर्षीय साधना कुमारी की मौत हुई है। वह हरेंद्र गिरी की पुत्री थी। डेहरी के जमुहार स्थित नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में बच्ची का इलाज चल रहा था, जहां उसकी मौत हुई है।

# बिहार-कोलकाता में इडी रेड, ₹1 करोड़ कैश बरामद

## ठगों के खिलाफ एजेंसी की बड़ी कार्रवाई, तीन साइबर अपराधी गिरफ्तार

**AGENCY NEW DELHI :** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने साइबर ठगों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। छापेमारी पटना और कोलकाता में की गयी। तलाशी के दौरान करीब एक करोड़ नगद मिले, जबकि 3 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। बरामद दस्तावेज में बैंक खातों की संख्या और कमीशन की राशि आदि की जानकारी दर्ज है। इन साइबर ठग के पास से कई वीडियों भी बरामद हुए, जिसमें में ठगी के नए-नए तरीकों के बारे में जानकारी है। हालांकि इडी ने आधिकारिक तौर पर इस संबंध में कोई खुलासा नहीं किया है।अभी इससे जुड़े मामले की जाचं जारी है।





### कॉरपोरेट की तरह काम कर रहे साइबर ठग, कमीशन निर्धारित

अपराधियों से बरामद दस्तावेज के मुताबिक साइबर अपराधी, कॉरपोरेट की तरह से काम करते हैं। ठगी की कमाई में सबका कमीशन निर्धारित है। ठगी की शुरूआत, बैंक खाते का इस्तेमाल, पैसे की निकासी सहित अन्य कामों शामिल ठगों का निर्धारित कमीशन बना हुआ है। सबसे अधिक पैसे उसे मिलते है, जो ठगी के नए नए तरीके का इजात करता है और कुछ दिनों के बाद उस तकनीकी को बदल देता है। साइबर अपराधी गिरोह का जाल बिहार, पश्चिम बंगाल, यूपी, असम और झारखंड तक फैला हुआ है।

## लाल सागर, उत्तर-मध्य अरब सागर और अदन की खाड़ी में भारत ने बढ़ाई निगरानी

# समंदर के डकैतों की अब खैर नहीं, नौसेना ने कसी कमर

**AGENCY NEW DELHI :** पिछले कुछ हफ्तों में लाल सागर, अदन की खाड़ी और मध्य-उत्तरी अरब सागर में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग लेन से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों के साथ हुईं घटनाओं को देखते हुए भारतीय नौसेना ने निगरानी बढ़ा दी है। भारतीय नौसेना ने लाल सागर से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा के लिए विभिन्न क्षेत्रों में पांच जहाज तैनात किये हैं। इसके अलावा लंबी दूरी के समुद्री टोही पी-8आई विमानों को नियमित रूप से तैनात किया गया है। लाल सागर में लाइबेरियन फ्लैग केमिकल, ऑयल टैंकर एमवी केम प्लूटो पर 23 दिसंबर को हमला हुआ था, जिसे भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने बचाया। इसके बाद जहाज को आईसीजी के जहाज आईसीजीएस विक्रम की निगरानी में 21 भारतीय और 01 वियतनामी चालक दल के साथ 25 दिसंबर को मुंबई लाया गया। साथ ही क्षेत्र में जागरुकता बनाए रखने के लिए लंबी दूरी के समुद्री टोही पी-8आई विमानों को नियमित रूप से तैनात किया है।

- पांच जहाजों के साथ लंबी दूरी के समुद्री टोही पी-8आई विमान तैनात किए गए
- पश्चिमी नौसेना के समुद्री संचालन केंद्र की है भारतीय ईईजेड के करीब नजर



### तैनात किए अपने युद्धक जहाज

भारतीय नौसेना ने विध्वंसक आईएनएस कोच्चि, कोलकाता, मोरमुगाओ और फ्रिगेट आईएनएस त्रिशूल को लाल सागर के पास तैनात किया है। इसके अलावा किसी भी घटना की स्थिति में व्यापारिक जहाजों को सहायता देने के लिए विध्वंसक और फ्रिगेट वाले कार्य समूहों को तैनात किया गया है। स्वदेशी आईएनएस कोच्चि राडार से बच निकलने के लिए डिजाइन किया गया है और इसमें अत्याधुनिक हथियार लगाए गए हैं। यह अग्रणी सुपरसोनिक तथा जमीन से जमीन तक मार करने वाली ब्रह्मोस मिसाइल से लैस है। आईएनएस कोलकाता भारत में अब तक तैयार किये गए युद्धपोतों में सर्वाधिक ताकतवर माना जाता है। यह भी लंबी दूरी तक भूमि से भूमि तक मार करने वाली ब्रह्मोस मिसाइल से लैस है। मोरमुगाओ भारतीय नौसेना के विशाखापत्तनम श्रेणी के स्टील्थ गाइडेड-मिसाइल विध्वंसक जहाज का दूसरा जहाज है। फ्रिगेट आईएनएस त्रिशूल सतह से हवा में मार करने वाली हथियार प्रणालियों से लैस है। नौसेना ने एक बयान में कहा कि संपूर्ण समुद्री डोमेन जागरुकता के लिए लंबी दूरी के समुद्री गश्ती विमानों और हवाई निगरानी को भी बढ़ाया गया है। ईईजेड की प्रभावी निगरानी के लिए भारतीय नौसेना तटरक्षक बल के साथ निकट समन्वय में काम कर रही है।

## नए साल पर दक्षिण के तीन राज्यों का दौरा करेंगे पीएम

**NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो जनवरी से तमिलनाडु, केरल और लक्षद्वीप का तीन दिवसीय दौरा करेंगे। तमिलनाडु में वे 19,850 करोड़ रुपये और लक्षद्वीप में 1150 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, दो जनवरी को सुबह प्रधानमंत्री तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली पहुंचेंगे। वह तिरुचिरापल्ली के भारतीदासन विश्वविद्यालय के 38वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। दोपहर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री विमानन, रेल, सड़क, तेल, गैस, शिपिंग और उच्चतर शिक्षा क्षेत्र से संबंधित 19,850 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री तिरुचिरापल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे।

## मोदी की मन की बात का 108वां एपिसोड

# फिटनेस के संकल्प से करें नव वर्ष की शुरूआत : PM

**AGENCY NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात के 108वें एपिसोड पर देश को संबोधित किया। मोदी ने कार्यक्रम में मुख्य रूप से फिट इंडिया अभियान पर चर्चा की। उन्होंने चेस ग्रैंडमास्टर विश्वनाथन आनंद, एक्टर अक्षय कुमार और क्रिकेटर हरमनप्रीत कौर से मेंटल और फिजिकल हेल्थ की टिप्स सुनवाईं। पीएम ने 108वें एपिसोड की शुरूआत 108 अंक के महत्व के बारे में बताते हुए की। उन्होंने कहा कि हमारे यहां 108 अंक का महत्व, उसकी पवित्रता एक गहन अध्ययन का विषय है। 108 बार मंत्र जपा जाता है। मंदिरों में 108 सीढ़ियां होती हैं, इसलिए ये एपिसोड मेरे लिए और खास हो गया है। इसके बाद मोदी ने फिट इंडिया, फिजिकल हेल्थ, मेंटल हेल्थ और न्यूट्रीशिन को लेकर लंबी चर्चा की। मोदी ने आखिर में भगवान श्रीराम के भजन को सोशल मीडिया पर शेयर करने की अपील की।



BRIEF NEWS

### मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड मजलिस शूरा की बैठक चार को



**RANCHI :** मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी ने कहा कि मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड की स्थापना को दस साल पूरे हो गये हैं। अपनी स्थापना के पहले दिन से, मजलिस मुसलमानों के राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षिक, सांस्कृतिक और सांप्रदायिक सद्भाव के लिए नियमित सेमिनार, सम्मेलन, बैठकें आयोजित करती रही है। अब जब मजलिस के दस साल पूरे हो गए हैं तो आपसी सलाह-मशविरा और बातचीत के लिए एक अहम बैठक रखी गई है। ताकि आपसी रिश्ते और भाईचारा और अधिक एकीकृत और स्थिर हो सके और भविष्य में मुसलमानों के राजनीतिक और सामाजिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक योजना तैयार की जा सके। इस महत्वपूर्ण और संवेदनशील मुद्दे को सुलझाने के लिए 4 जनवरी 2024 गुरुवार को रहमानिया मुसाफिर खाना, मेन रोड, रांची में बाद नमाज जोहर के बाद एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है।

### डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स में खूंटी के 11 तीरंदाज होंगे शामिल

**KHUNTI :** नोएडा दिल्ली में आयोजित डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के तहत चार से आठ जनवरी तक होनेवाले महिला पुरुष वर्ग के तीरंदाजी स्पर्धा में वीर बिरसा तीरंदाजी अकादमी खूंटी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे डीएवी स्कूल खूंटी के 11 तीरंदाज भाग लेंगे। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए सभी तीरंदाज सोमवार एक जनवरी को रांची से ट्रेन से दिल्ली के लिए रवाना होंगे। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए चयनित तीरंदाजों में अंडर 14 बालिका वर्ग के लिए वर्षा कच्छप, अश्विता पूर्ति, अर्पिता कुमारी और स्निग्धा, अंडर 17 बालिका वर्ग के लिए ऋषिका नाग, स्वीटी बाखला और ईशा कुमारी, अंडर 19 बालिका वर्ग के लिए प्रज्ञा मुंडाइन, अंडर 14 वर्ग के लिए हर्ष कुमार और सिद्धार्थ राम तथा अंडर 17 बालक वर्ग के लिए अपूर्व रवि शामिल हैं। डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के लिए चयनित सभी बच्चों को डीएवी स्कूल के प्राचार्य टीपी झा और शारीरिक शिक्षक मृत्युंजय कुमार सिंह ने शुभकामनाएं दी।

### शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण का आरोप, एसपी से गुहार

**KODERMA :** सदर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक युवती ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। इस बाबत युवती ने सदर थाना में आवेदन देने के बाद पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह से न्याय की गुहार लगाई है। वह अपने परिजनों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची थी। युवती ने बताया कि एक साल पहले उसकी जान पहचान भंडरवा निवासी ट्रेलर चालक मो। शमशेर से हुई थी। इसके बाद धीरे-धीरे दोनों में नजदीकियां बढ़ी और प्रेम प्रसंग चलने लगा।

# बुजुर्ग से 48 हजार लूटकांड का खुलासा, चार अपराधी गिरफ्तार

## एक मारुती, 21350 रुपये नगद, छह मोबाईल व अन्य सामान बरामद

**PHOTON NEWS KODERMA :** कोडरमा बाजार स्थित भारतीय स्टेट बैंक से पैसे निकाल कर जा रहे एक बुजुर्ग व्यक्ति से 48 हजार रुपये की लूट मामले का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। इस संबंध में रविवार को एसपी अनुदीप सिंह ने प्रेसवार्ता बताया कि घटना में शामिल चारों अपराधियों ब्रहमदेव पासवान (68), पंकज राय (36), धर्मेन्द्र कुमार भारती (37) और असलम सिद्दीकी (51) को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनके पास से एक मारुती स्विफ्ट कार, 21350 रुपये नगद, 6 मोबाईल फोन, लूटे गये पैसो से खरीदा गया नया मिक्सर ग्राइन्डर, नया जूता एवं नये कपडे बरामद किये गये हैं।

उन्होंने बताया कि घटना की गम्भीरता को देखते हुए इसके त्वरित उद्भेदन के लिए जिले से बाहर निकलने वाले सभी सम्भावित इलाकों में सघन जांच अभियान चलाये जाने का आदेश दिये गये। साथ ही अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी प्रवीण पुस्कर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर अपराधियों द्वारा घटना में प्रयुक्त वाहन की पहचान की गई, जिसके आधार पर वाहन को उसमें सवार एक संदिग्ध व्यक्ति के साथ बागीटांड चेक पोस्ट के पास पकड़ा गया।

पकड़े गये संदिग्ध से पूछताछ किये जाने पर उसने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए यह बताया कि इस घटना में गिरोह के तीन और अभियुक्त शामिल थे जो अलग-अलग हो कर जिले से बाहर निकलने की फिराक में है। गिरोह के अन्य तीनों अभियुक्तों को भी तिलैया स्टेशन के बाहर खालसा होटल के सामने से गिरफ्तार कर लिया गया।




प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी देते एसपी अनुदीप सिंह। • फोटोन न्यूज

### पेड़ में फांसी लगाकर वृद्ध महिला ने की खुदकुशी

**KHUNTI :** तोरपा थाना क्षेत्र के सुंदारी जामगढ़ा सोसोटोली में महिला ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार मृतका मरियम चंपिया (60) की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। चार साल पहले उसके पति के देहांत के बाद से उसकी मानसिक स्थिति खराब रहने लगी थी। रविवार को दोपहर में जंगल में जाकर अपनी ही साड़ी से फंदा लगाकर उसने खुदकुशी कर ली। इसकी जानकारी झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रूबेन टोपनो को हुई, तो उन्होंने घटनास्थल पहूंच तोरपा पुलिस को अवगत करा दिया। पुलिस ने शव को पोस्टामार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेज दिया।

# ट्रक ने बाइक सवार दंपत्ति को मारी टक्कर, पति घायल, पत्नी की मौत

**PHOTON NEWS DUMKA :** जिले के रानेश्वर प्रखंड के दक्षिणजोल पंचायत के प्रतापपुर गांव के सेविका लक्ष्मी मंडल (55) की रविवार को ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गया है। लक्ष्मी मंडल प्रखंड के धदका गांव की रहने वाली थी।

बताया जाता है कि धदका एवं प्रतापपुर गांव का एक ही आंगनबाडी केंद्र है। उसी में वह सेविका के पद पर कार्यरत थी। वह बेटी की शादी के लिए जेवरात खरीदने के लिए पति पावन गोरई के साथ बाइक में सवार होकर पश्चिम बंगाल के सिउड़ी गयी थी। जेवरात खरीद कर वापस घर लौटने के क्रम में रानेश्वर आमजोड़ा होते हुए पश्चिम बंगाल पथ पर पश्चिम बंगला के रनपुर के समीप ट्रक ने बाइक सवार दंपति को पीछे से ठोकर मार दिया। ठोकर मारते ही महिला पथ पर गिर गयी एवं ट्रक का अगला चक्का महिला के सिर पर चढ़ गया, जिसमें महिला का सिर फट गया और उसकी मौत हो गई। घटना में पति घायल हो गए।



मृत पड़ी महिला व पास बैठा पति। • फोटोन न्यूज

स्थानीय लोगो ने ट्रक चालक को पकड़ पुलिस को सौंप दिया है। महिला को सिउड़ी के सदर अस्पताल ले कर गया। जहां के डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है। परिजनों ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम कराकर कर घर लाया जा रहा है। महिला के पति पति को सिउड़ी के सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है।

### युवक ने फंदे से झूलकर की आत्महत्या

**KHUNTI :** शहर की डहुगुटू बस्ती निवासी परिबल महतो का पुत्र विजय महतो (20) ने रविवार को अहले सुबह अपने घर में फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली। स्वजनों के अनुसार परिबल ने जब इस घटना को अंजाम दिया, उस समय घर के अन्य सदस्य काम के लिए खलियान की ओर गए हुए थे। खलियान से वापस लौटने पर स्वजनों ने जब फंदे से झूलते विजय को देखा तो तुरंत उसे फंदे से नीचे उतारा गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बाद में इसकी सूचना खूंटी थाना की पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही खूंटी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे स्वजनों को सौंप दिया। स्वजनों के अनुसार मृतक विगत कई वर्षों से शराब, गांजा, भांग आदि नशीले पदार्थों का सेवन करता था। लगातार नशा का सेवन करने से वह नशे का आदी हो गया था।

# धनबाद में डहरे टुसु परब का किया आयोजन, निकाली गई शोभा यात्रा

**PHOTON NEWS DHANBAD :** वृहद झारखंड कला संस्कृति मंच के तत्वावधान में रविवार को डहरे टुसु परब का आयोजन किया गया। दुर्गा मंडप थान सरायढेला से 50 से अधिक टुसु के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में महिलाएं, बच्चे, युवतियां, यहां तक की किन्नर भी टुसु गीत पर नृत्य करते नजर आए।

डहरे टुसु परब पर निकली शोभायात्रा दुर्गा मंडप सरायढेला से निकल कर पीके राय कॉलेज, आईआईटी आइएसएम, पुलिस लाइन, डीजीएमएस होते हुए रणधीर वर्मा चौक पहुंची। शोभायात्रा के का नेतृत्व कर रहे गणपत महतो और स्थानीय मुखिया रिंकू महतो ने कहा कि शोभायात्रा अनुशासित, यादगार, आनंदमय बनाने के लिए झारखंड मूल वासियों को अपने आदि कुड़माली संस्कृति को दुनिया के सामने रखने और अपनी संस्कृति पर गौरवान्वित होने के लिए आयोजित की गई है।

यह शोभायात्रा सुबह सरायढेला मंडप थान से धनबाद कोर्ट की ओर सभी लोग क्रमबद्ध रवाना हुए। सबसे आगे टुसु चौडल, फिर महिला टीम, ढोल नगाड़ा बाजा के साथ पुरुष दल, मेडिकल टीम शामिल थी। वालेंटियर शोभायात्रा के दोनों ओर कतार बना कर चल रहे थे। पूरे रास्ते सभी लोग परंपरागत टुसु गीत गाते नाचते बजाते रहे। निर्धारित रूट का भ्रमण कर सभी रणधीर वर्मा चौक पहुंचे। शोभायात्रा में महिलाएं, युवतियां और युवक टुसु गीत पर नृत्य करते नजर आए। पुरुष ढोल मांदर नगाड़ा लेकर नृत्य कर रहे थे।




शोभा यात्रा में शामिल लोग। • फोटोन न्यूज

# जयपुर और तपकरा की घटना पर मौन क्यों हैं कांग्रेस व झामुमो के नेता : एनोस एक्का

## जयपुर जाकर पीड़िता के परिजनों से पूर्व मंत्री ने की मुलाकात

**PHOTON NEWS KHUNTI :** मणिपुर की घटना पर झारखंड में राजनीति करनेवाले नेता खूंटी की दो आदिवासी युवतियों से दुष्कर्म की और एक युवती की नृशंस हत्या के संबंध में राज्य सरकार मौन क्यों है? इस मुद्दे पर झामुमो और कांग्रेस के नेता चुपी क्यों साधे हैं। खुद को आदिवासियों की हितैषी कहने वाली राज्य की हमंत सरकार गूंगी-बहरी हो गई है। ये बातें राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री और झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने कही।

एनोस एक्का पीडिता के परिजनों से मिलने रविवार को रनिया प्रखंड के जयपुर गांव पहुंचे थे। वहीं पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए एक्का ने कहा कि राज्य के नेता और मंत्री इस मामले पर क्यों कुछ नहीं बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मणिपुर में क्रिस्चन युवती पर अत्याचार हुआ या नहीं, इसे किसने देखा है। फिर भी खूंटी जिले में पैदल चल कर रैली और मानव श्रृंखला बनाकर घटना के लिए हाय तौबा मचाया गया, लेकिन जब जयपुर गांव में इतनी बड़ी घटना हुई है, तो कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रहा है। आदिवासी समुदाय कोई भेड़-बकरी नहीं है, जिसे कोई भी मार देंगा। उन्होंने स्थानीय नेताओं को लताड़ लगाते हुए कहा कि त्योहार के दिन इतनी बड़ी घटना होती है और बड़ी-बड़ी बात करने, बहस करने वाले नेता इस पर कोई बयान तक देने से भी परहेज कर रहे हैं, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा, कांग्रेस और झामुमो तीनों पर धर्म की राजनीति करने का आरोप एनोस एक्का ने लगाया।

उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को गृह सचिव अविनाश कुमार तक ले जाएंगे और दोनों घटनाओं की उच्च स्तरीय जांच करायेगें। उन्होंने कहा कि अपने स्तर पर वकील रख कर अभियुक्तों का कड़ी सजा दिलाएंगे। उन्होंने क्रिसमस के दिन घटी घटना पर पीड़ित परिवार पर जातिगत दबाव बनाने का भी अंदेशा व्यक्त किया।



पीड़िता के परिजनों से मुलाकात करते एनोस एक्का। • फोटोन न्यूज

# नये उत्साह के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए अग्रसर रहे विद्यार्थी : सकलदीप



श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर के विद्यार्थी। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS KHUNTI :** मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में विद्यार्थियों ने आनेवाले नए वर्ष को संकल्प दिवस के रूप में मनाने की शपथ ली। इसको लेकर रविवार को संस्थान में आयोजित एक कार्यक्रम में संस्थान के शिक्षक सह निदेशक सकलदीप भगत ने विद्यार्थियों को उनके संकल्पों से संबंधित शपथ दिलायी। विद्यार्थियों ने नये वर्ष में असत्य वचन नहीं बोलने, बड़ों का सम्मान करने, उद्देश्य की प्राप्ति तक अथक प्रयास करने तथा स्वच्छता और अनुशासन का पालन करने का संकल्प लिया।

मौके पर शिक्षक सकलदीप भगत ने कहा कि बुरी आदतों से विद्यार्थी खुद को जरूर बचाएं। नये साल में किसी कार्य को कल के भरोसे नहीं छोड़ें। नव वर्ष पर नये उत्साह औश्रं नयी उम्मीदों के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करें। उन्होंने विद्यार्थियों से देश-दुनिया की खबरों से अपडेट रहने के लिए प्रतिदिन अखबार पढ़ने की सलाह दी।

# श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत गोड्डा में अक्षत किया गया वितरण

**PHOTON NEWS GODDA :** जिले के बोआरीजोर प्रखंड के सभी पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों के साथ रविवार को श्रीराम जन्मभूमि में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को भव्य बनाने को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अयोध्या से आयी हुई अक्षत, पत्रक, चित्र आदि को जिले के प्रखंडों, सभी पंचायतों में गांव-गांव पहुंचाने का आह्वान किया गया।

लोगों को प्राण प्रतिष्ठा के दिन 11 बजे से एक बजे तक मंदिरों में राम दरबार वाली तस्वीर को रखकर भजन-कीर्तन आदि करने का भी आह्वान किया गया। प्रसाद स्वरूप भोग लगाकर ग्रामीणों में बांटने को को कहा गया। साथ ही शाम के समय मंदिरों को दीपक से सजाने, घर पर भी कम से कम घी के पांच दीपक जलाने की बात कही गई। विश्व हिन्दू परिषद के गोड्डा जिला मंत्री विवेक राज भगत ने कार्यक्रम की चर्चा की एवं अयोध्या से आयी हुई कलश, अक्षत, चित्र के साथ आमंत्रण भी सभी को वितरित किया गया।

इस कार्यक्रम में विहिप के जिला धर्म प्रसार प्रमुख रॉबिन दे, जिला सुरक्षा प्रमुख शशि ठाकुर, चंदन यादव, रंजीत गुप्ता मनोज कुमार, बजरंग दल से कृष्णा लोहार, रवि कुमार, बिनोद ईशर, संघ परिवार से अमरनाथ, अनिल साह पंचायत समिति सदस्यों में कंचन, अंजलि, बिनोद कुमार, हेमलाल मिर्धा सहित सभी पंचायत समिति के सदस्य उपस्थित थे।



बैठक में शामिल लोग। • फोटोन न्यूज

# लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला बर्दाश्त नहीं : नायक

## HC के सेवानिवृत न्यायाधीशों से जांच की मांग

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची के वरिष्ठ पत्रकार पर होटवार बिरसा केंद्रीय कारा जेल से अपराधियों द्वारा धमकी दिये जाने पर रविवार को भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड-छत्तीसगढ़ प्रभारी विजय शंकर नायक ने अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है। नायक ने कहा है कि सरकार को जेल से अपराधी समानांतर सरकार चल रहा रहे हैं। सरकार अपराधियों पर नाकाम लगाने में विफल रही। व्यवसायी व जनता तो परेशान है ही अब लोकतंत्र के चौथा स्तंभ पर भी हमला किया जा रहा है। यह बर्दाश्त के काबिल नहीं है। नायक ने कहा कि अब जेल के अपराधियों पर भी लगाम नहीं लगना बहुत गंभीर मामला है। झारखंड में अब कोई सुरक्षित नहीं है और यहां की विधि व्यवस्था फेल कर चुकी है, यह इस बात का संकेत है। नायक ने सरकार से इस पूरे प्रकरण की जांच झारखंड हाईकोर्ट के सेवानिवृत न्यायाधीशों से कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि दोषी अधिकारी कर्मचारी को बक्सा नहीं जाना चाहिए और जेल से समांतर अपराधियों के द्वारा चलाए जा रहे सिंडिकेट को समाप्त किया जाना चाहिए। इसके लिए सरकार को जो भी करना पड़े वह करें। ताकि जनता भय मुक्त होकर अपना जीवन जी सके।



विजय शंकर नायक।

# वर्ष के अंतिम दिन खूंटी के पर्यटन स्थलों पर उमड़ी सैलानियों की भीड़



**PHOTON NEWS KHUNTI :** वर्ष 2023 के अंतिम दिन रविवार को खूंटी जिले के पर्यटन स्थलों पर सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जिले के प्रसिद्ध पेरवांघाघ जल प्रपात, पंचघाघ जल प्रपात, रानी फॉल, उलूंग जल प्रपात, पाड़ूपुड़िंग जल प्रपात, सप्तधारा, प्रेम घाघ, चंचला घाघ, लतरातू डैम, रिमिक्स फॉल, लटरजंग डैम सहित तमाम पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों ने साल के अंतिम दिन परिवार और मित्रों के साथ खूब मस्ती की। पेरवांघाघ, पंचघाघ, पांडूपुड़िंग जैसी जगहों पर तो भीड़ इस कदर उमड़ पड़ी कि लोगों को अपने वाहनों को पार्क करने में अच्छी खासी परेशानी हुई।

वैसे तो खूंटी जिले के जल प्रपात और यहां की प्राकृति छटा शुरू से ही सैलानियों की पहली पसंद रही है। सालों भर लोगों का इन प्रर्यटन स्थलों पर आना-जान रहता है, लेकिन नंवबर से फरवरी महीने तक इनकी संख्या में काफी इजाफा हो जाता है।

**नव वर्ष के पहले दिन उमड़ेगा सैलानियों का सैलाब :** अंग्रेजी नव वर्ष के पहले दिन सोमवार को खूंटी जिले के पर्यटन स्थलों पर भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। इसको देखते हुए प्रशासन ने भी सैलानियों की सुविधा और उनकी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये हैं। सभी पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा बलों की तैनाती कर दी गई है।

## नववर्ष पर कोडरमा जिले में लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे वहां के दर्शनीय स्थल

# हजारों सैलानियों के जुटने की उम्मीद, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**PHOTON NEWS KODERMA :** नए साल पर कोडरमा जिले के मनोरम स्थलों पर सैलानी जुटेंगे तो वहीं स्थानीय लोग भी पिकनिक मनाने पहुंचेंगे। कोडरमा के तिलैया डैम को झारखंड ध्वजाधारी पहाड़, झुमरीतिलैया का झरना कुंड, दोमुहानी धाम और मरकच्चो का पंचखेरो डैम, सतगावां का पेट्रो जलप्रपात और तिलैया से सटा वृन्दाहा जल प्रपात, कई ऐसी जगहें हैं जहां का दृश्य लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। इनमें तिलैया डैम में सबसे अधिक भीड़ जुटती है।

झुमरीतिलैया स्थित झरना कुंड धाम जहां लोग बाबा भोले के शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। साथ ही इन इलाकों में प्राकृतिक वादियों के बीच लोग पिकनिक का आनंद भी लेते हैं। चंदवारा प्रखंड में दो नदियों के संगम स्थल पर स्थित दोमुहानी धाम को पर्यटन स्थल का दर्जा मिला है। यहां सालों भर शिव भक्तों का आना जाना लगा रहता है।

कोडरमा और गिरिडीह के 80 गांव में सिंचाई की सुविधा बहाल करने के मद्देनजर तैयार की गई पंचखेरो जलाशय इन दिनों लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। डैम के पानी और उसके आसपास लोग नए साल के स्वागत का जश्न हो या खुशी का कोई और मौका लोग यहां बड़ी संख्या में पिकनिक मनाने आते हैं। सतगावां का पेट्रो भी लोगों को खूब लुभाता है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने लोगों को नए साल की बधाई देते हुए कहा कि लोग जश्न मनाएं पर सुरक्षित तरीके से और अच्छे वातावरण में मनाएं।



### पिकनिक स्पॉट पर की गयी है पूरी व्यवस्था

कोडरमा जिले के पिकनिक स्पॉट पर कोडरमा पुलिस की पैनी नजर है। साथ ही हुड़दंगियों पर नकेल कसने के लिए भी कोडरमा पुलिस ने विशेष तैयारी कर रखी है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से कोडरमा पुलिस द्वारा विशेष तैयारी की गई है। पिकनिक स्पॉट पर सैलानियों की सुविधा के लिए कोडरमा पुलिस के द्वारा पुलिस हेल्प डेस्क बनाया गया है जबकि पिकनिक स्पॉट पर पार्किंग के लिए अलग इंतजाम किए गए हैं ताकि पर्यटक स्थल पर लगने वाले जाम की समस्या से भी निपटा जा सके और पर्यटक स्थल पर पहुंचे लोगों को घूमने फिरने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो।

### देवघर मंदिर में नव वर्ष पर उमड़ने वाली भीड़ को लेकर पुलिस का रहेगा विशेष पहरा

**DEOGHAR :** नये साल 2024 के अवसर पर बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ पर्यटक स्थलों पर भ्रमण के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु सहित पर्यटक देवघर पहुंचेंगे। इसे देखते हुए पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। इस संबंध में डीसी-एसपी द्वारा संयुक्त आदेश जारी कर दिया गया है। नये साल के आगमन को लेकर काफी संख्या में पर्यटक व स्थानीय लोग 31 दिसंबर की रात को जश्न मनायेंगे। वहीं, एक जनवरी को पर्यटक स्थलों और पिकनिक स्पॉट तपोवन, नंदन पहाड़, पुनासी, त्रिकुट, चिल्ड्रेन पार्क आदि जगहों पर जुटेंगे। इन स्थानों पर उपद्रवियों व हुड़दंगियों पर विशेष नजर रहेगी। सुरक्षा में दो बाइक दस्ता व पांच क्यूआरटी को भी शामिल किया गया है। इसके अलावा यातायात में भी पदाधिकारी और पुलिसकर्मियों को ड्यूटी पर लगाया गया है। यातायात के वरीय प्रभार में सीसीआर डीएसपी आलोक रंजन व सहयोग में यातायात थाना प्रभारी आतिश कुमार रहेंगे। बाबा मंदिर के संपूर्ण प्रभार में मधुपुर एसडीपीओ विनोद रवानी, रूट लाइन के संपूर्ण प्रभार में मुख्यालय डीएसपी मंगल सिंह जामुदा रहेंगे। इस दौरान बाहरी वाहनों के प्रवेश से शहरी क्षेत्र में जाम की समस्या हो सकती है। शहर में सुचारू यातायात व्यवस्था को लेकर यातायात विभाग ने तैयारी कर ली है। इसके लिए बाबा मंदिर व आसपास क्षेत्र में 18 नो-इंट्री जोन बनाये गये हैं।



BRIEF NEWS

## सभी जिलों के खेल संघों का रजिस्ट्रेशन कराने की तैयारी

**RANCHI :** राज्य सरकार सभी जिलों में कार्यरत खेल संघों के रजिस्ट्रेशन की तैयारी में जुट गई है। इसके लिए सभी जिलों के जिला खेल पदाधिकारी के स्तर से निर्देश भी जारी किया जा रहा है। डीएसओ के माध्यम से जिलों के खेल संघों, उनके अध्यक्ष, सचिव से कहा जा रहा है कि उनका पंजीकरण जोहार खिलाड़ी पोर्टल पर किया जाना है। खिलाड़ी पोर्टल पर निबंधन के संबंध में खेलकूद निदेशालय के स्तर से निर्देश दिया गया है। इस क्रम में खेल संघ जरूरी सूचनाएं (खेल संघ का नाम, ई- मेल आइडी, मोबाइल नंबर वगैरह) जिला खेल पदाधिकारी कार्यालय में चार जनवरी तक उपलब्ध कराएं। खेल निदेशालय यह उम्मीद जता रहा है कि जिलों में किस किस खेल के लिए कौन से संघ कार्यरत हैं। झारखंड ओलंपिक संघ या किसी अन्य से उन्हें मान्यता है कि नहीं। इस आधार पर संघों से खेल गतिविधियों को और बढ़ावा देने में मदद ली जाएगी।

## आज से हड़ताल पर रहेंगे पीडीएस दुकानदार

**RANCHI :** कमीशन बढ़ाने की मुख्यमंत्री की घोषणा के बावजूद राज्यभर के पीडीएस डीलर एक जनवरी से हड़ताल पर जाने को अडिग हैं। फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन रांची के अध्यक्ष ज्ञानदेव झा ने रविवार को बताया कि ठोस कार्रवाई के बाद ही हड़ताल खत्म होगी। उनकी मुख्य मांगों में कमीशन राशि प्रति किलो एक रुपए से बढ़ाकर तीन रुपए करने, अनुकंपा पर पीडीएस दुकान देने, पीएम गरीब कल्याण योजना के तहत बांटे गए 13 माह के राशन का "कमीशन देने की मांग शामिल हैं।

## कांग्रेस के झारखंड प्रभारी कल आयेंगे रांची

**RANCHI :** कांग्रेस के महासचिव और झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर अपने दो दिवसीय दौरे पर दो जनवरी को रांची पहुंचेंगे। एयरपोर्ट पर कांग्रेस नेता उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद मोरहाबादी स्थित संगम गार्डेन में झारखंड प्रभारी का अभिनंदन समारोह का कार्यक्रम होगा। फिर झारखंड प्रभारी जिलाध्यक्षों एवं जिला प्रभारियों के साथ कांग्रेस भवन में बैठक करेंगे। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस के संगठन महासचिव अमूल्य नीरज खलखो ने बताया कि झारखंड प्रभारी तीन जनवरी को कांग्रेस भवन में कांग्रेस विधायक दल की बैठक में भाग लेंगे।

## पीड़ित पति ने एसएसपी से लगाई न्याय की गुहार

**RANCHI :** पत्नी से पीड़ित पति ने रांची एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है। चुटिया थाना क्षेत्र निवासी दीपक सिंह ने रांची सीनियर एसपी को आवेदन देकर कहा है कि उनके तीन सालों (पत्नी की भाई) ने उसकी संपत्ति हड़पने के लिए पत्नी के इशारे पर जमकर पीटा है। पिटाई से गंभीर रूप से घायल हुए दीपक सिंह के आंख से खून निकल रहा था। पीड़ित ने सीनियर एसपी को दिए आवेदन में कहा है कि चुटिया थाना ने मेडिकल रिपोर्ट और आवेदन देने के बाद उसके आवेदन पर कार्रवाई नहीं किया,उल्टा डांट कर भगा दिया। सीनियर एसपी से दीपक सिंह ने यह कहते हुए न्याय की गुहार लगाई है कि अब तक समाज और कानून पति पीड़ित पत्नी को न्याय देती आयी है। अब पत्नी पीड़ित पति को न्याय दिया जाए। इसके साथ ही उसने थाना में दिए आवेदन, मेडिकल रिपोर्ट और अपने घायल होने का फोटो भी सीनियर एसपी को दिया है।





atom美
ATOMY
INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776


# आस्था के आंगन में नव वर्ष की रहेगी धूम

## नए साल पर पहाड़ी मंदिर में विशेष व्यवस्था, तीसरी आंख की होगी सभी पर नजर

**CRIME REPORTER RANCHI :** नया साल 2024 दस्तक देने ही वाला है और इसके शानदार स्वागत के लिए हर तरफ धूम मची हुई है। नए साल की खुमारी में डूबे लोगों का पर्यटक स्थलों पर जाना शुरू हो चुका है। नया साल शुरू होने में अब बस कुछ ही घंटे बचे हैं। वर्ष 2023 को अलविदा कह, नई उम्मीदों के साथ नए साल का स्वागत करने के लिए सभी लोग बेहद उत्साहित हैं। अधिकांश लोग चाहते हैं कि नए साल की शुरूआत भगवान के आशीर्वाद से हो। अहले सुबह से ही रांची के ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर में बाबा भोलेनाथ की पूजा के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ना शुरू हो जाती है। इस बार पहाड़ी मंदिर में नववर्ष पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गये हैं। बाबा के भक्तों को दर्शन करने में कोई दिक्कत ना हो इसके लिए पहाड़ी मंदिर विकास समिति ने सुविधाओं को बढ़ाया है।

**गुरुद्वारों में भी लोग टेकेंगे मत्था :** नए साल पर रांची के सभी गुरुद्वारों में भी सिख समुदाय के लोग मत्था टेककर नए साल की शुरूआत करेंगे। मेन रोड गुरुद्वारा, स्टेशन रोड, कडरू रोड, रातू रोड, पिस्का मोड़ गुरुद्वारा में भी चलह-पहल रहेगी।



### वेंकटेश मंदिर को भी सजाया गया

रातू रोड में झारखंड के इकलौते वेंकटेश मंदिर को सजाया गया है। यहां सुबह पांच बजे से भगवान के दर्शन के लिए मंदिर के पट खुल जाएंगे। यहां लाइटों से मंदिर को सजाया गया है। रातू रोड में काली, दुर्गा, शनि मंदिरों में भी भीड़ रहेगी। वहीं, चुटिया के प्राचीन श्रीराम मंदिर, सर्जना चौक स्थित श्रीराम मंदिर, तपोवन मंदिर, माता आनंदमयी आश्रम, डोरंडा काली मंदिर, मेन रोड काली मंदिर, संकटमोचन मंदिर में भी सुबह से ही भीड़ देखने को मिलेगी। श्री श्याम मंदिर में एक जनवरी सोमवार 2024 कृष्ण पक्ष पंचमी के अवसर पर खाटू नरेश सहित सभी देवी देवताओं व गुरुजनों का दिव्य विशेष श्रृंगार किया जाएगा।

### सुरक्षा के ये हैं इंतजाम

- पहाड़ी मंदिर सभी रास्तों पर 47 सीसीटीवी अब तक लगाए जा चुके हैं। बाकी की सीसीटीवी जरूरत पड़ने पर लगाए जाएंगे।
- नए साल पर पहाड़ी मंदिर आने वाले भक्त अच्छी तरफ से बाबा को जल अर्पित कर सकें, इसके लिए अरघा की व्यवस्था की जाएगी। पहाड़ी मंदिर को खूबसूरत लाइटों से सजाया जाएगा।
- एक जनवरी को भक्तों की भीड़ देखते हुए पहाड़ी मंदिर मुख्य द्वार के दाई ओर से रास्ता होगा। भीड़ को देखते हुए जगह जगह बैरिकेडिंग की जाएगी।
- नववर्ष में बड़ी संख्या में पुलिस बल पहाड़ी मंदिर में तैनात किए जाएंगे। मजिस्ट्रेट की भी प्रतिनियुक्ति की जाएगी।
- पहाड़ी मंदिर के पास मेडिकल की टीम भी तैनात रहेगी।

# नए साल पर हुड़दंगियों से सख्ती से निपटने के निर्देश, प्रशासन अलर्ट

## शराब पीकर ड्राइविंग की तो हागी कार्रवाई, रद्द होगा लाइसेंस

**CRIME REPORTER RANCHI :** नए साल को लेकर जहां लोग जश्न की तैयारी में जुटे हैं, वहीं पुलिस भी सुरक्षा को लेकर पूरी तरह से अलर्ट है। मुख्यालय की तरफ से सभी जिलों को जरूरी गाइडलाइन जारी किए गए हैं। झारखंड पुलिस मुख्यालय की तरफ से सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को यह निर्देश दिया गया है कि वह अपने-अपने जिले की सभी पिकनिक स्पॉट के अलावा शहर के रेस्टोरेंट और होटलों में सुरक्षा को लेकर विशेष रूप से अलर्ट रहें। इस संबंध में झारखंड पुलिस के प्रवक्ता सह आईजी अभियान अमोल वी होमकर ने बताया कि नए साल के जश्न में किसी भी तरह की बाधा ना आए इसके लिए पुलिस ने अपनी पूरी तैयारी की है। उन्होंने बताया कि नए साल के मद्देनजर राज्य के पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा के इंतजाम किए हैं। सभी पार्कों, डैम, पर्यटन स्थलों के इर्द-गिर्द स्टैटिक फोर्स की प्रतिनियुक्ति की गई है। मजिस्ट्रेट भी सुरक्षा में तैनात किए गए हैं। साथ ही न्यू ईयर पार्टियों पर भी ध्यान रखने को कहा गया है। इसके अलावा शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। रांची समेत राज्य के अन्य जिलों में पुलिस के द्वारा रात में स्पेशल ड्राइव चलाकर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। रांची में ट्रैफिक और दूसरे जिलों में भी इसके लिए ब्रेथ एनालाइजर का इस्तेमाल किया जा रहा है। शराबी पीकर ड्राइविंग करते पकड़े जाने पर लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी। 31 दिसंबर की शाम से जनवरी के पहले हफ्ते तक यह अभियान चलेगा।

### 500 लाठी बल संभालेंगे विधि-व्यवस्था

नव वर्ष 2024 के अवसर पर विभिन्न डैमों, नदी, जलाशयों एवं पर्यटन स्थलों पर पिकनिक मनाने के लिए अत्यधिक संख्या में लोगों के एकत्रित होने की संभावना है। जिसको लेकर लोक परिशांति, सुरक्षा व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी प्रमुख स्थलों पर अधिकारियों के साथ 500 लाठी बाली प्रतिनियुक्त किए गए है। जारी पत्र में लिखा है पिकनिक मनाने क्रम में बिना लाइफ जैकेट के नदी, डैमों और जलाशयों में बोटिंग एवं तैराकी/ जल क्रीड़ा विभिन्न लोगों के द्वारा किया जाता हैं, सुरक्षा के मानक नहींअपनाकर तैराकी, बोटिंग, गहरे पानी में तैरने से किसी संभावित दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है। यह भी देखा गया है कि खतरनाक स्थलों से लोग जलाशयों में उतरने का प्रयास करते हैं। उक्त के क्रम में भी दुर्घटना घट सकती है। नवयुवकों के द्वारा रेस ड्राइविंग की जाती है। इससे सड़क दुर्घटना हो सकती है असामाजिक तत्वों के द्वारा भी मौके का फायदा उठाकर दुर्घटना की जा सकती है। इसलिए किसी भी प्रकार की दुर्घटना न हो एवं विधि व्यवस्था/लोक परिशांति बनी रहे।

# राजधानी समेत 16 जिलों में छाया रहेगा घना कोहरा, कल से बारिश की संभावना

**PHOTON NEWS RANCHI :** राजधानी रांची समेत आसपास के जिलों में मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर को दिनभर जहां बादल छाया रहा वहीं मौसम शुष्क रहा। राजधानी व आसपास के जिलों में मौसम शुष्क बना रहा। साथ ही 1 जनवरी को रांची, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, गुमला व खूंटी, पश्चिमी हिस्से यानी पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार और लोहरदगा के अलावे दक्षिणी हिस्से यानी पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां में घना कोहरा छाया रहेगा। इसे लेकर मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं इन जिलों में 2 से 6 जनवरी तक कहीं कहीं हल्की व मध्यम दर्जे की वर्षा होने की भी संभावना है। वर्षा के बाद पूरे राज्य का तापमान एक बार फिर गिरेगा और कनकनी बढ़ेगी। साथ ही यह भी कहा गया कि अगले दो दिनों के दौरान राजधानी व पूरे राज्य के न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। वरीय विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि 2 जनवरी के बाद मौसम बदलेगा और आंशिक बादल छाए रहेंगे।

### मैकलुस्कीगंज में ठंड ने बरपाया कहर

वर्ष के अंतिम दिन कोहरे व सर्द हवाओं के कारण मैकलुस्कीगंज में ठंड ने कहर बरपाया। पिछले चार दिनों से लगातार हो रहे कोहरे ने लोगों की परेशानियां बढ़ा दी है। सुबह पांच बजे घने कोहरे ने मैकलुस्कीगंज को अपने आगोश में लेना शुरू कर दिया है जो कि सुबह दस बजे तक छाया रहता है। कोहरे ने सड़क और रेल यातायात को प्रभावित किया है। सड़क पर गुजरने वाले वाहनों की रफ्तार धीमी रही व दिन में ही हेडलाइट आन कर गुजरता देखा गया। वहीं कोहरे का असर रेल यातायात को भी प्रभावित किया मालवाहक व यात्री ट्रेनें पटरियों पर रेंगती दिखाई दी। सर्द हवाओं के कारण मैकलुस्कीगंज का न्यूनतम तापमान में भी गिरावट दर्ज किया गया।

# बूथों पर उपलब्ध जरूरी न्यूनतम सुविधाओं का होगा सोशल ऑडिट, मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के निर्देश और पहल पर लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर राज्य के सभी मतदान केन्द्रों पर जरूरी न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की कवायद शुरू कर दी गयी है। दरअसल वर्तमान में झारखंड के मतदान केंद्रों में जरूरी न्यूनतम सुविधाओं की स्थिति क्या है, इसे लेकर सोशल ऑडिट स्टेट यूनिट की मदद से थर्ड पार्टी सोशल ऑडिट (सामाजिक अंकेक्षण) कराए जाने का निर्णय लिया गया है। देश में संभवतः यह पहला अवसर है जब निर्वाचन विषयों को लेकर स्वतंत्र सामाजिक अंकेक्षण करवाया जा रहा हो। सामाजिक अंकेक्षण का कार्य फरवरी 2024 में पूरा हो जाएगा। इसके बाद कमियों को एक महीने के अंदर पूरा कर लिए जाने की योजना है।



एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी।

**बूथों पर सुविधाएं की जाएंगी दुरुस्त :** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग का हमेशा से निर्देश रहा है कि मतदान के दिन मतदान केंद्रों पर न केवल सभी जरूरी न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध हों बल्कि इन सभी केंद्रों पर त्योहार जैसा माहौल हो। इसलिए निष्पक्ष सामाजिक अंकेक्षण करवाने का निर्णय लिया गया है ताकि मतदान केंद्रों की वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट मिल सके। रिपोर्ट के आधार पर यदि कोई अंतराल पाया गया तो बूथों पर आवश्यक सुविधाओं को ससमय दुरुस्त और बेहतर किया जाएगा। रांची के धुर्वा स्थित निर्वाचन कार्यालय के सभागार में राज्य सोशल ऑडिट यूनिट के सर्वेक्षकों का एकदिवसीय प्रशिक्षण करवाया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य था कि अंकेक्षण करने जिलों में जा रहे इन सर्वेक्षकों को निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान केंद्रों पर अपेक्षित न्यूनतम जरूरी सुविधाओं तथा इससे जुड़े प्रावधानों की जानकारी मिल सके।

## सन्नी और मुस्कान को मिनी मिक्स्ड डबल्स में तीसरा स्थान

**RANCHI :** केरल में 25वीं मिनी अंडर-14 आयु वर्ग बालक-बालिका एवं 25वीं यूथ अंडर-21 आयु वर्ग बालक-बालिका राष्ट्रीय टेनिस वॉलीबाल प्रतियोगिता संपन्न हो गयी। केरल टेनिस वॉलीबाल संघ की ओर से टेनिस वॉलीबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता में झारखंड टेनिस वॉलीबाल टीम मिनी अंडर-14 आयु वर्ग में बालक और मिनी मिक्स्ड डबल्स में शामिल हुई थी। यूथ अंडर 21 आयु वर्ग में बालक-बालिका और मिक्स्ड डबल्स में भी भाग लिया था। इसमें मिनी मिक्स्ड डबल्स में सन्नी राज एवं मुस्कान कुमारी की जोड़ी ने ओडिशा को पराजित कर कांस्य पदक पर कब्जा किया। कांस्य पदक प्राप्त करने पर झारखंड राज्य टेनिस वॉलीबाल संघ के महासचिव ब्रजेश गुप्ता एवं खिलाड़ियों के अभिभावक ने शुभकामनाएं दी हैं।

# हिट एंड रन कानून में सजा का कड़ा प्रावधान, ट्रक चालक छोड़ रहे ड्राइवरी

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड ट्रक मालिक संघ ने भारतीय न्याय संहिता में हिट एंड रन कानून में बदलाव के विरोध में रविवार को इटकी रोड स्थित कार्यालय में बै ठक की। संघ के प्रदेश अध्यक्ष लालन श्रीवास्तव ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा भारतीय न्याय संहिता 2023 के अंतर्गत 10 वर्ष की कैद और 500000 जुमार्ना के प्रावधान से ड्राइवर और वाहन मालिकों के बीच भय और आराजकता की स्थिति उत्पन्न हो गई है । वाहन चालकों द्वारा ट्रैकों की चाबियां गाड़ियों के कागजात मलिक को सौंपा जा रहा है स्थिति काफी खराब हो गई है चालकों के बिना ट्रांसपोर्ट व्यवसाय व ठप हो जाएगा, लाखो लोग बेरोजगार हो जायेंगे। बैठक में संघ के सचिव उदय सिंह ने कहा कि परिवहन उद्योग और चालक देश की अर्थव्यवस्था के पहिए में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं नए भारतीय न्याय संहिता के तहत थोपा गया कानून न केवल चालकों बल्कि ट्रांसपोर्ट व्यवसाय पर भी भारी बोझ डाल रहा है इससे व्यापार और संपूर्ण आपूर्ति श्रृंखला खतरे में चली गई है जिसके कारण उपभोक्ताओं के लिए गंभीर परिणाम आने वाले समय में उत्पन्न होंगे। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के द्वारा हिट एंड रन के मामले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी जी को ज्ञापन उत्सव पर चिंता से अवगत कराया है ।

## रोज कमाने-खाने वाले परेशान : चैंबर

**RANCHI :** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने मुख्यमंत्री को पत्राचार किया। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि राजधानी को जाम मुक्त बनाने की दिशा में युद्धस्तर पर निमार्णाधीन सिरमटोली-मेकॉन एलिवेटेड कॉरीडोर, कांटाटोली फ्लाईओवर, रातू रोड एलिवेटेड कॉरीडोर समेत कई परियोजनाएं अब मूर्तरूप लेने लगी हैं। जिससे नये वर्ष में लोगों में बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर आस बढ़ी है। पत्र के माध्यम से उन्होंने कहा कि जहां भी फ्लाईओवर का निर्माण कार्य हो रहा है, ऐसी कई जगहों पर यह देखा जा रहा है कि मात्र एक छोटी गाड़ी जा सके अथवा आ सके, इतना ही जगह छोड़ी जा रही है। निर्माण कार्य के दौरान सड़क पर जो पार्टीशन किया गया है, वह चार से छह माह से छोड़ा हुआ है, इससे उस पार्टीशन के बीच में पड़नेवाली छोटी-बड़ी दुकानें एवं रोजमर्रा खाद्यान्न बेंचने वाली दुकानें साथ में होटल, रेस्तरां संचालकों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

# भारतीय मजदूर संघ के अधिवेशन में श्रमिक नेता बोले, ₹693 की जाए न्यूनतम मजदूरी



भारतीय मजदूर संघ के दो दिवसीय अधिवेशन पूर्व मेयर आशा लकड़ा व अन्य।

**PHOTON NEWS RANCHI :** भारतीय मजदूर संघ के दो दिवसीय अधिवेशन का रविवार को रांची में समापन हो गया। अधिवेशन में श्रमिक नेताओं ने कहा कि श्रमिकों के साथ ही औद्योगिक संस्थानों व देश के हितों की रक्षा होनी चाहिए। सीबीओओ के महामंत्री नवीन कुमार सिंह ने कहा कि मजदूर-श्रमिक क्षेत्र के लोगों की अगर कोई सही नुमाइंदगी करता है तो वो भारतीय मजदूर संघ है। उन्होंने कहा कि देश के श्रमिकों के साथ दूसरे देशों में काम कर रहे माइग्रेंट लेबर के हितों का ख्याल रखा जाना चाहिए। असंगठित क्षेत्र के लोगों के हितों पर हमारा खास फोकस रहेगा और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ा जायेगा ताकि ज्यादा से ज्यादा फायदा मिल सके। अधिवेशन में कहा गया कि असंगठित श्रमिकों के वेतन, समाजिक सुरक्षा और रोजगार गारंटी, भगवान बिरसा मुंडा, सिदो कान्हू, चांद-भैरव की कर्मस्थली झारखंड मेहनत से अपना भाग्य बदलने वाले मजदूरों का प्रधान राज्य है। दो दिवसीय अधिवेशन का उद्घाटन भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह सहित आए हुए अतिथियों ने किया। इस मौके पर बताया गया कि झारखंड के कुल 24 जिलों में कुल श्रम बल 81 लाख है, जिसमें 18 लाख संगठित क्षेत्र से एवं 63 लाख असंगठित क्षेत्र के श्रमिक हैं। इन मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी का प्रस्ताव लाया गया।

## ई-रिक्शा स्टैंड बने सरदर्द, ऑफिस ऑवर के अलावा रोज दो घंटे की जाम झेल रहे लोग

# 2023 भी बीत गया, नहीं सुधरी रांची की ट्रैफिक व्यवस्था

**PHOTON NEWS DESK :** राजधानी रांची में जाम लगने की समस्याओं का 2023 साल भी निदान नहीं निकाला जा सका है। यह रोजमर्रा की समस्या बन चुकी है। लोग ऑफिस ऑवर के अलावा रोज दो घंटे जाम झेलते हैं। अब तो लोग काम के आठ घंटे में जाम दो घंटे जोड़ कर दस घंटे समझ कर चलते हैं। जाम में फंसने से लोगों का काफी समय बर्बाद हो जा रहा है। इतना ही नहीं, अधिक समय जाम में रहने से धूल और धुआं में सांस लेने से लोगों का स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है। लोग सांस की समस्या से पीड़ित हो रहे हैं।

**जाम से निबटने के लिए नहीं बनी कोई खास योजना :** राजधानी में जाम से निबटने के लिए कोई भी खास योजना नहीं बनी। जाम से निजात के लिए केवल अतिक्रमण हटाया गया। जाम से निजात के लिए मेन रोड में केवल अतिक्रमण और नो पार्किंग में लगे वाहनों पर कार्रवाई की जाती है। 2022 में हाइकोर्ट डोरंडा में था। कुछ न्यायाधीश के मेन रोड से गुजरने के दौरान जाम की स्थिति देखकर हाइकोर्ट का डंडा चला था। उसके बाद पूर्व एसएसपी किशोर कौशल गंभीर हुए थे। अतिक्रमण हटाने के बाद दोबारा अतिक्रमण होने पर संबंधित थानेदार पर कार्रवाई की योजना बनी थी, लेकिन वह धरी की धरी रही गयी। नये एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा आये, वह जाम हटाने के लिए स्वयं मेन रोड में उतरे। इसमें दो दिन स्थिति ठीक रही, उसके बाद फिर से वही स्थिति बन गयी। राजधानी में छह हजार ई-रिक्शा पुलिस प्रशासन के लिए सरदर्द बन चुके हैं। इससे आम लोग परेशान हैं। मेन रोड ही नहीं, हर रोड में ई-रिक्शा के प्रकोप से वाहन चालक परेशान हैं। हर रोड के चौक पर ई-रिक्शा का स्टैंड बन गया है, जो जाम का सबसे बड़ा कारण है। चडरी चौक, जेल चौक, कचहरी चौक, कमिश्नरी चौक,सर्जना चौक, बरियातू चौक, कोकर चौक, तिरिल चौक, रिम्स चौक, हरमू चौक और न्यू मार्केट से हरमू जाने




### फ्लाइओवर निर्माण के कारण समस्या बरकरार

रांची में वर्षों से बन रहे कांटाटोली फ्लाइओवर के कारण लोग सड़क जाम से त्रस्त हैं। इनके निर्माण कार्य के कारण जाम लग रहा है। कांटाटोली फ्लाइओवर के कारण कोकर से लेकर बहू बाजार तक रोड की स्थिति भी जर्जर हो गयी है। मजबूरी में लोग इस रोड पर चलते हैं, क्योंकि मेन रोड की स्थिति भी जाम के लिहाज से बहुत अच्छी नहीं है। मेकन व रातू रोड फ्लाइओवर निर्माण के कारण लोग लंबी दूरी तय कर लेते हैं, लेकिन सड़क जाम में फंसना नहीं चाहते। वहीं ट्रैफिक पुलिस अधिकारी बताते हैं कि राजधानी में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए कोई भी खास योजना नहीं बनायी जा सकी है।

# बिशप फेलिक्स टोप्पो हुए रिटायर विपिन टोपनो का पुरोहिताभिषेक



**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची के संत महामारिया गिरजा घर में रविवार को विपिन टोपनो का पुरोहिताभिषेक कार्यक्रम किया गया। इसमें मुख्य अनुष्ठाता रांची महाधर्म प्रांत के महाधर्माध्यक्ष फेलिक्स टोप्पो एवं बिशप थियोडोर मैस्करेनहास एसएफएक्स थे। पुरोहिताभिषेक विधिपूर्वक फिलिक्स टोप्पो ने किया। जिसमें विपिन टोपनो को प्रतिज्ञा दिलाई गई एवं उतरासन पहनाया गया। जिसे पहन कर फादर विपिन टोपनो पवित्र मिश्रा देंगे। विपिन टोपनो ने फादर बनने के लिए लगभग 12 वर्ष तैयारी की थी। इस दौरान पुरोहितों ने विपिन टोपनो से गले मिलकर एवं उनके हाथों को चूम लिया। पवित्र मिश्रा गीत (दिल में प्रभु आओ आकर इसे सजाओ) में कलीसिया शामिल हुई और कार्यक्रम में भाग लिया।

BRIEF NEWS

## चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर चुराई दान पेटी



**ROURKELA :** शहर के पावर हाउस रोड के अखंडलमणि मंदिर का ताला तोड़कर चोरों ने दानपेटी चुरा ली। पास की दो अन्य दुकानों का भी ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया। चोरी की घटना पिछली रात को हुआ। प्लांटसाइट और उदितनगर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने संदिग्ध परिस्थितियों में मिली बाइक जब्त कर ली।

## बड़गांव के पास राज्य राजमार्ग संख्या 10 पर वैन चालक को मारी गोली, घायल



**SUNDARGARH :** सुंदरगढ़ में एक और फायरिंग की घटना हुई। गोलीबारी में एक पिकअप वैन चालक घायल हो गया। घटना रविवार को बड़गांव थाना क्षेत्र के स्टेट हाईवे संख्या 10 बीजू एक्सप्रेस-वे पर इटमा के पास हुई। पिकअप वैन ड्राइवर सुभाष नायक वैन चला के आ रहा था तभी कार में सवार 4 हमलावर आए और उसे गोली मार दी। ऐसा प्रतीत होता है कि गोली शरीर के नीचे से होकर गुजर गयी। घायल युवक सुबास नायक का घर कुतरा इलाके के किरंगसेरा में है। बड़गांव पुलिस जांच कर रही है कि किसने आकर सुभाष को गोली मारी और क्यों। गंभीर हालत में उसे राउरकेला सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## राउरकेला से कोलकाता के लिए विमान सेवा शुरू



**ROURKELA :** राउरकेला से अब कोलकाता डेढ़ घंटे में जा सकेंगे। राउरकेला से कोलकाता के लिए हवाई सेवा शुरू हुई है। दोपहर 3.30 बजे राउरकेला एयरपोर्ट से कोलकाता के लिए उड़ान शुरू हुई। विमान सेवा सप्ताह में 3 दिन मंगलवार, गुरुवार, शनिवार उपलब्ध है। एलायंस एयर उड़ान सेवाएं प्रदान करेगा। यात्री राउरकेला से कोलकाता तक का सफर महज डेढ़ घंटे में कर सकेंगे। हवाई सेवा का संचालन राज्य सरकार की वायबिलिटी गैप फंडिंग से किया जाएगा। 35 सीटों पर वीजीएफ की व्यवस्था की गयी है। राउरकेला से कोलकाता टिकट की कीमत 1999/- रुपये है। परंतु रविवार घने कोहरे और रनवे की खराब दृश्यता के कारण लगातार उड़ान रद्द होने के बाद राउरकेला हवाई अड्डे पर लोगों की उम्मीदें धूमिल होती जा रही हैं।

## उरांव समाज ने श्रद्धा और नेग नियम से मनाया हड़बोड़ा

**JAMSHEDPUR :** आदिवासी उरांव समाज द्वारा रविवार को भुइयांडीह के बाबुडीह स्थित शमशान घाट में पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए हड़बोड़ा का आयोजन किया गया। प्रत्येक वर्ष उरांव समाज द्वारा इसका आयोजन पौष कृष्ण पक्ष में किया जाता है। इसमें समाज के महिला-पुरुष, बच्चे व बच्चियां अपने-अपने घर से पकवान बनाकर शमशान घाट ले जाते है। उसके उपरांत अपने-अपने पूर्वजों के स्थल पर धूप, अगरबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित करते है। उसके बाद घर से बने पकवान को भी अर्पित किया जाता है।

### भाजपा की प्रदेश पदाधिकारियों, जिला प्रभारी और मोर्चा अध्यक्षों की बैठक

# पीएम के नेतृत्व पर बढ़ा जनता का भरोसा तीसरी बार बनेगी मोदी सरकार: लक्ष्मीकांत




बैठक में शामिल भाजपाई। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि जनता में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व पर भरोसा बढ़ा है। करिश्माई नेतृत्व और बूथ पर कार्यकर्ताओं की ताकत से तीसरी बार मोदी सरकार 400 सीट पार के साथ बनेगी। उन्होंने स्वयंसेवी और सामाजिक संगठनों को राष्ट्रहित में आगे आने का आह्वान किया। वे रविवार को झारखंड भाजपा की एक दिवसीय प्रदेश पदाधिकारी, कोर कमेटी, जिलाध्यक्षों, जिला प्रभारी और मोर्चा अध्यक्षों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

### मोदी की नजरों में युवा, महिला किसान और गरीब : अन्नपूर्णा

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि विकास विरोधी लोग देश को जाति की राजनीति में उलझाना चाहते हैं जबकि प्रधानमंत्री ने सबका साथ, सबका विकास पर जोर दिया। मोदी की नजरों में युवा, महिला, किसान और गरीब यही जाति हैं। मोदी सरकार इन वर्गों के सशक्तिकरण को समर्पित है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की यात्रा है।

### 2024 को विजय वर्ष बनाएं पार्टी कार्यकर्ता : बाबूलाल

प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 2023 का अंतिम दिन भी पार्टी कार्यकर्ताओं ने संगठन को समर्पित किया। पांच राज्यों के चुनाव में दशहरा, दीपावली त्योहार भी घर से बाहर मनाया। उसके सकारात्मक परिणाम आए। कार्यकर्ता का परिश्रम ही पार्टी की पूंजी है। उन्होंने कहा कि 2023 में सेवा, संगठन और आंदोलनात्मक कार्यक्रम हुए। विधानसभा स्तर पर संकल्प यात्रा बरसात में भी ऐतिहासिक सफल हुई। उन्होंने कहा कि 2024 का वर्ष हमें विजय वर्ष बनाना है। राज्य की 14 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाकर केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनानी है। सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी भाजपा को बूथों तक पहुंचाना है। आज घर घर मोदी सरकार की योजनाएं पहुंची है। घर-घर भाजपा पहुंची है। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

### हेमंत सरकार ने दलित आदिवासियों को ठगा : अमर बाउरी

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि हेमंत सरकार पर भ्रष्टाचार का बड़ा लेबल लग चुका है। यह सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है। सबसे बड़े कैश कांड पर प्रधानमंत्री ने चिंता व्यक्त करते हुए जनता को पाई पाई वापस लाने का भरोसा दिया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने फिर एक बार दलितों आदिवासियों को ठगा है। युवा झारखंड में 10 वर्ष पहले ही लोगों को बूढ़ा बनाया जा रहा। उन्होंने कहा कि वृद्धा पेंशन योजना का भी वही हाल होगा जो बेरोजगारी भत्ता का हुआ। उन्होंने कहा कि 2024 में केंद्र में मोदी सरकार और प्रदेश में भाजपा नेतृत्व की मजबूत सरकार बनाने जनता संकल्पित है।

### जो रामलला को लाए हैं उन्हें तीसरी बार हमें लाना है : कर्मवीर सिंह

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री ने बैठक में आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि एक जनवरी से 15 जनवरी तक कार्यकर्ता अयोध्या में राम मंदिर निर्माण और 22 फरवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अक्षत निमंत्रण को लेकर घर-घर जाएं। यह गौरव दिवस नरेन्द्र मोदी सरकार ने भारत वासियों को दिया है। उन्होंने कहा कि जो टेंट से निकालकर भव्य मंदिर में रामलाला को लाए हैं उन्हें तीसरी बार हमें लाना है। उन्होंने पार्टी के सभी मोर्चों के द्वारा आयोजित होने वाले सम्मेलनों, बैठकों, संपर्क अभियान से संबंधित विस्तृत चर्चा की। सिंह ने आगामी 26 जनवरी को तिरंगा यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया।

### केंद्रीय योजना के राशि का हिसाब नहीं दे रही सरकार : अर्जुन मुंडा

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि एक तरफ राज्य सरकार केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा करती है। असहयोग का रोना रोती है। वहीं, सच्चाई यह है कि हेमंत सरकार केंद्रीय योजनाओं के पैसे के खर्च का हिसाब नहीं दे रही। खजाने में पैसे पड़े हैं खर्च नहीं हो रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सुशासन पर बल दिया है जो सरकार पारदर्शी तरीके से खर्च कर रही है उसे पैसे की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार आदिवासी, किसान, कृषि से संबंधित योजनाओं को भी धरातल पर नहीं उतार पा रही। उन्होंने कहा कृषि क्षेत्र में इस वर्ष झारखंड सरकार केंद्रीय वित्तीय सहायता नहीं प्राप्त कर सकी। क्योंकि, इस सरकार ने पिछले वर्ष का ही हिसाब नहीं दिया है। हेमंत सरकार किसी मद के पैसे को दूसरे मद में खर्च कर देती है, जो वित्तीय अनियमितता है।

## बागबेड़ा में उत्साह से निकाली गई पूजित अक्षत कलश यात्रा



**JAMSHEDPUR :** अयोध्या श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को होने वाली है। इसके लिए संपूर्ण भारतवर्ष में निमंत्रण देने के लिए पूजित अक्षत कलश भारत के विभिन्न प्रखंडों, पंचायत, बस्तियों तक पहुंच चुकी है। कलश को विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना करते हुए बस्ती भ्रमण कराया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को बागबेड़ा प्रखंड दुर्गा वाहिनी संयोजिका रीमा साहू तथा जिला पार्षद कविता परमार के नेतृत्व में कलश विभिन्न मंदिरों में ले जाया गया। बागबेड़ा गांधी नगर शीतला मंदिर से शुरू हुई कलश यात्रा शंखबाबा मंदिर, बागबेड़ा थाना शिव मंदिर, सीपी टोला मंदिर, दुर्गा मंदिर, रामनगर हनुमान मंदिर होते हुए गाड़ाबासा शीतला मंदिर पहुंची जहां कलश यात्रा का समापन हुआ। सोमवार 1 से 15 जनवरी तक घर-घर निमंत्रण पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। इस नगर भ्रमण कार्यकर्म में मुख्य रूप से विश्व हिन्दू परिषद् दुर्गा वाहिनी संयोजिका बागबेड़ा प्रखंड रीमा साहु, जिला पार्षद कविता परमार एवं मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी की बहनें तथा बस्तीबासी उपस्थित थे।

# विधायक के निर्देश पर हाटगम्हारिया में लगा जांच शिविर, कई लोगों का हुआ मलेरिया टेस्ट

## विधायक ने तत्काल शिविर लगाने का दिया आदेश, भेजा स्पेशल टीम



शिविर में मलेरिया जांच करती टीम। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** हाटगम्हारिया प्रखंड अंतर्गत हाटगम्हारिया, हांगरागुटू, परोमसाई, कालीमाटी गांव में मलेरिया से कई लोगों के बीमार होने की खबर के बाद जिला स्वास्थ विभाग हरकत में आया है. चूंकि इस क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा विधायक से शिकायत की गई थी। विधायक जी ने इसे गंभीरता से लेते हुए सिविल सर्जन को सूचित कर तत्काल शिविर लगाने का आदेश दिया। विधायक के निर्देश पर सिविल सर्जन द्वारा स्पेशल टीम भेजी गयी। सदर व झींकपानी अस्पताल के 11 चिकित्सीय टीम में शामिल चिकित्सा कर्मियों ने हाटगम्हारिया में शिविर लगाकर मलेरिया प्रभावित गांव के पीड़ित मरीजों का सैंपल कलेक्ट किया. इसके अलावा हाटगम्हारिया के केंदपोसी में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में आकर कैंप लगाया गया। यहां अनेक लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। वहां विधायक दीपक बिरुवा स्वयं डटे रहे। साथ ही विधायक दीपक बिरुवा ने विभिन्न प्रभावित गांव का दौरा किया. विधायक ने मलेरिया प्रभावित हाटगम्हारिया समेत आस पास के गांव का भ्रमण कर जायजा लिया. मौके पर चाईबासा व झींकपानी से गयी चिकित्सको की टीम भी साथ में थी. इस दौरान ग्रामीणों को मलेरिया से बचाव के उपाय बताए गए. जिनमें मेडिकेटेड मच्छरदानी और मच्छर भगाने के उपाय बताए गए. साथ क्षेत्र में मलेरिया रोधी उपाय को तेज करने के साथ साथ ग्रामीणों को जागरूक करने का निर्देश दिया गया. साथ ही बताया गया कि कैसे पास में जलजमाव नहीं होने दें, मलेरिया परजीवी वाली मच्छर ताजा पानी में भी फैलता है. यदि किसी व्यक्ति को कंपकंपी बुखार आए तो अपनी नजदीकी अस्पताल में जरूर आए और अपनी जांच कराएं। स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि इस वर्ष हाटगम्हारिया प्रखंड में अबतक 144 मलेरिया पॉजिटिव का मामला सामने आया है. ऐसे में हाटगम्हारिया के जिस इलाके में इस तरह की बात आई है, स्वास्थ्य विभाग इसे तत्परता से देख रहा है. गांव में मेडिकल कैंप लगा दिया गया है, साथ ही दवाइयों का वितरण भी किया जा रहा है. टीम में डॉक्टर वीरेंद्र कुमार सिंह, एसआई एसएस नाग, बंटी सिन्हा, अजय कुमार, लखींद्र दास, एमपीडब्ल्यू गौतम डे, विकास मंडल, मनीष कुमार सिन्हा, मोहम्मद शाहिद, रवि रंजन समेत अन्य मौजूद थे।

# एसजेएमडीसी ने 55 महिलाओं के बीच 16.50 लाख रुपये ऋण का किया वितरण



समारोह में उपस्थित ऋण प्राप्त चुकीं महिलाएं व अन्य। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** भारतीय विपणन विकास केन्द्र (सीबीएमडी) से संबद्ध स्वावलंबी झारखण्ड माइक्रोवेलफेयर डेवलपमेंट सेंटर (एसजेएमडीसी) के द्वारा रविवार को लघु ऋण वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बिष्टुपुर स्थित सेंटर के कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में 55 महिला सदस्यों के बीच 16.50 लाख रुपए का लघुऋण वितरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी तथा सम्मानित अतिथि के रूप में भाजपा नेता देवेन्द सिंह, उद्यमी सह समाजसेवी नवीन अग्रवाल उपस्थित थे। यह जानकारी सेंटर के निदेशक एवं राष्ट्रीय सहसंघर्ष वाहिनी प्रमुख बंदेशंकर सिंह एवं निदेशक अशोक गोयल ने संयुक्त रूप से दी।

**महाजनों के चांकुल से बचाने का प्रयास :** इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुणाल षाड़ंगी उपस्थित थे। संस्था के निदेशक एवं खादी ग्राम उद्योग आयोग के पूर्वी क्षेत्र के सदस्य मनोज कुमार सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि महिला सदस्यों को बड़े ब्याज दरों पर ऋण उपलब्ध कराने वाले महाजनों के चंगुल से बचाने के लिये स्वावलंबी झारखण्ड के द्वारा लघुऋण का यह प्रकल्प चलाया जा रहा है, जिसका महिला सदस्य लाभ भी उठा रही हैं। महिलाओं को इससे अपने छोटे व्यवसाय शुरू कर धीरे-धीरे वृहत रूप में करने हेतु सरकार द्वारा मुद्रा लोन भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

**यह थे मौजूद :** कार्यक्रम में देवेन्द्र सिंह एवं समाजसेवी नवीन अग्रवाल ने भी महिला सदस्यों को संबोधित किया। इस अवसर पर स्वावलंबी भारत अभियान के जमशेदपुर महानगर संयोजक पंकज सिंह ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच विभाग संयोजक जे.के.एम राजू, सुबोध श्रीवास्तव, चित्तरंजन मोहंती, के.पी. चौधरी, कौशल किशोर, देव कुमार, घनश्याम दास, मुकेश कुमार, आदर्श कुमार, राजेश वर्णवाल, देवी प्रसाद सहित काफी संख्या में महिला सदस्य उपस्थित थी।

# बसंती सरोवर शहरवासियों की पहली पसंद नववर्ष पर हजारों लोगों के जुटने की उम्मीद



बसंती सरोवर में नौका विहार करते सैलानी। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला का बसंती सरोवर अब शहरवासियों के आकर्षण का केंद्र है। यहां सिर्फ शहरवासी ही नहीं बल्कि बाहर से भी लोग आनंद लेने आते हैं। वर्षों पहले शहरवासी इस स्थान को डीएवी तालाब के नाम से जानते थे, पहले तालाब बहुत गंदी थी।लेकिन अब यह जगह बेहद आकर्षक का केंद्र बना हुआ है। इस तालाब को राउरकेला स्मार्टसिटी लिमिटेड द्वारा विकसित किया गया है। प्रतिदिन शहरवासियों एवं पर्यटकों की भीड़ उमड़ती है। बसंती सरोवर में नौकायन व्यवस्था लोगों के आकर्षण का केंद्र है। लोग परिवार के साथ आते हैं और नौकायन का आनंद लेते हैं।

घूमने फिरने के अलावा सामाजिक और धार्मिक कार्यों के लिए भी यहां व्यवस्था की जा रही है। यहां शादी, जन्मदिन, सालगिरह आदि मनाने की व्यवस्था की जाती है। यहां एक फूड कोर्ट भी है।

बसंती सरोबार में दिन-ब-दिन लोगों की भीड़ उमड़ रही है। इसके लिए स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने इसे और अधिक आकर्षक बनाने की योजना बनाई है।

## बागबेड़ा बड़ौदा घाट में युवक पर जानलेवा हमला, टीएमएच में भर्ती

**JAMSHEDPUR :** बागबेड़ा थाना अंतर्गत बड़ौदा घाट के पास अज्ञात अपराधियों ने गाड़बासा निवासी सुनेश कुमार राम पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया गया। परिजनों को जानकारी मिलने पर सनेश को तत्काल इलाज के लिए टीएमएच लेकर पहुंचे जहां से उसे रांची के रिम्स रेफर कर दिया गया। सुनेश की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। परिजनों ने बताया कि सनेश घायल अवस्था में बड़ौदा घाट के पास पड़ा था। वह बोलने को स्थिति में नहीं है जिस कारण यह जानकारी नहीं मिल पाई है कि उसपर जिसने हमला किया है। इधर, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई।

# सरपंच संघ के एक सदस्य को बीरमित्रपुर के विधायक उम्मीदवार के रूप में नामांकित करने की रखी मांग



बैठक में शामिल सरपंच संघ के सदस्य। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS SUNDARGARH :** नुआगांव ब्लॉक के खूंट गांव ग्राम पंचायत में आज सुबह 10 बजे सुंदरगढ़ सरपंच संघ की आम बैठक हुई। संघ के अध्यक्ष उग्रसेन किसान अध्यक्षता किए और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। क्षेत्र में उत्पन्न होने वाली किसी भी समस्या के समाधान के लिए संघ मौजूद रह कर हर संभव प्रयास कर रहा है। रेलवे विभाग कई दिनों से स्थानीय क्षेत्र की सार्वजनिक भूमि पर विभिन्न सामग्रियों को डंप कर रहा है। रेलवे विभाग द्वारा कोई भुगतान नहीं किए जाने के कारण संघ द्वारा सुंदरगढ़ जिला कलेक्टर को सूचित किया गया है।

जबकि बीरमित्रपुर निर्वाचन क्षेत्र में 3 ब्लॉकों में 54 सरपंच हैं, आगामी 2024 चुनावों में एक सरपंच उम्मीदवार को नामांकित करने के पक्ष में एक प्रस्ताव रखा गया था। जिले के सभी 278 सरपंच संबंधित उम्मीदवारों को पूरा समर्थन देंगे। आज की बैठक में बिश्रा सरपंच संघ के अध्यक्ष एवं जिला संघ के उपाध्यक्ष अजीत तिर्की, महेश्वर एक्का, रुक्मणी ओराम, सुमेद्रा ओराम, सुलीला टोप्पो, माइकल मिंज, तेशिल तिर्की, मीनती तिग्गा और ममता उपस्थित थे।

### हाटगम्हारिया के केंदपोसी मैदान में खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

# जीवन में खेलकूद का काफी महत्व : विधायक



पासिंग बॉल प्रतियोगिता में खेलते विधायक दीपक बिरुवा। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** हाटगम्हारिया के केंदपोसी मैदान में खेलकूद प्रतियोगिता का समापन रविवार को खेल प्रतियोगिताओं के साथ हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दीपक बिरुवा शामिल हुए। जिनके हाथों से विजेता एवं उपविजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

प्रतियोगिता में आसपास के बच्चे, युवक-युवतियों समेत महिला पुरुषों ने काफी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं विधायक जी ने भी पासिंग बॉल प्रतियोगिता में भाग ले कर प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। इसमें विभिन्न वर्गों के लिए सुई-धागा रेस, बैलून रेस, टॉफी रेस, लंबी कूद, दौड़, म्यूजिकल चेयर रेस, स्लो साइकिल रेस, चप्पल रेस, बिस्किट रेस, सुसून बादा बादी, मटकी दौड़, बॉल पासिंग आदि खेल प्रतियोगिताएं हुईं। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

मौके पर विधायक ने कहा कि जीवन में खेलकूद का काफी महत्व है। ऐसे खेलकूद प्रतियोगिताओं से ही आगे बढ़ने की प्रवृत्ति जागृत होती है। इसके अलावा खेलकूद से विद्यार्थियों का स्वास्थ्य व मस्तिष्क सुदृढ़ होता है। कहा, किताबी ज्ञान के साथ ही छात्रों को खेलकूद आदि अन्य गतिविधियों में भी हिस्सा लेना चाहिए। विधायक जी ने नव वर्ष की शुभकामनाए देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में अशोक साहू, जगतन सिंकु, सुरेश तियु, हिमांशु बनर्जी, रिया दास, माही सिंकु, मंगल सिंह चतोंबा, श्याम चतोंबा, राम सिंह मुंडा, गुलाब सिंह चतोंबा, गणपति महाता, सुखलाल सिंकु, दामू चतोंबा समेत अन्य सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा।

# 5वीं सीनियर पैरा राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में तुलसी करोवा ने जीता पांच पदक, हुआ स्वागत



विजेता खिलाड़ियों का स्वागत करते अधिकारी। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** 27 से 28 दिसंबर तक पंजाब के पटियाला में आयोजित 5वीं सीनियर पैरा राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में तुरतुंग तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र सिकुरसाई, चाईबासा के पैरा तीरंदाज तुलसी करोवा ने झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए महिला वर्ग इंडियन राउंड के 50 मीटर में स्वर्ण पदक, 30मीटर में रजत पदक, व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धा में रजत पदक, मिश्रित युगल प्रतिस्पर्धा में रजत पदक एवं ओवर ऑल में स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। इस तरह तुलसी करोवा ने इस प्रतियोगिता में कुल पांच पदक हासिल करने में सफल रही है। पुरुष वर्ग रिकर्व राउंड के मिश्रित युगल प्रतिस्पर्धा में विजय सुंडी ने रजत पदक जीता।दोनों तिरंदाजों के जीत का श्रेय प्रशिक्षण केंद्र के साथ साथ शहर के प्रतिष्ठित उद्योगपति एसआर रूंगटा ग्रुप को जाता है। मालूम हो कि तुलसी एवं विजय सुंडी को एस.आर. रूंगटा ग्रुप के द्वारा आधुनिक धनुष (कंपाउंड, रिकर्व बो) उपलब्ध कराया गया है। झारखंड टीम के प्रशिक्षक महर्षि महेन्द्र सिंकु एवं मैनेजर, सपोर्टिंग स्टाप के रुप में शीतल जारिका ने अहम महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।दोनों के विजेता बनने पर तूरतुंग तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र के साथ ही दोनों के परिवार में काफी हर्ष का माहौल है। इन विजेता तीरंदाजों के चाईबासा आगमन पर केंद्र के पदाधिकारियों एवं तीरंदाजों के द्वारा काफी गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया है। विजेता बनने पर केंद्र के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पड़ेया, उपाध्यक्ष सुशील कुमार सिंकु, सलाहकार सिद्धार्थ पड़ेया, तेज नारायण देवगम, कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र सावैंया, संरक्षिका सीता पड़ेया, सदस्य शिक्षिका जसमती इचागुटू सिंकू एवं ट्रिपल "S" फाउंडेशन के पदाधिकरी समाजसेवी सह शिक्षक सुप्रभात कुसुम देवगम, सुधीर पाठ पिंगुआ, क्रिकेट कोच सुभाष जोंको, सीनियर तीरंदाज सुमित सिंकु, जानो पूरती, जीवन देवगम, जुलेन गोप तथा अन्य लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए दोनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।

# घने कोहरे और सर्द हवा ने बढ़ाई ठंड

## 25 जिलों का पारा लुढ़का, साल के आखिरी दिन फॉग का अलर्ट





**पटना।** बिहार में मौसम का मिजाज अब बदल गया है। सुबह और रात के समय भीषण कोहरा देखने को मिल रहा है। साथ ही हवा भी चल रही है, इस कारण ठंड भी महसूस की जा रही है। अब लोगों को शीतलहरी का एहसास हो रहा है। पूरे प्रदेश में पछुआ और उत्तर पछुआ हवा का प्रभाव है बना हुआ है। साल के आखिरी दिन रविवार को भी मौसम विभाग ने प्रदेश के 19 जिलों में घने स्तर के कोहरे को लेकर के यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं शनिवार की बात करें तो पटना सहित बिहार के 25 जिलों में ठंड में बढ़ोतरी हुई है। छपरा में पारा 5.5 डिग्री लुढ़क गया है। 8 से 10 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा के चलने और दूसरे दिन भी धूप न निकलने से पटना सहित दक्षिण बिहार के कई जिलों में शीतलहर जैसे हालात हो गए। मौसम विभाग के जारी आखिरी के अनुसार पिछले 24 घंटे के दौरान मोतिहारी और किशनगंज को छोड़कर 25 जिलों की न्यूनतम तापमान में एक भारी गिरावट यानी 3 से 4 डिग्री देखने को मिली है। इसमें फारबिसगंज में 10.6, पटना में 2.7, गया में 1.8, नवादा में 5.4, बांका में 4.7, छपरा में 5.5 डिग्री, सुपौल में 9.6, दरभंगा में 9.4, सहरसा के अगवानपुर में 8.4, कटिहार में 7.4, छपरा में 5.5, सहित अन्य शहरों के तापमान में तेजी से गिरावट आई है। राज्यभर में सबसे कम न्यूनतम तापमान शेखपुरा में 9.8 डिग्री रहा। कोहरे की वजह से शनिवार को भी फ्लाइट के ऑपरेशन प्रभावित हुए। इंडिगो की पांच फ्लाइट रद्द रही। इंडिगो समेत अन्य एयरलाइंस के 10 विमान देर से आए-गए। पटना एयरपोर्ट पर सुबह में विजिबिलिटी 1000 मीटर हो गई थी। पहली फ्लाइट विस्तारा की यूके 717 सुबह 9:53 बजे आ गई। यह दिल्ली से आई थी। जो विमान लेट आए, वे देर से उड़े थे। इंडिगो की दिल्ली, बेंगलुरु, रांची, लखनऊ और बेंगलुरु की फ्लाइट रद्द होने से करीब 600 यात्री पटना से लेकर इन शहरों में फंसे रहे। कोहरे के कारण शनिवार को नई दिल्ली-राजेंद्र नगर तेजस राजधानी एक्सप्रेस 12.37 घंटे लेट से पटना पहुंची। लेट आने की वजह से राजधानी को अप में दिल्ली के लिए देर रात 11.30 बजे खुलने के लिए रीशेड्यूल कर दिया गया। जबकि संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस अप में शनिवार को राइट टाइम खुली। इसके अलावा मगध एक्सप्रेस 5:18 घंटे, पूर्वा एक्सप्रेस 2:10 घंटे, श्रमजीवी एक्सप्रेस 51 मिनट, डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस 2 मिनट, ब्रह्मपुत्र मेल 7:40 घंटे, फरक्का एक्सप्रेस 1 घंटे, बिक्रमशिला एक्सप्रेस 2:46 घंटे, महानंदा एक्सप्रेस 1:23 घंटे, नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस 2:43 घंटे, सीमांचल एक्सप्रेस 1:29 घंटे लेट पहुंची। वहीं पटना से रांची के लिए इस्लामपुर पटना हटिया एक्सप्रेस अप में 2 घंटे से अधिक लेट से रवाना हुई।

## 10 नाती-पोते वाली 90 साल की बुजुर्ग बनी मुखिया



**जमुई ।** 90 साल की बुजुर्ग महिला ने ग्राम पंचायत का चुनाव जीत कर रिकॉर्ड बना दिया है। 10 नाती-पोते वाली जमुई की सुनीता देवी (90) ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी ललिता देवी को 140 मतों से हराकर ग्राम पंचायत उपचुनाव जीत दर्ज की। जमुई की बरहट प्रखंड के डाढ़ा ग्राम पंचायत के उप चुनाव से पहले जब इस महिला ने पर्चा दाखिल किया,तो लोगों ने उनका मजाक उड़ाया। मगर, वोटिंग के नतीजों ने सबकी बोलती बंद कर दी। अब जीत हासिल करने के बाद उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे। बुजुर्ग महिला ने बताया कि मेरे बेटे ने एक बार चुनाव लड़ने के लिए बोला और मैंने हां कर दी। इसके बाद मैं घर-घर जाकर लोगों से मिली ओर वोट देने की अपील की। मैं अपनी पंचायत के विकास के लिए काम करूंगी। चार बेटे की मां सुनीता देवी के जज्बे को भी पूरे गांव ने सम्मान दिया और सभी ने उनका सपोर्ट किया। उन्हें इस चुनाव में 140 वोटों से जीत मिली है। उनके 10 नाती-पोते हैं। उनके बेटे विजय यादव ने बताया कि मां की जीत से हम सब उत्साहित हैं। बरहट प्रखंड के डाढ़ा पंचायत में सुनीता देवी की बहू मुखिया थी, उनके निधन के बाद यहां उपचुनाव हुआ। सुनीता देवी ने मुखिया के पद पर चुनाव लड़ने का फैसला लिया। बढ़ती उम्र के बावजूद भी जोश और ऊर्जा के साथ क्षेत्र में मतदाताओं से मिलने के लिए निकल पड़ती थी। कहीं काकी तो कहीं दादी कह कर वह घर-घर जाकर वोट मांगती थी। इस ग्राम पंचायत चुनाव में मुखिया सुनीता देवी 90 वर्ष को 1728 वोट मिले। वही उनकी प्रतिद्वंदी ललिता देवी (53) को 1588 वोट मिले। महिला सीट होने के कारण इस सीट पर चार महिला प्रत्याशी अपना-अपना भाग आजमा रही थी।

## अवैध हथियार और कारतूस के साथ दो



**नालंदा ।** हिलसा पुलिस को वाहन चेकिंग के क्रम में बड़ी सफलता हाथ लगी है। दो व्यक्तियों को अवैध हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है।हिलसा डीएसपी सुमित कुमार ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के आदेश पर पीएनबी बैंक के सामने वाहन चेकिंग की जा रही थी। वाहन चेकिंग के क्रम में दो संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस की टीम ने दोनों को खदेड़ कर पकड़ लिया। दोनों की जब तलाशी ली गई तो एक व्यक्ति के कमर से देसी कट्टा और दूसरे के पॉकेट से दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम नालंदा के चिकसौरा थाना के मोहद्दीपुर गांव निवासी रामधीन पासवान का बेटे प्रहलाद कुमार और पटना के शाहजहांपुर थाना के नवीचक गांव निवासी रुदल पासवान का बेटे उत्तम कुमार के रूप में बताया। दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार करते हुए थाने लाया गया और हथियार कारतूस को जब्त करते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई है। डीएसपी ने बताया कि दोनों आपस में दोस्त हैं। हथियार कहां से इन्होंने खरीदा है और कहां जा रहे थे इस संबंध में पूछताछ चल रही है। ।

## नए कानून के खिलाफ सड़क पर उतरेंगे संगठन



**पटना।** हिट एंड रन के मामले को लेकर केंद्र सरकार की ओर से लाई गई नए कानून का चौतरफा विरोध शुरू हो गया है। देश के दूसरे राज्यों में ड्राइवरों का विरोध प्रदर्शन और हड़ताल जारी है।

5 जनवरी से बिहार में भी इसका असर देखने को मिलेगा। तमाम बिहार के छोटे बड़े संगठन इस कानून के खिलाफ सड़क पर उतरने की तैयारी कर रहे हैं। इसमें ट्रक, बस, ऑटो, ओला समेत लगभग सभी संगठनों के शामिल होने की संभावना है। नए कानून के तहत रोड एक्सीडेंट के बाद भागने वाले ड्राइवरों को 10 साल की सजा और 7 लाख रुपए तक का अर्थदंड का प्रवधान है। हालांकि इसमें ये भी है कि कोई आरोपी ड्राइवर घायल को अस्पताल पहुंचाता है तो उसकी सजा कम भी कर दी जाएगी। लेकिन, इससे पहले ड्राइवरों को थाने से ही जमानत मिल जाती थी। अधिकतम की सजा होती थी। अब इस नए कानून ने ड्राइवरों की मुश्किलें बढ़ा दी है। राज कुमार झा महासचिव ऑल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर फेडरेशन बिहार ने बताया कि ड्राइवरों की हड़ताल में हम लोग शामिल नहीं है। केंद्र सरकार के कानून के खिलाफ हमलोग जन आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। 5 जनवरी को पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन करेंगे। फिर एक महीने का हड़ताल के लिए समय लेंगे। इसके बाद 24 घंटे की हड़ताल की तैयारी की जाएगी। इसमें ऑटो, ईरिक्शा, ओला, उबेर, ट्रक, बस, सब शामिल होंगे। हड़ताल के दिन पूरा चक्का जाम होगा। एक भी गाड़ी सड़क पर नजर नहीं आएगी।

राजकुमार झा ने बताया कि नए कानून के मुताबिक घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले ड्राइवरों की सजा कम करने की घोषणा की गई है। जो कतई संभव नहीं है। अगर दुर्घटना के बाद ड्राइवर घायलों को अस्पताल पहुंचाने की कोशिश भी करेंगे तो वो नहीं पहुंचा पाएंगे। क्योंकि उनकी कोई नहीं सुनेगा। बस मॉब पीट पीटकर जान ले लेगा। ऐसे में हमलोग परेशानियों को देखते हुए बस परिवहन सुरक्षा विधयेक 2019 वापस कराने और सामाजिक सुरक्षा को बरकार कराने के लिए सड़क पर उतरेंगे।

## दो पक्षों के बीच गोलीबारी, 6 जख्मी



**शेखपुरा ।** जयरामपुर थाना क्षेत्र के तोयगढ़ गांव में दो पक्षों के 24 दिसंबर से ही लगातार गोलीबारी हो रही है। बताया जा रहा है कि पुरानी रंजिश को लेकर लगातार मारपीट और गोलीबारी की घटना हुई है। जिसके कारण गांव में लोग दहशत में जी रहे है। इस घटना में अबतक आधा दर्जन लोग जख्मी हो चुके हैं। सभी को इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल अस्पताल में चल रहा है। वहीं शनिवार की सुबह से ही दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी रही है। हालांकि जयरामपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंच कर दो लोगों को हिरासत में लिया। जिसमें एक पक्ष के लोगों ने उसे पुलिस के कब्जे से छुड़ा लिया। थानाध्यक्ष सह पुलिस इंस्पेक्टर मनोज कुमार झा ने बताया कि 4 साल पहले गांव में घटित एक लड़की से छेड़खानी के बाद उत्पन्न विवाद को लेकर गांव के अनिल यादव, साधु यादव एवं दूसरे पक्ष से रमेश यादव , भगत जी इत्यादि के बीच हुआ विवाद अभी तक चल रहा है। जिसके बाद मारपीट की भी घटना हुई। जिसमें दोनों पक्ष से आधा दर्जन लोग घायल हो गए। शनिवार को फिर दोनों पक्ष के बीच गोलीबारी शुरू हो गई। एक पक्ष ने पहले गोलीबारी की। जिसके बाद दूसरे पक्ष के लोग भी उसके घर पर चढ़कर फायरिंग कर दी। वही लोगों ने घर के दरवाजा बंद कर किसी तरह अपनी जान बचाई। जिसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस गांव पहुंची और एक पक्ष के महेश्वर यादव को पुलिस ने हिरासत में लिया है। बता दें कि जनवरी 2023 में महेश्वर यादव के पुत्र राहुल कुमार घर से गायब हो गया और फिर अपनी ही हत्या की जाने की खबर व्हाट्सएप पर फोटो भेज कर उड़ा दी। जिसमें प्राथमिकी भी दर्ज की गई। बाद में पुलिस ने राहुल को जिंदा बरामद किया था।

## 1 लाख रुपए का गांजा बरामद



**शेखपुरा ।** एसपी कार्तिकेय शर्मा के निदेर्शों के आलोक में गुप्त सूचना के आधार पर कोरमा थाना पुलिस ने सदर प्रखंड के चाडे गांव में छापेमारी कर मादक पदार्थों का तस्करी करने वाले एक तस्कर को भारी मात्रा में गांजा और 56 हजार 470 रुपए की नकदी और एक एंड्रॉयड मोबाइल के साथ गिरफ्तार करने में सफलता पाई। छापेमारी का नेतृत्व कोरमा थाना अध्यक्ष सह पुलिस सब इंस्पेक्टर नीतीश कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि चाडे गांव में गिरफ्तार तस्कर शिवम कुमार द्वारा गांजा जैसे मादक पदार्थों बड़े पैमाने पर तस्करी किया जा रहा है। वह अपने घर में गांजा की बड़ी खेप छिपाए रखा है। ऐसी सूचना मिलने के बाद बीती रात पुलिस टीम गांव पहुंचकर तस्कर के घर की घेराबंदी कर उसे रंगे हाथ घर से दबोच लिया। इसके घर की तलाशी के दौरान भारी मात्रा में गांजा और नकदी भी बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि तस्कर के घर से बरामद गांजा, नकदी और मोबाइल को जब्त कर लिया गया। गिरफ्तार तस्कर गांव के मन्तुन सिंह उर्फ माटो सिंह का बेटा बताया गया है।

## संक्षिप्त डायरी

### दामाद का ससुराल में मिला था शवः पत्नी समेत 6 लोगों पर जहर खिला हत्या का आरोप, सभी फरार



**नालंदा ।** चण्डी थाना के तुलसीगढ़ गांव के पास बुधवार को पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया था। युवक की पहचान नगरनौसा थाना क्षेत्र अंतर्गत कछियावां गांव निवासी सुखुराम का (30) वर्षीय पुत्र शंकर राम के रूप में की गई थी। युवक चण्डी थाना के गिलानी चक गांव अपने ससुराल में 1 महीने से रह रहा था। इस मामले में सुखुराम के द्वारा चण्डी थाना में पत्नी समेत कुल 6 लोगों को आरोपित कर हत्या का मामला दर्ज कराया गया है। जिसमें यह आरोप लगाया गया है कि जबरन उनके बेटे को जहर खिलाकर मारपीट कर उसकी हत्या की गई है। वहीं इस मामले में चण्डी थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर पुलिस अनुसंधान में जुट गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। दरअसल, युवक एक महीने से अपने ससुराल गिलानीचक गांव में ही रह रहा था। बुधवार को सुखुराम की बेटी को गांव के ही किसी परिचित ने फोन कर बताया था कि उसके भाई की हत्या ससुराल वालों ने कर दी है और शव को ठिकाने लगाने के प्रयास में है। सूचना मिलने के बाद सुखुराम अपने सहयोगियों के साथ बेटे के ससुराल पहुंचे। जहां घर के सारे लोग फरार थे। इसके बाद पुलिस की मदद से शव को तुलसीगढ़ के पास से बरामद किया गया जब ससुराल वाले ठिकाने लगाने के प्रयास में थे।

### रोहतास में कोरोना से 10 साल की बच्ची की मौत

**रोहतास ।** कोरोना से दस साल की बच्ची की मौत हो गई। एक समारोह में शामिल होने के बाद से बच्ची की तबीयत बिगड़ी थी। परिवार के अन्य सदस्य संक्रमित नहीं हुए। इसकी पुष्टि सिविल सर्जन डॉ. केएन तिवारी ने की है। सिविल सर्जन ने कहा कि 25 दिसंबर को आरटीपीसीआर जांच की गई थी। जिसमें बच्ची की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। बच्ची का इलाज एनएमसीएच जमुहार में चल रहा था। इसी दौरान शुक्रवार की रात उसकी मौत हो गई। मामला अब सामने आया है। वैरिएंट की जानकारी के लिए सैंपल जांच के लिए भेजा गया, लेकिन अभी तक इसकी रिपोर्ट नहीं आई है। सीएस के अनुसार जिला स्वास्थ्य समिति ने संक्रमित बच्ची की ट्रैवल हिस्ट्री निकाली थी। इसमें पता चला कि बच्ची जिले के शेरघाटी में अपने रिश्तेदार के घर गई थी। वहां समारोह का आयोजन किया गया था। समारोह में राज्य के बाहर से भी रिश्तेदार आएं थे। वहीं से आने के बाद उसकी तबीयत खराब होने लगी थी। जब उसकी जांच की गई तो पता चला बच्ची संक्रमित है। उसका इलाज कराया गया। इस दौरान उसकी मौत हो गई। बताया गया कि कोरोना संक्रमण का मामला सामने आने के बाद पीड़ित बच्ची के पूरे परिवार का सैंपल जांच के लिए भेजा गया था। राहत की बात रही कि कोई भी संक्रमित नहीं निकला। अभी जिले में कोरोना संक्रमण का एक भी केस नहीं है। फिर भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए तैयारी की जा रही है। सदर अस्पताल सासाराम में इमरजेंसी कोविड वार्ड का निर्माण जोरों पर है। प्रखंडों में अधिक से अधिक कोविड जांच के लिए निर्देश दिए गए हैं। शनिवार (30 दिसंबर) को प्रदेश में कोरोना के 7 नए मरीज सामने आए। पटना और गया से तीन-तीन संक्रमित मिले हैं। गया में तीन लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है, पर इनका ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है। तीनों की उम्र 20 साल से कम है। इसके अलावा दरभंगा में एक मरीज की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।




### लिंक रोड पर भरभराकर गिरी दीवार



**पटना।** गांधी मैदान थाना क्षेत्र के बाकरगंज में मुख्य सड़क को जोड़ने वाली सार्वजनिक लिंक रोड पर खड़ी की गई दीवार अचानक गिर गई। हादसे से कुछ देर पहले ही एक दुकानदार ने दीवार के पास ही अपनी किताब की दुकान लगाई थी। गनीमत रही की दुकानदार को ज्यादा चोटें नहीं आई। दुकानदार चिंटू और मोहम्मद असरफ ने बताया कि दोबारा जन्म हुआ है। बाल-बाल बच गए हैं। बैठे थे तभी अचानक दीवार गिर गई। नुकसान भी हुआ है। बहुत सारी किताबें नाले में चली गई है। बियाडा की ओर दीवार देकर इस रास्ते को कुछ दिन पहले ही बंद कर दिया गया था। जिसका स्थानीय लोगों ने विरोध भी किया था, लेकिन प्रशासन के सहयोग से रास्ते को ब्लॉक कर दिया था। बता दें कि हादसे वाली जगह के पास बियाडा की ओर से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जहां पर हमेशा पानी और गीली मिट्टी भरा रहता है। दीवार भी नाले से सटे रास्ते पर खड़ी की गई थी। कैंपस में पानी और वर्क लोड होने के चलते दीवार अचानक जमींदोज हो गई। रास्ते से संबंधित मामला पटना हाईकोर्ट में विचाराधीन है। इस पर सुनवाई अभी चल रही है। रास्ता बंद किए जाने पर स्थानीय लोगों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की ही। गांधी मैदान के तरफ से बाकरगंज जाने के लिए यह रास्ता आम लोगों के लिए बेहद ही जरूरी है। इसी रास्ते से स्थानीय लोग आते जाते थे। वैसे गांधी मैदान थाना के पास से एक और भी रास्ता है, जो बाकरगंज की ओर जाता है। लेकिन गांधी मैदान के तरफ से उधर जाने के लिए ट्रैफिक पुलिस की ओर से हमेशा नो एंट्री लगी रहती है।

## नए साल में शराबियों पर होगी विशेष नजर



**बक्सर।** पुलिस ने नए साल पर सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किया है। खासकर यूपी से शराब पीकर बिहार में प्रवेश करने वालों की खैर नहीं है। जगह-जगह ब्रेथ एनालाईजर मशीन लेकर पुलिस खड़ी रहेगी। इसके साथ ही पुलिस की पिकनिक स्पॉट और जिले के पार्कों पर विशेष नजर रहेगी। जहां सादे लिबास में भी पुलिसकर्मी असामाजिक तत्वों पर नजर रखेंगे। इसके लिए बक्सर एसपी मनीष कुमार ने सभी थाना और पुलिस कर्मियों को सख्त निर्देश दिए है। जश्न के मौके पर हुड़दंग खास कर हर्ष फायरिंग करने वालों की खैर नहीं है। वैसे लोगों को जेल भेजने की तैयारी है। इसके तहत पिकनिक स्पॉट से होटल तक पुलिस तैनात रहेगी। शैक्षणिक और वित्तीय संस्थानों पर भी पुलिस की खासी नजर है। पुलिस की गश्त तेज कर दी गई है। एसपी ने कहा कि जश्न के मौके पर हर्ष फायरिंग जैसी घटनाएं होती रहती हैं। इसे देखते हुए सभी अफसरों को इस पर रोक लगाने का निर्देश दिया है। साथ ही सोशल मीडिया पर भी नजर रख वैसे लोगों को चिह्नित कराना है जो हथियार के साथ अपना फोटो वीडियो डाल रहे। बक्सर एसपी मनीष कुमार ने कहा नए साल की हमलोगो ने पूरी तैयारी कर ली है। पूरी सूची बना ली है, जहां पर लोग नए साल का जश्न मनाने आते हैं पेट्रोलिंग की व्यवस्था की है।

# सड़क के बाद अब तालाब की चोरी





**दरभंगा।** बिहार में चोरी के अजब-गजब मामले सामने आते रहे हैं। बीते साल बांका में 2 किमी लंबी सड़क चोरी हो गई थी, अब दरभंगा में 3 कट्ठे में फैला तालाब चोरी हो गया है। भू-माफिया ने धीरे-धीरे तालाब में मिट्टी भरकर रातों-रात उसपर झोपड़ी बना डाली है। नीम चौक के वार्ड नंबर 4 में इस तालाब की चोरी हुई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि 15 दिन पहले तक तालाब में पानी हुआ करता था, लेकिन धीरे-धीरे कुछ रातों में इसमें मिट्टी भरकर समतल कर दिया गया। मोहल्ले के लोगों ने इसकी सूचना शनिवार को दरभंगा सदर के एसडीपीओ अमित कुमार को दी। इसके बाद शनिवार को मौके पर पुलिस बल के साथ रउढड अमित कुमार पहुंचे। लेकिन तब तक भू-माफिया मौके से फरार हो गए। रउढड अमित कुमार ने मोहल्ले के लोगों से पूछताछ की। जिसमें यह बात सामने आई कि यह तालाब सरकारी है। इसकी बंदोबस्ती भी होती रही है। बीते कुछ समय से रात में इसे भरने का काम किया जा रहा था। स्थानीय निवासी सुनील कुमार ने बताया कि यहां सरकारी तालाब था। इसमें मछली पालन को लेकर टेंडर निकलता था। 5 साल पहले तक इसमें मछली पालन होता था. लेकिन अब कुछ समय से इस तालाब में कूड़ा-कचरा फेंका जाता था। सुनील का कहना है कि हम यहां 35 साल से रह रहे हैं। इस तालाब को 1 सप्ताह के अंदर भर दिया गया है। दिन-रात मिट्टी भराई की जाती रही। उस वक्त किसी ने संज्ञान नहीं लिया। अब मामले का खुलासा होने पर सदर एसडीपीओ और विश्वविद्यालय थाने की पुलिस आई है। इस संबंध में सदर एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि इस मामले को लेकर कुछ चिट्ठी भी आई थी। साथ ही मीडिया और स्थानीय लोगों ने भी जानकारी दी कि तालाब को भरकर झोपड़ी बना दी गई है। इस तालाब में मछली पालन और मखाना की खेती होती थी। इसके बाद मौके पर पहुंचकर मामले की पड़ताल की जा रही है। बताया जा रहा है कि पिछले 10 से 15 दिनों से रात में कुछ गाड़ियां से मिट्टी गिराकर तालाब को भर दिया गया है। आगे उन्होंने बताया कि पहले सीओ भी यहां आए थे। कुछ सामानों को सीज किया गया था। जो संबंधित विभाग और अधिकारी हैं, उनके संज्ञान में मामला लाया जाएगा और जैसा उचित होगा वैसा किया जाएगा। इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। बगल में एक और पोखर है जहां भी मिट्टी भराई का काम हो रहा था। वहां से दो लोगों को पूछताछ के लिए उठाया गया है।

# एक खामोश राहत


आठ पूर्व भारतीय नौसैनिकों को अक्टूबर में दी गई मृत्युदंड की सजा को कम करने संबंधी कतर की अपीलीय अदालत का फैसला उन नौसैनिकों और उनके परिवारों के लिए एक बड़ी राहत है। साथ ही, यह सरकार के लिए भी राहत भरी बात है जो सजा में नरमी के लिए राजनयिक माध्यमों का सहारा ले रही है। अदालत के ऐलान के 24 घंटे से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी जहां विस्तृत फैसले की प्रतीक्षा की जा रही है, वहीं दोषसिद्धि को कायम रखा जाना निराशाजनक है। सरकार और नौसैनिकों के परिवारों को अब कतर के ह्यकोर्ट ऑफ कैसेशनह्न, जो वहां की न्याय प्रणाली में उच्चतम अदालत है, में समीक्षा याचिका दायर करने से पहले अपनी कानूनी रणनीति और उनकी बेगुनाही के सबूतों का पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए। अगर न्यायिक अपील के सभी रास्ते बंद हो जाते हैं, तो सरकार के पास तीन विकल्प होंगे। पहला, कतर के सत्तारूढ़ अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी पर सजा की समीक्षा के लिए दबाव डालना जारी रखना। अगर यह तरीका विफल रहता है, तो नौसैनिक क्षमादान की अपील कर सकते हैं और माफी मांग सकते हैं, जो कतर के शासकों ने अतीत में दी है। सजा पाए व्यक्तियों के हस्तांतरण से संबंधित 2015 के द्विपक्षीय समझौते के मुताबिक, एक बार कारावास की अवधि स्पष्ट हो जाने के बाद, इन नौसैनिकों के लिए तीसरा विकल्प भारत में अपनी सजा पूरी करना होगा। हालांकि, इस विकल्प के लिए उन्हें यह स्वीकार करना होगा कि उनकी दोषसिद्धि को पलटा नहीं जा सकता है। इस प्रक्रिया के माध्यम से, सरकार को उच्चतम स्तर पर राजनयिक और राजनीतिक प्रयास करते हुए दिखते रहना चाहिए ताकि यह बताया जा सके कि ये नौसैनिक भारत के लिए प्राथमिकता हैं। महत्वपूर्ण है कि यह घटनाक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कतर के नेतृत्व के साथ पहली बार सार्वजनिक रूप से संपर्क साधने के बाद सामने आया है। मोदी ने 1 दिसंबर को कॉप28 के मौके पर कतर के अमीर से मुलाकात की थी। अगस्त 2022 में इन नौसैनिकों की गिरफ्तारी के बाद, यह सवाल अब बेमानी है कि इस किस्म का राजनीतिक संपर्क या दोहा के लिए एक उच्च-स्तरीय मिशन का कदम पहले ज्यादा फायदेमंद होता। यह वाकई काबिलेतारीफ है कि नई दिल्ली ने, कनाडा के आरोपों पर अपनाए गए रवैये के उलट, इस मसले पर कोई सार्वजनिक बयानबाजी नहीं करने का फैसला किया है। खासतौर पर मीडिया के कुछ हिस्से में दोहा को जिस तरह से निशाना बनाया गया है, वह एक प्रतिकूल कदम साबित होता। अगर इन नौसैनिकों को फंसाने वाला मामला किसी भी तरह से भारत की खुफिया सेवाओं से जुड़ा है, तो ऐसे किसी भी ऑपरेशन की उचित समीक्षा पर विचार करना महत्वपूर्ण होगा जो विदेशों में भारतीयों को खतरे में डाल सकता हो। नई दिल्ली ने इस मामले को इजराइल द्वारा गाजा पर जारी बमबारी को लेकर क्षेत्र में बढ़ते तनाव से प्रभावित नहीं होने देकर भी अच्छा काम किया है। यह उम्मीद की जानी चाहिए कि लगातार संतुलित रवैये व कतर की संवेदनशीलता का ध्यान रखते हुए, एक शांत लेकिन दृढ़ प्रयास के जरिए आठ भारतीयों को सुरक्षित घर वापस लाया जाएगा।

# राहत पर विवाद

तमिलनाडु में भारी बारिश के दो दौर के बाद बाढ़ राहत को लेकर केंद्र और राज्य सरकार के बीच की हालिया विवाद ने उन लोगों को निराश किया है जो अपनी जिंदगी दोबारा खड़ी करने के लिए जूझ रहे हैं। कुछ शब्दों को लेकर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और राज्य के युवा कल्याण मंत्री उदयनिधि स्टालिन के बीच रार नहीं ठननी चाहिए थी। इसके बजाय, सारा ध्यान 17-18 दिसंबर को बारिश से बेहाल हुए इस दक्षिणी राज्य में सामान्य स्थिति की बहाली सुनिश्चित करने पर केंद्रित होना चाहिए। खुशकिस्मती की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेहतर अक्लमंदी दिखायी और उन्होंने मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन को केंद्र के समर्थन का भरोसा दिलाया। इससे पहले, स्टालिन ने नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी के साथ बैठक में 7,033 करोड़ रुपये की अंतरिम राहत निधियों और चेन्नई इलाके में मिचौंग चक्रवात से पहले हुए नुकसान के लिए 12,659 करोड़ रुपये की अंतिम राहत निधि की मांग की। वह प्रधानमंत्री राहत कोष से दक्षिणी जिलों के लिए 2,000 करोड़ रुपये भी चाह रहे थे। राज्य ने केंद्र सरकार से कुल 21,692 करोड़ रुपये की मांग की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह चेन्नई इलाके का हवाई सर्वेक्षण पहले ही कर चुके थे। उन्होंने राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) को 450 करोड़ रुपये की दूसरी किस्त जारी करने की घोषणा भी की थी। केंद्र ने चेन्नई में बाढ़ नियंत्रण परियोजना के लिए 500 करोड़ रुपये भी मंजूर किये हैं। प्रभावित क्षेत्रों में अंतर-मंत्रालयी टीमों के दौरों के बाद राज्य अब नयी केंद्रीय घोषणा का इंतजार कर रहा है। जैसा कि सीतारमण ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, केंद्र सरकार किसी भी प्राकृतिक आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित नहीं करती है। केंद्रीय टीमों द्वारा आकलन किये जाने के बाद ही, किसी प्राकृतिक आपदा को गंभीर प्रकृति की आपदा के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, जैसा कि उत्तराखंड में 2013 की बाढ़ और केरल में 2018 की बाढ़ के मामले में देखा गया। ऐसे मामले में, राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि (एनडीआरएफ) से अतिरिक्त वित्तीय मदद का प्रावधान है। लिहाजा, तमिलनाडु में बाढ़ को राष्ट्रीय आपदा करार दिये जाने का कोई सवाल ही नहीं है। केंद्र सरकार को राहत के मामले में स्पष्ट दिशानिर्देश सुनिश्चित करने चाहिए।

# कालगणना नहीं, कालबोध है महत्वपूर्ण


ANALYSIS



✍ हृदयनारायण दीक्षित

ऋग्वेद के ऋषि ऊषा के सौन्दर्य का वर्णन करते हैं। बताते हैं कि यह ऊषा नई हैं और पुराणी युवती हैं। पुराणी युवती शब्द का प्रयोग ध्यान देने योग्य है। युवती शब्द का प्रयोग तरुण स्त्री के लिए होता है। लेकिन ऋषि की अनुभूति में ऊषा पुरानी होकर भी नई हैं। चन्द्र भी प्रतिदिन नया है और साथ साथ पुराना भी। प्रत्येक पूर्णिमा नई है और अमावस्या भी नई है। वर्षा की हर एक बूंद भी नई है। शीत नई है और ऊष्मा भी नई है। यहां नए का अलग अस्तित्व नहीं है। वह पहले से गतिशील अस्तित्व का विस्तार है। समय भी नया या पुराना नहीं होता। समय अखण्ड है। यूरोपीय काल गणना के अनुसार आज (रविवार) देररात 12 बजे वर्षान्त होगा और उनकी मान्यता के अनुरूप नववर्ष प्रारम्भ हो जाएगा। ह्यहैप्पी न्यू ईयरह्य की तैयारियां जोरों पर हैं। इन तैयारियों में अस्तित्व की अनुकम्पा व प्रसाद के गीत नहीं है। अनेक लोग इसी बहाने नई तरह की दारू का इंतजाम कर रहे हैं और नाच गाने का भी। 'हैप्पी न्यू ईयर' सिर पर चढ़कर बोल रहा है।

अस्तित्व सदा से है और सदा रहता है। यह सनातन है। चिरन्तन है। यह नया या पुराना नहीं होता। लेकिन अनुभव और अनुभूति में यह प्रतिपल नया है। सूर्य प्रतिपल नया है। हर एक सूर्योदय नया है। इसके पहले मुदित मन प्रतिदिन आती ऊषा भी नई है। ऋग्वेद के ऋषि ऊषा के सौन्दर्य का वर्णन करते हैं। बताते हैं कि यह ऊषा नई हैं और पुराणी युवती हैं। पुराणी युवती शब्द का प्रयोग ध्यान देने योग्य है। युवती शब्द का प्रयोग तरुण स्त्री के लिए होता है। लेकिन ऋषि की अनुभूति में ऊषा पुरानी होकर भी नई हैं। चन्द्र भी प्रतिदिन नया है और साथ साथ पुराना भी। प्रत्येक पूर्णिमा नई है और अमावस्या भी नई है। वर्षा की हर एक बूंद भी नई है। शीत नई है और ऊष्मा भी नई है। यहां नए का अलग अस्तित्व नहीं है। वह पहले से गतिशील अस्तित्व का विस्तार है। समय भी नया या पुराना नहीं होता। समय अखण्ड है। यूरोपीय काल गणना के अनुसार आज (रविवार) देररात 12 बजे वर्षान्त होगा और उनकी मान्यता के अनुरूप नववर्ष प्रारम्भ हो जाएगा। ह्यहैप्पी न्यू ईयरह्य की तैयारियां जोरों पर हैं। इन तैयारियों में अस्तित्व की अनुकम्पा व प्रसाद के गीत नहीं है। अनेक लोग इसी बहाने नई तरह की दारू का इंतजाम कर रहे हैं और नाच गाने का भी। 'हैप्पी न्यू ईयर' सिर पर चढ़कर बोल रहा है। यूरोपीय नववर्ष लगभग हर वर्ष अपने साथ कड़ाके की ठण्ड और सर्द हवाएं लेकर आता है। अंग्रेजी कैलेंडर में जनवरी में जनवरी ही नई है। वैसे जनवरी में कुछ भी नया नहीं होता। न कोई आह्लाद। न प्रसाद, न ऋतु। न आनंद। प्रकृति का कोई छंद और न सुख अनुभव कराने वाली कोई गंध और न स्पर्श। गंध ढोकर लाने वाली हवाएं स्वयं शीत के



प्रभाव में हैं। वातावरण में सर्दी ही सर्दी है। सर्दी भी स्वयं दुबकी हुई दिखाई पड़ती है। सर्दी और कोहरे ने 'हैप्पी न्यू ईयर' का मजा कम कर दिया है। तो भी लोगबाग एक दिन पहले से ही 'हैप्पी न्यू ईयर' का नगाड़ा बजा रहे हैं। प्रकृति ने जम्बूद्वीप भरतखण्ड को पूरे मनोयोग से गढ़ा है। यहां सत्य शिव सौन्दर्य की छटा है। प्रकृति नाना रूपवती है। जम्बूद्वीप भरतखण्ड में सदा नीरा नदियां हैं। इठलाती गीत जाती नदियां स्वयं आनंद रस परिपूर्ण हैं। यहां नदियां माताएं हैं और देवियां हैं। इस भूखण्ड में अनंत जलराशि वाले समुद्र भी हैं। फूलों की घाटियां हैं। आकाश छूने को लालायित विशाल मंदिर हैं। सब तरफ वन उपवन हैं। गंधमादन वातायन है। जलाशयों में कमल के फूल हैं। कालिदास ने मेघदूत में कमल के फूलों वाले क्षेत्रों की मोहक चर्चा की है। अथर्ववेद के भूमि सूक्त में भी कमल की विस्तृत चर्चा है। यहां 6 ऋतुएं हैं। सभी ऋतुओं के अपने आकर्षण हैं। लेकिन अंग्रेजी नववर्ष में नदियों में कोई उल्लास नहीं होता। दिशाएं उल्लासधर्मा नहीं होतीं। प्रकृति के नियम शाश्वत हैं। पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा करती है। दिन रात मिलाकर 720 अहोरात्र हैं। अहोरात्र दिन रात के जोड़े हैं। पृथ्वी सहित अनेक ग्रह गतिशील हैं। हमारे पूर्वजों ने काल को चक्रीय बताया है। चक्र की गति में प्रथम और आखिरी नहीं होता। तब नया साल कहां से आया। हमारी समस्या है कि नए साल की गिनती कहां से शुरू करें। प्रश्न यह भी है कि नए साल की गिनती पहली जनवरी से क्यों शुरू होती है। न्यू ईयर वाली जनवरी बिंदास होती है। लेकिन जनवरी में बसंत जैसी सुगन्धित वायु नहीं बहती। वातावरण मधुवाता नहीं होता। मन प्रश्नाकुल है नया साल बसंत से क्यों नहीं शुरू होता? फाल्गुन या चैत्र से क्यों नहीं। यूरोपीय विद्वानों ने हड़बड़ी में 10 महीने का कैलेंडर बनाया था। उनके कैलेंडर में तब जनवरी और फरवरी नहीं थे। तब कैलेंडर का सातवां महीना सितम्बर था। लैटिन में सितम्बर सेपटेमबर है। आठवां अक्टूबर है। नवां नवंबर है और दसवां दिसम्बर है। अंग्रेजी कैलेंडर के सातवें, आठवें, नवें और दसवें महीने संख्यावाची हैं। बाद में इसमें जनवरी और फरवरी जोड़ दी गई। तब सातवां माह नवां हो गया। आठवां अक्टूबर था लेकिन दसवां हो गया। नवां नवंबर था। यह ग्यारहवां हो गया और दसवां दिसम्बर बारहवां हो गया। कालगणना महत्वपूर्ण नहीं है। काल बोध महत्वपूर्ण है। काल अस्तित्व से परे नहीं है। अस्तित्व सर्जक है। इसका प्रत्येक अणु गतिशील है। गति से समय है। दिन, रात, मास व वर्ष काल के अंग हैं। लेकिन सृष्टि के पहले समय नहीं था। ऋग्वेद में कहते हैं, 'तब न रात्रि थी न दिन।' अर्थात समय नहीं था। ऋग्वेद के अनुसार आकाश भी नहीं था। तब वायु भी नहीं थी। लेकिन अस्तित्व वायुहीन वातावरण में अपनी क्षमता के बल पर सांस ले रहा था-'अनादि वातं स्वधया तदेकं।' सब तरफ गहन अंधकार था और जल ही जल था। वह अगाध जलों में प्रकट हुआ। समय का जन्म गति से हुआ है। भारतीय चिंतन में काल को जगत का नियन्ता भी कहा गया है। अथर्ववेद के 19वें काण्ड में कहते हैं, 'काल से सब उत्पन्न होते हैं। काल सबका पिता है। काल से काल उत्पन्न होता है।' बताते हैं कि काल पिता है और काल ही पुत्र है। काल से जल पैदा हुआ। काल से ज्ञान तप और दिशाएं उत्पन्न हुईं। काल से सूर्योदय और काल से सूर्यास्त है। काल में मन है और काल में प्राण है।' यहां सर्वव्यापी हो गया है। वैसे काल का अस्तित्व एक समान नहीं होता। हम किसी आत्मीय के साथ होते हैं तो काल अल्प प्रतीत होता है। किसी बुरे आदमी की संगति में काल बहुत लम्बा जान पड़ता है। महाभारत में व्यास ने काल की महिमा बताई है, 'काल से ऋतुएं हैं। काल से वनस्पतियां उगती हैं। काल से वर्षा है। काल से वायु की गति है। काल से वृक्षों पर फूल खिलते हैं। काल से स्त्रियां गर्भवती होती हैं। काल से सूर्य तपते हैं। काल से युद्ध होते हैं। काल से ही जय पराजय होती है। सब कुछ काल के अधीन है।' यहां काल सर्वव्यापी जान पड़ता है। वह महाकाल हो गया है। लेकिन इसी महाभारत में बहुत सुन्दर ढंग से राजा या शासन व्यवस्था को काल से बड़ा बताया गया है-'पूछा गया है कि, राजा काल का कारण है या काल राजा का? उत्तर है-राजा काल का कारण है। यहां राजा को बड़ा बताया गया है। यह भारत का काल बोध है।' न्यू ईयर में काल बोध नहीं है। भारत में सीधे नए साल की महत्ता नहीं है। ऋग्वेद के अनुसार सृष्टि का उद्भव जल से हुआ था। अंधकारपूर्ण अगाध जल से यह अस्तित्व प्रकट हुआ था। सृष्टि के उदय की यह मुहूर्त संवत्सर कही जाती है। सृष्टि के उदय की मुहूर्त महत्वपूर्ण है। दुनिया भर के सभी हिन्दू चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को अपना नववर्ष मनाते हैं। हम भारत के लोग उत्सव प्रिय हैं इसलिए अंग्रेजी नववर्ष की गणना भी विश्व बंधुत्व के आधार पर सहज रूप में लेते हैं। आप सबका न्यू ईयर हैप्पी हो।

**लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।**

# चुनावी भंवर में फंसी कांग्रेस

लोकसभा चुनाव का आगाज होने से पहले 14 जनवरी से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी न्याय यात्रा शुरू करने वाले हैं। उनकी 67 दिन की यह प्रस्तावित यात्रा 67 जिलों और 14 राज्यों से गुजरेगी। राहुल की यह न्याय यात्रा निसंदेह चुनावी माहौल को कांग्रेस के लिए अनुकूल बनाने के लिए होगी, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या कांग्रेस बिना सशक्त विचारधारा, स्पष्ट नीतियों और सशक्त नेतृत्व के बिना सत्ताधारी दल भाजपा को लोकसभा चुनाव में चुनौती दे पाएगी? क्या यह सच नहीं है कि लगभग 140 साल पुराना सियासी दल कांग्रेस इस समय लचर नेतृत्व और स्पष्ट विचारधारा के संकट से गुजर रहा है? वर्तमान में सत्ताधारी दल भाजपा काफी मजबूत स्थिति में है। भाजपा का मुकाबला करने के लिए 28 विपक्षी दलों ने मिलकर इंडिया नामक एक एलायंस बनाया है। लेकिन सीटों के बंटवारे और प्रधानमंत्री पद के चेहरे को लेकर जिस तरीके से इन दलों के बीच परस्पर मतभेद उभरे हैं, उससे इस गठबंधन की एकजुटता पर भी सवालिया निशान लग गया है। इस एलायंस का प्रमुख घटक दल कांग्रेस है। इस पार्टी ने देश के स्वतंत्र होने के बाद कई दशकों तक देश में शासन किया है। लेकिन आज यह पार्टी संकट के दौर से गुजर रही है। अपनी विचारधारा और सशक्त नेतृत्व के चलते ही कांग्रेस महज एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि आंदोलन था। सर्वविदित है कि देश की आजादी में कांग्रेस का अहम योगदान रहा है। लेकिन समय के साथ-साथ यह दल खुद को बदलने में पूरी तरह विफल रहा। अपनी लचर नीतियों एवं नेतृत्व के चलते ही उसे हाल ही में संपन्न पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में तीन प्रमुख तीन राज्यों-राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में बुरी तरह से शिकस्त का सामना करना पड़ा। वर्ष 1885 में कांग्रेस का गठन हुआ था, उसके बाद से पार्टी की एक स्पष्ट विचारधारा विकसित हुई थी। आजादी के बाद पार्टी गांधीवादी विचारधारा से ओतप्रोत होकर सर्वजन हिताय की बात करती थी। पार्टी ने जवाहर लाल नेहरू के बाद लाल बहादुर शास्त्री के प्रधानमंत्री रहते कुछ हद तक इस विचारधारा को कायम रखा। लेकिन इंदिरा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद चीजें बदलने लगीं। हालांकि उस दौरान स्थिति उतनी खराब नहीं थी, लेकिन सोनिया गांधी और राहुल गांधी के अध्यक्ष बनने के बाद पार्टी में जबरदस्त तरीके से स्पष्ट विचारधारा का अभाव देखने को मिलता है। पिछले कुछ दशकों में कांग्रेस के ह्यगांधीवादह्न में भयंकर घालमेल हुआ है। बाहरी मुखौटा तो गांधी दर्शन का है, किंतु आंतरिक चरित्र अवसरवादी बन गया है। आज कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल कभी खुद हिंदूवादी होने का दिखावा करते हैं तो कभी जे.एन.यू. में देशद्रोह मामले में आरोपितों के साथ खड़े दिखाई देते हैं, तो कई बार भारतीय सैनिकों की शौर्य-क्षमता पर ही सवाल उठा देते हैं। यही नहीं, वे इस्लामी आतंकियों और जिहादियों के प्रति सहानुभूति तक दिखा देते हैं। ऐसे में कांग्रेस की खुद की अपनी विचारधारा क्या है, यह पता लगना बेहद जटिल है। इसके अलावा कांग्रेस में सशक्त नेतृत्व का जबरदस्त संकट है। नेतृत्व और नीतिगत मोर्चे पर कांग्रेस आज बुरी तरह विफल रही है। पहले सोनिया गांधी पार्टी की अध्यक्ष रहीं और उसके बाद राहुल गांधी कांग्रेस अध्यक्ष रहे। कांग्रेस 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में बुरी तरह पराजित हो चुकी है। राहुल ने खुद की इमेज को ठीक करने के लिए भारत जोड़ो यात्रा सहित बहुत प्रयास किए और अब 14 जनवरी से न्याय यात्रा पर निकल रहे हैं। यही नहीं, 28 दलों के गठबंधन में जिस तरीके से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री पद का कैंडीडेट राहुल की जगह कांग्रेस के वर्तमान अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम प्रस्तावित कर दिया, उससे यह पता चलता है कि विपक्षी दल भी राहुल को इस पद का चेहरा नहीं मानते। यह कमजोर नेतृत्व का ही परिणाम है कि राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के झगड़े सार्वजनिक रूप से चलते रहे और राहुल गांधी कुछ नहीं कर पाए। इसी तरीके से पार्टी में उपेक्षित होने के चलते युवा नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया, जतिन प्रसाद और आरपीएन सिंह जैसे नेताओं ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। पार्टी में कमजोर नेतृत्व के अलावा पार्टी की स्पष्ट नीति का अभाव भी देखने को मिलता है। कांग्रेस कई बार बड़े मुद्दों को ठीक तरीके से नहीं उठा पाती है। मामला चाहे कृषि कानूनों का रहा हो या देश में चल रहे भ्रष्टाचार का, उसमें पार्टी स्पष्ट स्टैंड नहीं ले पाई। उसके पास अंतरराष्ट्रीय समस्याओं पर नीतियों का नितांत अभाव देखने को मिलता है। नीतियों के नाम पर बदलते हुए जुमले और समय-समय पर परिवर्तन होने वाले केवल नारे तो दिखते हैं, पर ठोस नीति नहीं होती। अब हम अगर खाली सनातन धर्म पर कांग्रेस के ढुलमुल नीति की बात करें तो राहुल गांधी मंदिरों के दर्शन एवं भगवान की पूजा अर्चना करते दिखाई देते हैं तो कई बार सनातन का अपमान करने वालों पर कुछ बोलने की जगह चुप्पी साध लेते हैं। यही कारण है कि कांग्रेस पार्टी के ही वरिष्ठ नेता आचार्य प्रमोद कृष्णन ने पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के बाद कहा है कि सनातन धर्म के विरोध का पाप और जातिवाद की राजनीति कांग्रेस को ले डूबेगी। खुद सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं। उनसे नेशनल हेराल्ड की संपत्ति के मामले में ईडी पूछताछ कर रही है। इनकम टैक्स विभाग ने हाल ही में कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू के ओडिशा एवं झारखंड आवास पर छापेमारी कर 351 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति जब्त की गई है। वास्तविकता तो यह है कि बिना विचारधारा के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा के इस युग में ढुलमुल सोच एवं नीतियों वाली पार्टियां बिलकुल नहीं टिक सकतीं। अगर कांग्रेस को भाजपा से मुकाबला करना है तो उसे अपना न केवल सांगठनिक तानाबाना सशक्त करना होगा बल्कि नेतृत्व, विचारधारा और नीति के मामले में आमूलचूल परिवर्तन करना होगा।

## Social Media Corner

**सच के हक में...**



झारखंड में गढ़वा जिले के एक आदिवासी गांव ने बच्चों को उनकी ही मातृभाषा में शिक्षा देने की अनूठी पहल की है। इससे बच्चों के सीखने की गति तेज हुई है और विलुप्त होती जा रही कुडुख भाषा के प्रति भी लोगों की जागरूकता बढ़ी है।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)**



यदि समाज में कोई किसी भी तरह का अपराध करता है भले ही अपराध अल्पमात्रा में हो या उसका स्वरूप बहुत छोटा हो तो भी उसका विरोध होना चाहिए नहीं तो अपराधी भविष्य में वृहद स्तर पर अपराध करेगा जो समाज के लिए अहितकर होगा। झारखंड के बारे में अखबारों में छप रही हैरान करने वाली खबरों से यह सच साबित हो रहा है।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)**



जेल में बंद आरोपी फोन पर एक प्रतिष्ठित अखबार के प्रधान सम्पादक को धमकी देने का दुस्साहस करे तो समझिए राज्य में संवैधानिक व्यवस्था पर संकट है .जेल में बंद अभियुक्त समूह ही प्रशासन पर हावी होंगे तो संविधान के प्रावधान न्यायालय से कैसे न्याय दिला पाएंगे @HemantSorenJMM कारवाई करे।

**(सरयू राय का 'एक्स' पर पोस्ट)**

# बढ़ती अर्थव्यवस्था ने बढ़ायीं उम्मीदें

बढ़ती मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में लगातार वृद्धि को देखते हुए ऐसा लगा था कि 2023 वैश्विक मंदी का साल होगा। पहले महामारी और फिर रूस-यूक्रेन युद्ध एवं पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण आपूर्ति शृंखला में आते अवरोध से भी अर्थव्यवस्था के कमजोर होने की आशंका बनी रही, लेकिन साल के अंत तक ऐसी आशंकाएं गलत साबित हुईं। इस वर्ष सकल वैश्विक उत्पादन में लगभग तीन प्रतिशत वृद्धि होने की संभावना है। दुनिया भर में रोजगार बाजार लगातार बढ़ोतरी हुई, हालांकि इसकी दर बहुत अधिक नहीं रही। आम तौर पर मुद्रास्फीति भी घटती गयी है और विश्वभर के शेयर बाजारों में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कहा जा सकता है कि वैश्विक मंदी की आशंकाएं बढ़ा-चढ़ा कर बतायी जा रही थीं और सबसे बुरा दौर बीत चुका है, लेकिन वैश्विक अर्थव्यवस्था पर चर्चा करते हुए यह भी रेखांकित किया जाना चाहिए कि जहां कुछ देशों की अर्थव्यवस्था की स्थिति अच्छी रही, वहीं कुछ देशों का प्रदर्शन वैसा नहीं रहा। मूल्य प्रबंधन, सकल घरेलू उत्पादन (जीडीपी) में वृद्धि, रोजगार बढ़ाने और शेयरों के दाम के मामलों में यूनान ने लगातार दूसरे साल भी बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। यह प्रदर्शन इसलिए उल्लेखनीय है कि कुछ साल पहले तक यूनानी अर्थव्यवस्था को लेकर तमाम चिंताएं जतायी जा रही थीं। इसी तरह दक्षिण कोरिया और अमेरिका की अर्थव्यवस्थाओं का प्रदर्शन भी उत्साहजनक रहा। दिलचस्प है कि कुछ अन्य अच्छे प्रदर्शन उत्तर और दक्षिण अमेरिका के देशों में देखने को मिले। कनाडा और चिली शीर्ष के तीन देशों से बहुत पीछे नहीं हैं। सबसे निराशाजनक स्थिति उत्तरी यूरोप के देशों में रही, जिनमें ब्रिटेन, जर्मनी, स्वीडन और फिनलैंड शामिल हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण ऊर्जा स्रोतों के दाम में बड़ी वृद्धि तथा चीन से आयातित कारों से प्रतिस्पर्धा जैसे कारणों से जर्मनी की स्थिति खराब है। ब्रिटेन अभी भी यूरोपीय संघ से अलग होने के परिणामों से जूझ रहा है। माना जा रहा था कि यूरो जोन से निकलना ब्रिटेन के लिए लाभप्रद नहीं होगा और ऐसा ही होता हुआ दिख रहा है। कुछ अन्य यूरोपीय देश भी यूक्रेन युद्ध से महंगे हुए तेल और गैस के कारण मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। एस्टोनिया ऐसा ही एक देश है। रूसी ऊर्जा आपूर्ति पर बहुत अधिक निर्भर फिनलैंड की अर्थव्यवस्था भी संकटग्रस्त है। ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, जर्मनी और स्पेन जैसे देशों में अब भी मुद्रास्फीति उच्च स्तर पर है। हालांकि बहुत अच्छा प्रदर्शन करने वाले देशों में आर्थिक वृद्धि अच्छी रही, पर दुनिया भर में उत्पादकता बढ़ोतरी कमजोर रहने से वैश्विक अर्थव्यवस्था उस गति से नहीं बढ़ पा रही है, जैसी उसकी क्षमता है। कुछ देशों में रोजगार जरूर बढ़े, पर आंकड़े शून्य से कुछ ही ऊपर हैं। इस कारण साल के शुरू में श्रम बाजार जैसे ठिठका हुआ था, वही हाल साल के अंत में भी है। चीन की अर्थव्यवस्था में कमी आने से भी वैश्विक वृद्धि प्रभावित हुई है। मुद्रास्फीति को सफलतापूर्वक नियंत्रित करने के बाद भी चीन में जीडीपी की दर कमतर है और रोजगार वृद्धि में भी गिरावट आयी है। इसी बीच वर्तमान वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल से सितंबर) में भारतीय अर्थव्यवस्था ने औसतन 7.7 प्रतिशत की वृद्धि कर कई लोगों को अचरज में डाल दिया है। लागत खर्च में कमी तथा कॉर्पोरेट मुनाफे में बढ़ोतरी के साथ ऐसी वृद्धि अगले कुछ तिमाहियों तक बनी रहेगी, लेकिन मुद्रास्फीति अभी भी चिंता का विषय है। हालांकि हालिया आंकड़े सुधार को इंगित कर रहे हैं, पर रिजर्व बैंक का मानना है कि मुद्रास्फीति को लेकर सतर्क रहने की आवश्यकता है। भारतीय शेयर बाजारों में बड़ी तेजी निकट भविष्य में ब्याज दरों में कटौती का एक कारण हो सकती है, लेकिन रिजर्व बैंक को दामों पर, खास कर खाद्य और ऊर्जा में, नजर रखनी होगी।

# कोरोना की चुनौती

देश के नौ राज्यों में कोरोना वायरस के नये रूप जेएन.1 के संक्रमण के मामले सामने आये हैं। बीते दिन 529 नये मामले आये और पांच लोगों की मौत हुई। बुधवार को मंगलवार की तुलना में दुगुने से भी अधिक लोग संक्रमित हुए। इस माह की आठ तारीख को केरल में पहली बार इस वायरस के संक्रमण के पता चला था। फिलहाल सबसे अधिक संक्रमण गुजरात और कर्नाटक में है। लेकिन यह संतोष की बात है कि कहीं भी स्थिति बिगड़ने के आसार नहीं हैं और जांच का दायरा बढ़ाया जा रहा है। अधिकतर संक्रमितों में लक्षण मामूली हैं। कर्नाटक में संक्रमितों को घर में रहने के निर्देश दिये गये हैं। सभी राज्यों ने अपने स्तर पर जांच और उपचार की व्यवस्था की समीक्षा की है तथा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय भी हालात पर नजर रखे हुए है। नयी दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में सांस के संक्रमण से परेशान मरीजों की कोरोना जांच अनिवार्य कर दिया गया है। एम्स ने लोगों के लिए अनेक सुझाव भी दिये हैं। अगर किसी व्यक्ति को बीते दस दिनों में सांस लेने में परेशानी हो रही हो, खांसी और बुखार हो, तो उसे कोरोना जांच करा लेना चाहिए। कुछ दिन पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वायरस और संक्रमण पर निगाह रखने की हिदायत देते हुए कहा था कि अभी तक की जानकारी के अनुसार यह वायरस जानलेवा नहीं है और इससे सामान्य बीमारी ही हो रही है। भारतीय विशेषज्ञों ने भी रेखांकित किया है कि संक्रमण के कारण मौत या गंभीर रूप से बीमार होने की आशंका उन्हीं रोगियों के साथ अधिक है, जिन्हें पहले से ही कोई बेहद गंभीर बीमारी है। यह तथ्य भी आश्वस्त करने वाला है कि पूर्ववर्ती वायरसों के दौरान लिये गये टीके इस वायरस का मुकाबला करने में भी सक्षम हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, अब तक टीकों की 220 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी है, लेकिन 23 करोड़ से कम बूस्टर डोज लिये गये हैं।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899 Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# नए साल में भी तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा भारत

**नई दिल्ली ।**

भारत ने 2023 में वैश्विक स्तर पर प्रतिकूल परिस्थितियों में भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्था का दर्जा बरकरार रखा। बढ़ती मांग, घटती महंगाई, स्थिर ब्याज दर परिदृश्य और मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार की वजह से 2023 में भी भारतीय अर्थव्यवस्था की चमक बनी रही। दुनिया के विकसित देशों में व्यापक निराशावाद और बिगड़ती भू-राजनीतिक स्थिति के बावजूद मार्च तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रही। जून तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी, जबकि सितंबर तिमाही में वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रही। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रही है। भारतीय अर्थव्यवस्था की यह रफ्तार दिसंबर तिमाही में भी जारी रहने की उम्मीद है। इस तरह भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। यानी भारत इस मामले में चीन से आगे रहेगा। आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) के ताजा वृद्धि अनुमान के अनुसार भारत 2023 में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करेगा, जो चीन और ब्राजील की वृद्धि दर क्रमशः 5.2 प्रतिशत और तीन प्रतिशत से कहीं अधिक है। ओईसीडी का अनुमान है कि 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.1 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी, जबकि चीन की वृद्धि दर 4.7 प्रतिशत रहेगी। हालांकि भारत के संदर्भ में ओईसीडी के वैश्विक वृद्धि दर के अनुमान को कुछ कम माना जा रहा है। वहीं दूसरी ओर




अमेरिका, ब्रिटेन और जापान सहित कुछ प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में नए साल में आर्थिक वृद्धि दर में या तो गिरावट आ सकती है, या इनमें मामूली बढ़ोतरी हो सकती है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के विश्व आर्थिक परिदृश्य के अनुसार वैश्विक वृद्धि 2022 में 3.5 प्रतिशत से घटकर 2023 में तीन प्रतिशत और 2024 में 2.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

## नए साल में 70 हजार पहुंच सकता है सोना, चांदी भी चमकेगी

### फिलहाल एमसीएक्स पर सोना 63,060 रुपये प्रति 10 ग्राम

**मुंबई ।** नए साल 2024 में भी पीली धातु की चमक बरकरार रहेगी। अगले वर्ष सोना 70,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि रुपये की स्थिरता, भूराजनीतिक अनिश्चितता और धीमी वैश्विक आर्थिक वृद्धि के कारण नए साल में भी सोना चमकता रहेगा। फिलहाल जिंस एक्सचेंज एमसीएक्स में सोना 63,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है। वै श्विक बाजार में यह 2,058 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के आसपास है। दिसंबर की शुरुआत में वैश्विक तनाव से पश्चिम एशिया में सोने के भाव फिर चढ़ गए। उभरते बाजार के कारोबारियों का अनुमान है कि ब्याज दर में बढ़ोतरी का चक्र कमोबेश समाप्त हो चुका है। हालांकि इस साल सोने की कीमतों में काफी उतार-चढ़ाव रहा। घरेलू बाजार में चार मई को पीली धातु का भाव 61,845 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक नए उच्चस्तर पर पहुंच गया।

वैश्विक बाजारों में यह 2,083 डॉलर प्रति औंस की नई ऊंचाई पर पहुंच गया। बाद में 16 नवंबर को सोना 61,914 रुपये प्रति 10 ग्राम की रिकॉर्ड ऊंचाई को छू गया। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि खुदरा आभूषण खरीदारी को भारत और चीन में उच्च घरेलू कीमतों से प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। यदि मौजूदा रफ्तार जारी रहती है, तो केंद्रीय बैंकों की मांग पिछले साल के रिकॉर्ड से अधिक हो सकती है। उन्होंने कहा कि सोने का भाव भले ही कुछ समय तक ऊंचा बना रहे, लेकिन मौजूदा भू-राजनीतिक माहौल, धीमी वैश्विक वृद्धि और आर्थिक अनिश्चितता की वजह से पीली धातु का आकर्षण बना रहेगा। एक अन्य बाजार विशेषक कहते हैं` कि सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव से बिक्री पर असर पड़ा है और 30-35 लाख शादियों के बावजूद इस साल पीली धातु का कारोबार कमोबेश 2022 जैसा ही रहेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दरें घटाने और भूराजनीतिक तनाव जारी रहने, कमजोर रुपये से सोने को समर्थन मिलेगा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में यह 2,250-2,300 डॉलर प्रति औंस पर जा सकता है। घरेलू बाजार में यह 68,000-70,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक जा सकता है।

## साल के आ खिरी कारोबार में अडानी की कमाई में 1.10 अरब डॉलर का इजाफा

### - एलन मस्क की आय में सबसे ज्यादा 3.36 अरब डॉलर की गिरावट आई

**नई दिल्ली ।**

साल के अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को दुनियाभर के ज्यादातर प्रमुख अमीरों की कमाई में गिरावट देखने को मिली। भारत में भी शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। लेकिन इस गिरावट में अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की लॉटरी लग गई। अडानी ग्रुप की दस लिस्टेड कंपनियों में से नौ के शेयर तेजी के साथ बंद हुआ और अडानी की आय में 1.10 अरब डॉलर यानी करीब 91,57,37,35,000 रुपये का इजाफा हुआ। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक साल के आखिरी कारोबारी दिन अडानी दुनिया में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले अमीर रहे। इसके साथ ही उनकी आय 84.3 अरब डॉलर पहुंच गई है। वह दुनिया के रईसों की सूची में 15वें स्थान पर हैं। शुक्रवार को अडानी ग्रुप की दस में से नौ कंपनियों के शेयरों में तेजी रही। अडानी ग्रीन एनर्जी और अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस के शेयरों में दो फीसदी से ज्यादा तेजी रही जबकि अडानी एंटरप्राइजेज, एसीसी और अंबूजा सीमेंट्स के शेयरों में एक फीसदी से अधिक तेजी आई। इससे साल जाते-जाते अडानी की कमाई ज्यादा रही। इस साल उनकी कमाई में 36.2 अरब डॉलर की गिरावट आई है। अडानी प्रमुख 20 अमीरों में मुनाफा गंवाने वाले एकमात्र शख्स हैं। 24 जनवरी को हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट के कारण अडानी ग्रुप के शेयरों में काफी गिरावट आई। शुक्रवार को दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की आय में सबसे ज्यादा 3.36 अरब डॉलर की गिरावट आई। इससे पहले गुरुवार को भी उनकी आय में पांच अरब डॉलर से ज्यादा गिरावट आई थी। हालांकि इस साल सबसे ज्यादा कमाई के मामले में मस्क पहले नंबर पर हैं। इस साल उनकी आय में 92 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है और वह 229 अरब डॉलर के मुनाफे के साथ दुनिया के अमीरों की सूची में पहले नंबर पर बने हुए हैं। इस सूची में फ्रांस के कारोबारी बर्नार्ड आरनॉल्ट 179 अरब डॉलर के मुनाफे के साथ दूसरे नंबर पर हैं। इस साल उनकी कमाई में 17 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस (177 अरब डॉलर) इस सूची में तीसरे नंबर पर हैं। माइक्रोसॉफ्ट के बिल गेट्स (141 अरब डॉलर) चौथे, स्टीव बालमर (131 अरब डॉलर) पांचवें, फेसबुक के मार्क जकरबर्ग (128 अरब डॉलर) छठे, लैरी पेज (126 अरब डॉलर) सातवें, लैरी एलिसन (123 अरब डॉलर) आठवें, सर्गेई ब्रिन (120 अरब डॉलर) नौवें और वॉरेन बफे (120 अरब डॉलर) दसवें नंबर पर हैं।

# पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली ।**

वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में रविवार को कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर रहे। तेल विपणन करने वाली कंपे निपयों की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार देश में रविवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर साप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.61 प्रतिशत उतरकर 71.33 डॉलर प्रति बैरल और लंदन ब्रेंट क्रूड 0.09 प्रतिशत गिरकर 77.08 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। देश के चार महानगरों में पेट्रोल और डीजल की कीमत इस प्रकार रही- दिल्ली पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर, डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर, डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई पेट्रोल 102.73 रुपए प्रति लीटर, डीजल 94.33 रुपए प्रति



लीटर, कोलकाता पेट्रोल 106.03 रुपए प्रति लीटर और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर है।

## नव वर्ष के जश्न को लेकर उत्साह, होटल कारोबार बढ़ने की उम्मीद

नई दिल्ली । कोविड-19 के बढ़ते मामलों के बाद भी फिर लोग बिना किसी डर के नए साल का जश्न मनाने की तैयारी में जुटे हुए हैं। ऐसे में होटल या आतिथ्य क्षेत्र अपनी कमाई में अच्छी-खासी बढ़ोतरी की उम्मीद कर रहा है। होटलों में खाने-पीने के लिए आने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है, वहीं रिजॉर्ट स्थलों पर बुकिंग में भी जोरदार उछाल देखने को मिला है। होटल क्षेत्र के कुछ कारोबारियों ने कहा कि पिछले साल की समान अवधि की तुलना में इस वर्ष में उन्हें अपने राजस्व में 19 प्रतिशत तक वृद्धि की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि कोविड के मामले बढ़ने की खबरों से जश्न की तैयारी कर रहे लोगों की भावना पर कोई असर नहीं पड़ा है। इसके अलावा आतिथ्य क्षेत्र के प्रतिष्ठान कड़े सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हैं। कुल मिलाकर भावना सकारात्मक है। उन्होंने कहा कि मौजूदा शादी-विवाह और त्योहारी सीजन की वजह से भी घरेलू स्तर पर लोगों की यात्राएं बढ़ी हैं।

# नए साल में बदलेगा ट्रेडिंग का तरीका, शनिवार को भी खुलेगा शेयर बाजार

**नई दिल्ली ।**

आमतौर पर शेयर बाजार में शनिवार और रविवार को साप्ताहिक अवकाश होता है। लेकिन साल 2024 के जनवरी महीने में शनिवार के दिन बाजार में ट्रेडिंग होने वाली है। दरअसल नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने डिजास्टर रिकवरी साइट पर स्विच करने के लिए 2 विशेष सत्र आयोजित किए हैं। यह ` विशेष सत्र 20 जनवरी 2024 को होने जा रहा है। इस दिन शनिवार है। इसमें पहला सत्र सुबह 9ः15 बजे से शुरू होगा। यह सुबह 10 बजे समाप्त होगा। वहीं दूसरा सत्र सुबह 11:30 बजे शुरू होकर दोपहर में 12:30 बजे बंद होगा। नए साल में इस ट्रेडिंग सेशन के जरिए स्टॉक एक्सचेंज डिजास्टर रिकवरी साइट का ट्रायल किया जाएगा। एनएसई से इस बारे में एक सर्कुलर भी जारी किया गया है। इसमें कारोबारी सत्र के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। सर्कुलर के मुताबिक सुबह 9 बजे से 9 बजकर 8 मिनट तक प्री ओपन सेशन होगा। इसके बाद सामान्य बाजार सुबह 9 बजकर 15 मिनट पर खुलेगा। यह 10 बजे बंद हो जाएगा। इस दौरान ट्रेडिंग प्राइमरी वेबसाइट पर होगी। इसके बाद दूसरा विशेष लाइव ट्रेडिंग सेशन डीआर साइट पर होगा। इस दूसरे विशेष लाइव



सेशन में, प्री ओपन सेशन सुबह 11 बजकर 15 मिनट से शुरू होगा। यह सुबह 11 बजकर 30 मिनट पर बंद होगा। सामान्य बाजार सुबह 11 बजकर 30 मिनट पर खुलेगा। यह दोपहर 12 बजकर 30 मिनट पर बंद होगा। वहीं प्री क्लोजिंग सेशन दोपहर 12:40 बजे से 12:50 बजे तक होगा।




## म्यूचुअल फंड में पैसे लगाने से भी बन सकते हैं लखपति

**नई दिल्ली ।** सीधे शेयर बाजार में निवेश करने की बजाय म्यूचुअल फंड के स्मॉल कैप में निवेश करके लाखों की कमाई कर सकते हैं। जानकार कहते हैं कि अगर आप स्मॉल कैप शेयरों में निवेश करना चाहते हैं, लेकिन आपको शेयर बाजार की जानकारी नहीं है तो स्मॉल कैप म्यूचुअल फंड आपके लिए बेहतर विकल्प साबित हो सकते हैं। साल 2023 में ऐसे कई म्यूचुअल फंड रहे हैं जिन्होंने 1 साल में निवेशकों को 50 फीसदी तक का रिटर्न दिया है। फ्रैंकलिन इंडिया स्मॉलर कंपनीज फंड ने पिछले एक साल में निवेशकों को 53 फीसदी का रिटर्न दिया है। जबकि निप्पॉन इंडिया स्मॉल कैप फंड ने 49 फीसदी और सुंदरम स्मॉल कैप फंड ने 45 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न दिया है। निफ्टी स्मॉल कैप 250 इंडेक्स ने अपने मिडकैप और लार्जकैप प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में इस साल अब तक 46 फीसदी का बंपर रिटर्न दिया है। क्वांटम स्मॉल कैप फंड 2023 में 48 प्रे तिशत, एचडीएफसी स्मॉल कैप फंड 1 साल में 46 प्रतिशत, आईसीआईसीआई प्रू स्मॉल कैप फंड 38प्रतिशत, कोटक स्मॉल कैप फंड 35प्रे तिशत, एक्सिस स्मॉल कैप फंड 34प्रे तिशत, डीएसपी स्मॉल कैप फंड ने बंपर रिटर्न दिया है। 42 फीसदी का रिटर्न और इनवेस्को इंडिया स्मॉल कैप फंड ने 45 फीसदी का बंपर रिटर्न दिया है। आर्थिक अनिश्चितता के बावजूद स्मॉल कैप म्यूचुअल फंड ने साल 2023 में बंपर रिटर्न दिया है। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध, इजरायल-हमास विवाद के कारण भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच अमेरिकी सेंट्रल बैंक द्वारा ब्याज दरों में बदलाव को लेकर काफी काम हुआ है। साल 2023 में अब तक स्मॉल कैप म्यूचुअल फंड में 37180 करोड़ रुपये का निवेश हो चुका है। जानकारों की मानें तो अगर शेयर बाजार में सीधे निवेश करने से बचते हैं और स्मॉल कैप शेयरों की समझ न होने के कारण कमाई नहीं कर पा रहे हैं तो स्मॉल कैप म्यूचुअल फंड में निवेश कर अच्छा पैसा कमा सकते हैं।

## बढ़ती मांग, घटती महंगाई से निर्यात के लिए अच्छा रहेगा नया साल

**नई दिल्ली ।**

विकसित देशों में मुद्रास्फीति घटने, ब्याज दरें कम होने, वैश्विक मांग में धीरे-धीरे सुधार और अन्य कारकों से नया साल देश के निर्यात के लिए अच्छा रह सकता है। माना जा रहा है कि 224 में देश का कुल निर्यात 900 अरब डॉलर के आंकड़े से अे धिक हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार विशेषज्ञों ने उम्मीद जताई है कि सेवा क्षेत्र का प्रदर्शन वस्तुओं की तुलना में बेहतर रहेगा। देश का कुल निर्यात 2024 में 900 अरब डॉलर से अधिक हो सकता है। इसके 2023 में 764 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। माना जा रहा है कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की स्थिरता, लातिनी अमेरिका और अफ्रीका जैसे नए बाजारों पर ध्यान, मोबाइल और ताजा फल जैसी नई वस्तुओं, ई-कॉमर्स निर्यात को बढ़ावा, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ऑस्ट्रेलिया के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से भी देश को निर्यात के मामले में नए साल में स्वस्थ वृद्धि दर्ज करने में मदद मिलेगी।भू-राजनीतिक दबाव और महामारी के बाद चीन के धीमे पुनरुद्धार सहित विभिन्न चुनौतियों के कारण इस वर्ष निर्यात पर असर पड़ने के बावजूद भारत के वस्तुओं और सेवाओं के निर्यातकों ने विकसित के साथ विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में अवसरों का लाभ उठाया। चालू वर्ष की शुरुआत निर्यात में गिरावट के साथ हुई। जून में निर्यात में 19 प्रतिशत की गिरावट आई। हालांकि, नवंबर, 2023 में निर्यात में गिरावट कम होकर 2.83 प्रतिशत रह गई। एक अधिकारी ने बताया कि वस्तुओं का निर्यात अक्टूबर में 6.21 प्रतिशत बढ़ा है और यह रुख 2024 में भी जारी रहने की उम्मीद है। 2024 में इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी, वाहन और वाहन कलपुर्जों, उच्च प्रौद्योगिकी वाले उत्पाद, फार्मास्युटिकल्स, चिकित्सा और नैदानिक उपकरणों का निर्यात 2024 में और आगे बढ़ने की संभावना है।

# सेंसेक्स की 10 में से आठ प्रमुख कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.29 लाख करोड़ बढ़ा

### – सेंसेक्स की प्रमुख 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही

**नई दिल्ली ।**

बीते सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से आठ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1,29,899.22 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस की बाजार हैसियत घट गई। सप्ताह के दौरान एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन सबसे अधिक 29,828.84 करोड़ रुपये बढ़कर 12,97,972.04 करोड़ रुपये, एलआईसी के बाजार मूल्यांकन 25,426.49 करोड़ रुपये बढ़कर 5,27,062.06 करोड़ रुपये, भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 24,510.96 करोड़ रुपये बढ़कर 5,80,645.54 करोड़ रुपये, हिंदुस्तान यूनिलीवर की 20,735.14 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 6,25,778.39 करोड़ रुपये, रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 13,633.07 करोड़ रुपये बढ़कर 17,48,827.92 करोड़ रुपये, आईटीसी का मूल्यांकन 9,164.74 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 5,76,809.77 करोड़ रुपये, एसबीआई का पूंजीकरण 4,730.04 करोड़ रुपये बढ़कर 5,72,915.46 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 1,869.94 करोड़ रुपये बढ़कर 6,98,965.47 करोड़ रुपये हो गया। इस रुख के` विपरीत टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 11,105.22 करोड़ रुपये घटकर 13,88,591.70 करोड़ रुपये रह गया।




इन्फोसिस की बाजार हैसियत में 7,946.24 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 6,40,351.80 करोड़ रुपये पर आ गई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, आईटीसी, एसबीआई और एलआईसी का स्थान रहा।

## नवंबर महीने में लोगों ने कम लिया पर्सनल लोनः आरबीआई

**नई दिल्ली ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से ऋणों के लिए दंडात्मक जोखिम भार लगाने के बीच नए व्यक्तिगत ऋणों के वितरण में वृद्धि की दर नवंबर में घटकर 18.6 प्रतिशत रह गई। पिछले साल की समान अवधि में व्यक्तिगत ऋण खंड की वृद्धि दर 19.9 प्रतिशत रही थी। आरबीआई ने नवंबर के लिए बैंक ऋण के क्षेत्रवार आवंटन पर जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि व्यक्तिगत ऋण आवंटन में सुस्ती के लिए आवास खंड में ताजा ऋण वृद्धि में आई सुस्ती भी जिम्मेदार है।आंकड़ों के अनुसार, संयुक्त रूप से नवंबर के अंत में ताजा व्यक्तिगत ऋण वितरण 50,56,524 करोड़ रुपए था, जबकि पिछले साल समान अवधि में यह 41,80,838 करोड़ रुपए था। हालांकि, इस साल नवंबर महीने की व्यक्तिगत ऋण आवंटन वृद्धि गिरकर 18.6 प्रतिशत हो गई, जबकि नवंबर, 2022 में यह 19.9 प्रतिशत दर्ज की गई थी। आरबीआई के नवीनतम आंकड़ों में 41 बैंकों द्वारा दिए गए ऋण शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में अभी तक व्यक्तिगत ऋण में 20.9 प्रतिशत वृद्धि हुई है। कुल राशि में से, उद्योग क्षेत्र को ऋण की वृद्धि नवंबर 2023 में सालाना आधार पर 6.1 प्रतिशत घटकर 36,00,876 करोड़ रुपए हो गई।




# बीते सप्ताह तेल-तिलहन बाजारों में मूंगफली तेल सुधार, अन्य में गिरावट

**नई दिल्ली ।**

बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में मूंगफली तेल कीमत में सुधार देखा जा रहा है ले किन बाकी सरसों, सोयाबीन तेल-तिलहन, मूंगफली तिलहन, कच्चा पामतेल, पामोलीन दिल्ली एवं एक्स-कांडला तथा बिनौला तेल गिरावट के साथ बंद हुए। पिछले सप्ताहांत के मुकाबले बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 20 रुपये की गिरावट के साथ 5,275-5,325 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का भाव 100 रुपये घटकर 9,650 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 15 और 15 रुपये के नुकसान के साथ क्रमशः 1,650-1,745 रुपये और 1,650-1,750 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और लूज का भाव क्रमशः 25-25 रुपये की हानि के साथ क्रमशः 4,910-4,970 रुपये प्रति क्विंटल और 4,720-4,770 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसी तरह सोयाबीन दिल्ली, सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम तेल का भाव क्रमशः 300 रुपये, 250 रुपये और 125 रुपये के नुकसान के साथ क्रमशः 9,350 रुपये और 9,250 रुपये और 7,800 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

मूंगफली तेल की मांग कमजोर रहने के बीच मूंगफली तिलहन की खरीद कमजोर रहने से समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तिलहन के दाम 10 रुपये की गिरावट के साथ 6,715-6,790 रुपये क्विंटल पर बंद हुए। जबकि तिलहन के नुकसान की भरपाई करने के लिए तेल के दाम ऊंचा बोले जाने से मूंगफली तेल कीमतें मजबूत रहीं। वैसे ऊंचे भाव पर लिवाली यहां भी कमजोर बनी हुई है। मूंगफली गुजरात और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल के भाव क्रमशः 80 रुपये और 10 रुपये के लाभ के साथ क्रमशः 15,780 रुपये क्विंटल और 2,355-2,630 रुपये प्रति टिन पर बंद हुए। गिरावट के आम रुख के अनुरूप, समीक्षाधीन सप्ताह में कच्चा पाम तेल (सीपीओ) 40 रुपये के नुकसान के साथ 7,560 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

## आंकड़ों से तीसरी-चौथी तिमाही में मजबूत वृद्धि के संकेतः वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली ।**

अक्टूबर और नवंबर के दौरान वाहन बिक्री और बिजली की खपत सहित तेज गति से मिलने वाले संकेतक (एचएफआई) वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी और चौथी तिमाही में मजबूत आर्थिक गतिविधियों की तरफ इशारा कर रहे हैं। वित्त मंत्रालय ने एक रिपोर्ट में यह बात कही। अक्टूबर और नवंबर 2023 में एचएफआई से मजबूत आर्थिक गतिविधियों का पता चलता है। आईआईपी और आठ प्रमुख ढांचागत उद्योगों के सूचकांक भी अक्टूबर में विनिर्माण गतिविधियों में वृद्धि को दर्शाते हैं। वित्त मंत्रालय की वित्त वर्ष 2023-24 की अर्द्धवार्षिक आर्थिक समीक्षा में कहा गया कि उन्नत देशों में मुद्रास्फीति के बढ़ते दबाव और लगातार भू-राजनीतिक तनाव के कारण आपूर्ति-श्रृंखला में फिर से बाधा पैदा हो सकती है। देश ने सितंबर तिमाही में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की जबकि वित्त वर्ष 2023-24 की जून छमाही में जीडीपी 7.7 प्रतिशत की दर से बढ़ी। रिपोर्ट कहती है कि मजबूत घरेलू मांग होने से विनिर्माण और सेवाओं के मूल्य-वर्धन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसके मुताबिक, नीतिगत दरों में बढ़ोतरी से मुद्रास्फीति में नरमी आई है लेकिन यह निर्धारित लक्ष्य तक लाने के लिए पर्याप्त नहीं है। इससे मौद्रिक सख्ती का दौर लंबा खिंच सकता है और वैश्विक उत्पादन में कम वृद्धि का सबब बन सकता है।







# नव उत्साह और नवजीवन का संदेश देता नववर्ष

लीजिये, हंसता और मुस्कुराता, खिलखिलाकर नव उल्लास बिखराता, निराशा को भगाता और आशा को बटोरता नया वर्ष फिर से आ गया। चारों ओर देखिये, पेड़ नये पत्तों और कलियों के आगमन से कैसे झूम रहे हैं। पेड़-पौधे मुक्तहस्त होकर सुगंध बांट रहे हैं। भला कौन वह मूर्ख होगा, जो परिवार में आ रहे नये सदस्यों को देख खुश न हो। पशु हो या पक्षी, मानव हो या वनस्पति; सब पुराने के जाने पर दुखी होते हैं; पर वह दुख नवआगत के स्वागत के कारण धूमिल भी हो जाता है। यही सृष्टि का नियम है, इसलिए आज सब खुश है। आखिर क्यों न हों, नया साल जो आया है।

नववर्ष यानी वर्ष का पहला दिन 1 जनवरी को मनाया जाता है। इस दिन के साथ दुनिया के ज़्यादातर लोग अपने नए साल की शुरुआत करते हैं। नए का आत्मबोध हमारे अंदर नया उत्साह भरता है और नए तरीक़े से जीवन जीने का संदेश देता है। हालांकि ये उल्लास, ये उत्साह दुनिया के अलग-अलग कोने में अलग-अलग दिन मनाया जाता है क्योंकि दुनिया भर में कई कैलेंडर हैं और हर कैलेंडर का नया साल अलग-अलग होता है। एक अनुमान के अनुसार अकेले भारत में ही क़रीब 50 कैलेंडर (पंचांग) हैं और इनमें से कई का नया साल अलग दिनों पर होता है।

1 जनवरी को मनाया जाने वाला नववर्ष दरअसल ग्रेगोरियन कैलेंडर पर आधारित है। इसकी शुरुआत रोमन कैलेंडर से हुई है। पारंपरिक रोमन कैलेंडर का नववर्ष 1 मार्च से शुरू होता है। प्रसिद्ध रोमन सम्राट जूलियस सीज़र ने 47 ईसा पूर्व में इस कैलेंडर में परिवर्तन किया और इसमें जुलाई माह जोड़ा। इसके बाद उसके भतीजे के नाम के आधार पर इसमें अगस्त माह जोड़ा गया। दुनिया भर में आज जो कैलेंडर प्रचलित है, उसे पोप ग्रेगोरी अष्टम ने 1582 में तैयार किया था। ग्रेगोरी ने इसमें लीप ईयर का प्रावधान किया था। ईसाइयों का एक अन्य पंथ ईस्टर्न आर्थोडॉक्स चर्च तथा इसके अनुयायी ग्रेगोरियन कैलेंडर को मान्यता न देकर पारंपरिक रोमन कैलेंडर को ही मानते हैं। इस कैलेंडर के अनुसार नया साल 14 जनवरी को मनाया जाता है। इस कैलेंडर की मान्यता के अनुसार जॉर्जिया, रूस, यरूशलम, सर्बिया आदि में 14 जनवरी को नववर्ष मनाया जाता है।

## भारत में नववर्ष

भारत कैलैंडरों के मामले में कम समृद्ध नहीं है। इस समय देश में विक्रम संवत, शक संवत, हिजरी संवत, फसली संवत, बांग्ला संवत, बौद्ध संवत, जैन संवत, खालसा संवत, तमिल संवत, मलयालम संवत, तेलुगु संवत आदि अनेक प्रचलित हैं। इनमें से हर एक के अपने अलग-अलग नववर्ष होते हैं। देश में सर्वाधिक प्रचलित संवत विक्रम और शक संवत है। माना जाता है कि विक्रम संवत गुप्त सम्राट विक्रमादित्य ने उज्जयनी में शकों को पराजित करने की याद में शुरू किया था। यह संवत 58 ईसा पूर्व शुरू हुआ था। विक्रम संवत चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से शुरू होता है।

## नववर्ष की शुभकामनाएँ

इसी समय चैत्र नवरात्र प्रारंभ होता है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन उत्तर भारत के अलावा गुड़ी पड़वा और उगादी के रूप में भारत के विभिन्न हिस्सों में नव वर्ष मनाया जाता है। सिंधी लोग इसी दिन चेटी चंद्र के रूप में नववर्ष मनाते हैं। शक सवंत को शालीवाहन शक संवत के रूप में भी जाना जाता है। माना जाता है कि इसे शक सम्राट कनिष्क ने 78 ई. में शुरू किया था। स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार ने इसी शक संवत में मामूली फेरबदल करते हुए इसे राष्ट्रीय संवत के रूप में अपना लिया। राष्ट्रीय संवत का नव वर्ष 22 मार्च को होता है जबकि लीप ईयर में यह 21 मार्च होता है। चैत्र शुक्ला प्रतिपदा को विक्रमीय संवत की दृष्टि से नववर्ष मनाया जाता है। ब्रज में इस दिन नीम की पती और मिश्री खाने की परम्परा है ।

## इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार

इस्लाम धर्म के कैलेंडर को हिजरी साल के नाम से जाना जाता है। इसका नववर्ष मोहर्रम माह के पहले दिन होता है। हिजरी कैलेंडर कर्बला की लड़ाई के पहले ही निर्धारित कर लिया गया था। मोहर्रम के दसवें दिन को आशूरा के रूप में जाना जाता है। इसी दिन पैगम्बर मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन बगदाद के निकट कर्बला में शहीद हुए थे। हिजरी कैलेंडर के बारे में एक दिलचस्प बात यह है कि इसमें चंद्रमा की घटती - बढ़ती चाल के अनुसार दिनों का संयोजन नहीं किया गया है। लिहाजा इसके महीने हर साल क़रीब 10 दिन पीछे खिसकते रहते हैं।

## अन्य देशों में नववर्ष

यदि भारत के पड़ोसी देश और देश की पुरानी सभ्यताओं में से एक चीन में भी अपना एक अलग कैलेंडर है। तकरीबन सभी पुरानी सभ्यताओं के अनुसार चीन का कैलेंडर भी चंद्रमा गणना पर आधारित है। इसका नया साल 21 जनवरी से 21 फरवरी के बीच पड़ता है। चीनी वर्ष के नाम 12 जानवरों के नाम पर रखे गए हैं। चीनी ज्योतिष में लोगों की राशियाँ भी 12 जानवरों के नाम पर होती हैं। लिहाजा यदि किसी की बंदर राशि है और नया वर्ष भी बंदर आ रहा हो तो वह साल उस व्यक्ति के लिए विशेष तौर पर भाग्यशाली माना जाता है। 1 जनवरी को अब नये साल के जश्न के रुप में मनाया जाता है। एक-दूसरे की देखा-देखी यह जश्न मनाने वाले शायद ही जानते हों कि दुनिया भर में पूरे 70 नववर्ष मनाए जाते हैं। दिलचस्प बात यह है कि आज भी पूरी दुनिया कैलेण्डर प्रणाली पर एकमत नहीं हैं। इक्कीसवीं शताब्दी के वैज्ञानिक युग में इंसान अन्तरिक्ष में जा पहुँचा है, मगर कहीं सूर्य पर आधारित, कहीं चन्द्रमा पर आधारित तो कहीं सूर्य, चन्द्रमा और तारों की चाल पर धार्मिक मान्यताओं के अनुसार दुनिया में विभिन्न कैलेण्डर प्रणालियाँ लागू हैं। यही वजह है कि अकेले भारत में पूरे साल तीस अलग-अलग नव वर्ष मनाए जाते हैं। दुनिया में सर्वाधिक प्रचलित कैलेण्डर 'ग्रेगोरियन कैलेण्डर' है। जिसे पोप ग्रेगरी तेरह ने 24 फरवरी, 1582 को लागू किया था। यह कैलेण्डर 15 अक्तूबर, 1582 में शुरू हुआ। इसमें अनेक त्रुटियाँ होने के बावजूद भी कई प्राचीन कैलेण्डरों को दुनिया के विभिन्न हिस्सों में आज भी मान्यता मिली हुई हैं।

# अनेकता में एकता का नववर्ष

हमारा देश अनेकता में एकता की परंपरा को सहेज रहा है। यहां हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, जैन, पारसी के साथ अनेक धर्म और समुदायों के लोग अपनी-अपनी संस्कृति को निभाते हुए नया साल मनाते हैं। इन सबके अपने अलग-अलग त्योहार और रीति-रिवाज हैं। जिस प्रकार सभी समुदायों के कुछ विशेष पर्व हैं जिन्हें सभी एक साथ मिलकर मनाते हैं। उसी प्रकार प्रत्येक समुदाय के नए वर्ष भी अलग-अलग हैं और सभी एक-दूसरे के पर्वों का सम्मान करते हैं। अन्य पर्वों की तरह हर समुदाय के नववर्ष भी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाए जाते हैं। आइए जानते हैं उनके बारे में।

## चैत्र प्रतिपदा

हिन्दू नववर्ष का प्रारंभ हिन्दी पंचांग के अनुसार चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से होता है। इसी दिन से वासंतेय नवरात्र का भी प्रारंभ होता है। हिन्दू नववर्ष का पंचांग विक्रम संवत से माना जाता है। एक साल में बारह महीने और सात दिन का सप्ताह विक्रम संवत से ही प्रारंभ हुआ है।

## हिजरी सन

मुस्लिम समुदाय में नया वर्ष मोहर्रम की पहली तारीख से मनाया जाता है। मुस्लिम पंचांग की गणना चांद के अनुसार होती है। हिजरी सन के नाम से जाना जाने वाला मुस्लिम नववर्ष अभी-अभी शुरू हुआ है।

## ओणम

मलयाली समाज में नया वर्ष ओणम से मनाया जाता है। इस दिन प्रतिवर्ष विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन किए जाते हैं। ओणम मलयाली माह छिंगम यानी अगस्त और सितंबर के मध्य मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन राजा बली अपनी प्रजा से मिलने धरती पर आते हैं। राजा बली के स्वागत के लिए घरों में फूलों की रंगोली सजाई जाती है और स्वादिष्ट पकवान बनाए जाते हैं।

## सूर्य देव को अर्पित होता है प्रसाद

तमिल नववर्ष पोंगल से प्रारंभ होता है। पोंगल से ही तमिल माह की पहली तारीख मानी गई है। पोंगल प्रतिवर्ष 14-15 जनवरी को मनाया जाने वाला बड़ा त्योहार है। पोंगल में सूर्य देव को जो प्रसाद अर्पित किया जाता है उसे पोंगल कहते हैं। चार दिनों का यह त्योहार भी नई फसल आने की खुशी में मनाया जाता है।

## महाराष्ट्रीयन समाज का नववर्ष

महाराष्ट्रीयन परिवारों में चैत्र माह की प्रतिपदा को ही नववर्ष की शुरुआत होना माना जाता है। इस दिन बांस में नई साड़ी पहनाकर उस पर तांबे या पीतल के लोटे को रखकर गुड़ी बनाई जाती है और उसकी पूजा की जाती है। गुड़ी को घरों के बाहर लगाया जाता है और सुख संपन्नता की कामना की जाती है।

## नववर्ष बैसाखी

गीत-संगीत की अनोखी परंपरा और खुशदिल लोगों से सजी है पंजाबियों की संस्कृति। पंजाबी समुदाय अपना नववर्ष बैसाखी में मनाते हैं। यह त्योहार नई फसल आने की खुशी में मनाया जाता है। बैसाखी के अवसर पर नए कपड़े पहने जाने के साथ ही भांगड़ा और गिद्दा करके खुशियां मनाई जाती हैं। बैसाखी प्रतिवर्ष 13-14 अप्रैल को मनाई जाती है।

## नवरोज का प्रारंभ

पारसियों द्वारा मनाए जाने वाले नववर्ष नवरोज का प्रारंभ तीन हजार साल पहले हुआ। ऐसा माना जाता है कि इसी दिन फारस के राजा जमजेद ने सिंहासन ग्रहण किया था। उसी दिन से इसे नवरोज कहा जाने लगा। राजा जमशेद ने ही पारसी कैलेंडर की स्थापना की थी। नवरोज को जमशेदी नवरोज भी कहा जाता है। यह 19 अगस्त को मनाया जाता है।

## दीपावली है नया साल

जैन समुदाय का नया साल दीपावली के दिन से माना जाता है। इसे वीर निर्वाण संवत कहा जाता है।

## परीवा से नया साल


सभी समुदायों की तरह गुजराती बंधुओं का नववर्ष भी दीपावली के दूसरे दिन पड़ने वाली परीवा के दिन खुशी के साथ मनाया जाता है। गुजराती पंचांग भी विक्रम संवत पर आधारित है। इस दिन तरह-तरह के पकवान बनाए जाते हैं और एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दी जाती हैं।

## बंगाली समुदाय का नया वर्ष

अपनी विशेष संस्कृति से जाने-पहचाने जाने वाले बंग समुदाय का नया वर्ष बैसाख की पहली तिथि को मनाया जाता है। यह पर्व नई फसल की कटाई और नया बही-खाता प्रारंभ करने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। एक ओर व्यापारी लोग जहां नया बही-खाता बंगाली में कहें तो हाल-खाता करते हैं तो दूसरी तरफ अन्य लोग नई फसल के आने की खुशियां मनाते हैं। इस दिन कई सांस्कृतिक आयोजन होते हैं और मिठाइयां बांटी जाती हैं।

## सभी कहते हैं नया वर्ष मुबारक हो

सभी समुदायों के साथ ही एक ऐसा नया साल है जिसे सभी वर्गों, समुदायों द्वारा मान लिया गया है। वह है अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार मनाया जाने वाला नया साल। जिसकी शुरुआत जनवरी में होती है। जनवरी में नए वर्ष का प्रारंभ हो गया है। आजकल इसी पंचांग को सर्वमान्य रूप से नए वर्ष की शुरुआत मान लिया गया है। सारे सरकारी कार्य और लेखा-जोखा इसी के अनुसार संचालित किए जाते हैं।



# नये साल के लिए एक जनवरी ही क्यों!

एक जनवरी के नजदीक आते ही जगह-जगह हैप्पी न्यू ईयर के बैनर व होर्डिंग लगने लगते हैं। जश्न मनाने की तैयारियां प्रारम्भ हो जाती हैं। होटल, रेस्तरॉ, व पव इत्यादि अपने-अपने ढंग से इसके आगमन की तैयारियां करने लगते हैं। पोस्टर व कार्डों की भरमार के साथ दारू की दुकानों की भी चांदी कटने लगती है। कहीं कहीं तो जाम से जाम इतने टकराते हैं कि घटनाऐं दुर्घटनाओं में बदल जाती हैं और मनुष्य- मनुष्यों से तथा गाड़ियां गाडियों से भिडने लगते हैं। रात-रात भर जाग कर नया साल मनाने से ऐसा प्रतीत होता है मानो सारी खुशियां एक साथ आज ही मिल जायेंगी। हम भारतीय भी पश्चिमी अंधानुकरण में इतने सराबोर हो जाते हैं कि उचित अनुचित का बोध त्याग अपनी सभी सांस्क्रतिक मर्यादाओं को तिलांजलि दे बैठते हैं। पता ही नहीं लगता कि कौन अपना है और कौन पराया।

जनवरी से प्रारम्भ होने वाली काल गणना को हम ईस्वी सन् के नाम से जानते हैं जिसका सम्बन्ध ईसाई जगत् व ईसा मसीह से है। इसे रोम के सम्राट जूलियस सीजर द्वारा ईसा के जन्म के तीन वर्ष बाद प्रचलन में लाया गया। भारत में ईस्वी सम्वत् का प्रचलन अग्रेंजी शासकों ने 1752 में किया। अधिकांश राष्ट्रों के ईसाई होने और अग्रेंजों के विश्वव्यापी प्रभुत्व के कारण ही इसे विश्व के अनेक देशों ने अपनाया। 1752 से पहले ईस्वी सन् 25 मार्च से प्रारम्भ होता था किन्तु 18वीं सदी से इसकी शुरूआत एक जनवरी से होने लगी। ईस्वी कलेण्डर के महीनों के नामों में प्रथम छः माह यानि जनवरी से जून रोमन देवताओं (जोनस, मार्स व मया इत्यादि) के नाम पर हैं। जुलाई और अगस्त रोम के सम्राट जूलियस सीजर तथा उनके पौत्र आगस्टस के नाम पर तथा सितम्बर से दिसम्बर तक रोमन संवत् के मासों के आधार पर रखे गये। जुलाई और अगस्त, क्योंकि सम्राटों के नाम पर थे इसलिए, दोनों ही इकत्तीस दिनों के माने गये अन्यथा कोई भी दो मास 31 दिनों या लगातार बराबर दिनों की संख्या वाले नहीं हैं।

ईसा से 753 वर्ष पहले रोम नगर की स्थापना के समय रोमन संवत् प्रारम्भ हुआ जिसके मात्र दस माह व 304 दिन होते थे। इसके 53 साल बाद वहां के सम्राट नूमा पाम्पीसियस ने जनवरी और फरवरी दो माह और जोड़कर इसे 355 दिनों का बना दिया। ईसा के जन्म से 46 वर्ष पहले जूलियस सीजन ने इसे 365 दिन का बना दिया। सन् 1582 ई. में पोप ग्रेगरी ने आदेश जारी किया कि इस मास के 04 अक्टूबर को इस वर्ष का 14 अक्टूबर समझा जाये। आखिर क्या आधार है इस काल गणना का? यह तो ग्रहों व नक्षत्रों की स्थिति पर आधारित होनी चाहिए।

जिस प्रकार ईस्वी सम्वत् का सम्बन्ध ईसा जगत से है उसी प्रकार हिजरी सम्वत् का सम्बन्ध मुस्लिम जगत और हजरत मुहम्मद साहब से है। किन्तु विक्रमी सम्वत् का सम्बन्ध किसी भी धर्म से न हो कर सारे विश्व की प्रकृति, खगोल सिद्वांत व ब्रह्माण्ड के ग्रहों व नक्षत्रों से है। इसलिए भारतीय काल गणना पंथ निरपेक्ष होने के साथ सृष्टि की रचना व राष्ट्र की गौरवशाली परम्पराओं को दर्शाती है। इतना ही नहीं, ब्रह्माण्ड के सबसे पुरातन ग्रंथ वेदों में भी इसका वर्णन है। नव संवत् यानि संवत्सरों का वर्णन यजुर्वेद के 27वें व 30वें अध्याय के मंत्र क्रमांक क्रमशः 45 व 15 में विस्तार से दिया गया है। विश्व में सौर मण्डल के ग्रहों व नक्षत्रों की चाल व निरन्तर बदलती उनकी स्थिति पर ही हमारे दिन, महीने, साल और उनके सूक्ष्मतम भाग आधारित होते हैं।

इसी वैज्ञानिक आधार के कारण ही पाश्चात्य देशों के अंधानुकरण के बावजूद, चाहे बच्चे के गर्भाधान की बात हो, जन्म की बात हो, नामकरण की बात हो, गृह प्रवेश या व्यापार प्रारम्भ करने की बात हो, सभी में हम एक कुशल पंडित के पास जाकर शुभ लग्न व मुहूर्त पूछते हैं। और तो और, देश के बडे से बड़े राजनेता भी सत्तासीन होने के लिए सबसे पहले एक अच्छे मुहूर्त का इंतजार करते हैं जो कि विशुद्ध रूप से विक्रमी संवत् के पंचांग पर आधारित होता है। भारतीय मान्यतानुसार कोई भी काम यदि शुभ मुहूर्त में प्रारम्भ किया जाये तो उसकी सफलता में चार चांद लग जाते हैं। वैसे भी भारतीय संस्कृति श्रेष्ठता की उपासक है। जो प्रसंग समाज में हर्ष व उल्लास जगाते हुए एक सही दिशा प्रदान करते हैं उन सभी को हम उत्सव के रूप में मनाते हैं। राष्ट्र के स्वाभिमान व देश प्रेम को जगाने वाले अनेक प्रसंग चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से जुड़े हुए हैं। यह वह दिन है जिस दिन से भारतीय नव वर्ष प्रारम्भ होता है। आईये, इस दिन की महानता के प्रसंगों को देखते हैं -




## ऐतिहासिक महत्व

- यह दिन सृष्टि रचना का पहला दिन है। इस दिन से एक अरब 97 करोड़ 39 लाख 49 हजार 109 वर्ष पूर्व इसी दिन के सूर्योदय से ब्रह्मा जी ने जगत की रचना प्रारंभ की।
- विक्रमी संवत का पहला दिन - उसी राजा के नाम पर संवत् प्रारंभ होता था जिसके राज्य में न कोई चोर हो, न अपराधी हो, और न ही कोई भिखारी हो। साथ ही राजा चक्रवर्ती सम्राट भी हो। सम्राट विक्रमादित्य ने 2067 वर्ष पहले इसी दिन राज्य स्थापित किया था।
- प्रभु श्री राम का राज्याभिषेक दिवस - प्रभु राम ने भी इसी दिन को लंका विजय के बाद अयोध्या में राज्याभिषेक के लिये चुना।
- नवरात्र स्थापना - शक्ति और भक्ति के नौ दिन अर्थात, नवरात्र स्थापना का पहला दिन यही है। प्रभु राम के जन्मदिन रामनवमी से पूर्व नौ दिन उत्सव मनाने का प्रथम दिन।
- गुरू अंगददेव प्रगटोत्सव - सिख परंपरा के द्वितीय गुरू का जन्म दिवस।
- आर्य समाज स्थापना दिवस - समाज को श्रेष्ठ (आर्य) मार्ग पर ले जाने हेतु स्वामी दयानंद सरस्वती ने इसी दिन को आर्य समाज स्थापना दिवस के रूप में चुना।
- संत झूलेलाल जन्म दिवस - सिंध प्रान्त के प्रसिद्ध समाज रक्षक वरूणावतार संत झूलेलाल इसी दिन प्रगट हुए।
- शालिवाहन संवत्सर का प्रारंभ दिवस -विक्रमादित्य की भांति शालिनवाहन ने हूणों को परास्त कर दक्षिण भारत में श्रेष्ठतम राज्य स्थापित करने हेतु यही दिन चुना।
- युगाब्द संवत्सर का प्रथम दिन - 5112 वर्ष पूर्व युधिष्ठिर का राज्यभिषेक भी इसी दिन हुआ।
- डा0 केशव राव बलीराम हैडगेबार जन्म दिवस - राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संस्थापक थे।

## प्राकृतिक महत्व

- वसंत ऋतु का आरंभ वर्ष प्रतिपदा से ही होता है जो उल्लास, उमंग, खुशी तथा चारों तरफ पुष्पों की सुगंधि से भरी होती है।
- फसल पकने का प्रारंभ यानि किसान की मेहनत का फल मिलने का भी यही समय होता है।
- नक्षत्र शुभ स्थिति में होते हैं अर्थात् किसी भी कार्य को प्रारंभ करने के लिये यह शुभ मुहूर्त होता है।

क्या एक जनवरी के साथ ऐसा एक भी प्रसंग जुड़ा है जिससे राष्ट्र प्रेम जाग सके, स्वाभिमान जाग सके या श्रेष्ठ होने का भाव जाग सके। आइये! विदेशी को फैंक स्वदेशी अपनाऐं और गर्व के साथ भारतीय नव वर्ष यानि विक्रमी संवत् को ही मनायें तथा इसका अधिक से अधिक प्रचार करें।

# डॉक्टर बी आर अंबेडकर जन सेवा समिति द्वारा गरीब एवं निसहाय व्यक्तियों को कंबल वितरण का कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता

**अमरोहा।** अमरोहा शहर के एक निजी बैंकट हॉल में डॉक्टर बी आर अंबेडकर जन सेवा समिति द्वारा गरीब एवं निसहाय व्यक्तियों को कंबल वितरण का कार्यक्रम किया गया। जिसके मुख्य अतिथि माननीय राजीव तरारा विधायक धनौरा विशिष्ट अतिथि राजेश कुमार त्यागी जिलाधिकारी अमरोहा माया शंकर यादव अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमरोहा बृजपाल सिंह डिप्टी कलेक्टर अमरोहा अरुण कुमार सीओ सिटी अमरोहा नगर पालिका परिषद अमरोहा की चेयरमैन के प्रतिनिधि निखिल जैन डॉक्टर बी आर अंबेडकर जन सेवा समिति के संस्थापक हरि सिंह मौर्य वरिष्ठ समाजसेवी राजकुमार अरुण अध्यक्ष रटरक्ळ तेलीपुरा, अनिल स्वरूप टंडन जी के कर कमलो द्वारा गरीब एवं निसहाय निर्धन व्यक्तियों को 200 से अधिक कम्बलो का वितरण किया गया कंबल पाकर सभी के चेहरो पर मुस्कान छा गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के संस्थापक वरिष्ठ समाजसेवी हरि सिंह मौर्य जी तथा संचालन समिति के अध्यक्ष मा0 करतार सिंह द्वारा




किया गया इस अवसर पर माननीय विधायक राजीव तरारा सहित सभी ने अपने विचार व्यक्त किए गए इस अवसर पर इंद्रपाल सिंह देवेंद्र कुमार भगत जी ,शोभित सिंह,देवेश कुमार ,चरण सिंह हीरा सिंह ,कविंद्र सिंह राम बहादुर सिंह ,बलवान सिंह जितेंद्र सिंह प्रदीप कुमार सरदार नानक सिंह कृष्ण कुमार नरेश ठेकेदार चंद्रपाल सिंह



डॉक्टर रमेश चंद्र मनोज कुमार डॉक्टर मुनेंद्र मोहन श्री कृष्णा गौतम सतपाल गौतम महावीर सिंह नितिन कुमार सतीश चंद्र छेदमी लाल गौतम बलवीर सिंह मलखान सिंह सत्यवीर सिंह आदि हजारों की संख्या में लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त डायरी

## बलिया में पंप कैनाल में डूबने से किसान की मौत



संवाददाता

**बलिया,।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में सिंचाई के दौरान नहर में डूब जाने से एक किसान की मौत हो गयी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, उभांव थाना क्षेत्र के अवाया गांव में शनिवार शाम छोटेलाल राजभर (55) खेत की सिंचाई के दौरान नहर पंप कैनाल में पैर फिसल जाने से गिर गया और तेज बहाव में बह गया। उभांव थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) डी. के. श्रीवास्तव ने बताया कि जनता के सहयोग से मृतक के शव को नहर से बरामद कर लिया गया और रविवार को उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

## अस्पतालकर्मियों पर गर्भवती महिला को बाहर निकालने का आरोप, गेट पर जन्मे बच्चे की मौत




संवाददाता

**बदायूं, ।** बदायूं के जिला महिला अस्पताल में कथित तौर पर रुपये न देने पर एक गर्भवती महिला को धक्के देकर बाहर निकाले जाने और अस्पताल के गेट पर ही बच्चे को जन्म देने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि अत्यधिक ठंड होने व उपचार न मिलने के कारण बच्चे की मौके पर ही मौत हो गयी। जिलाधिकारी ने इस मामले में जांच के आदेश दिये हैं। बदायूं के जिलाधिकारी (डीएम) मनोज कुमार ने रविवार को बताया कि मामला बेहद गंभीर है। अस्पताल कर्मियों द्वारा महिला का उपचार न करके उसके साथ दुर्व्यवहार किया गया है। इस मामले में नगर मजिस्ट्रेट को जांच करने के निर्देश दिए गए उन्होंने बताया कि नगर मजिस्ट्रेट तीन दिन में जांच करके रिपोर्ट सौंपेंगे, उसके बाद दोषी डॉक्टर व मेडिकल स्टाफ के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। इस तरह की लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परिजनों की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार बदायूं शहर के मोहल्ला कबूल पुरा निवासी रवि शनिवार की शाम अपनी पत्नी नीलम को प्रसव के लिए जिला महिला अस्पताल लेकर पहुंचा। रवि ने आरोप लगाया कि जिला महिला अस्पताल में डॉक्टर उपलब्ध नहीं थी, कर्मचारियों ने उसकी पत्नी नीलम को भर्ती करने को मना कर दिया, जिस पर उसने अपने परिजनों को बुला लिया। हंगामा करने पर अस्पताल के कर्मचारियों ने जांच करने के नाम पर पांच हजार रुपये मांगे। रवि ने बताया कि रुपये देने में असमर्थता जताने पर जिला महिला अस्पताल के कर्मचारियों ने धक्के देकर प्रसूता नीलम और परिजनों को बाहर निकाल दिया। रवि ने बताया कि वे लोग नीलम को लेकर अस्पताल गेट पर आ गए, जहां अत्यधिक पीड़ा होने के बाद नीलम ने अस्पताल गेट पर ही बच्चे को जन्म दिया। रवि ने कहा कि अत्यधिक ठंड एवं उपचार न मिलने के कारण बच्चे की अस्पताल के गेट पर ही मौत हो गई। मामला जिलाधिकारी के संज्ञान में पहुंचा तो उन्होंने तत्काल अस्पताल के कर्मचारियों को फटकार लगाई और महिला को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। इसके बाद मामले की जांच के आदेश दिए।

## आईआईटी बीएचयू की छात्रा के साथ दुष्कर्म के आरोपित तीन युवक गिरफ्तार

संवाददाता



**वाराणसी,।** आईआईटी बीएचयू की छात्रा से विगत 01 नवंबर की रात हुई छेड़खानी और सामूहिक दुष्कर्म के आरोपित तीन युवक पुलिस के हत्थे चढ़ गए। युवकों के पास से घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है। घटना के बाद क्राइम ब्रांच और पुलिस टीम ने 190 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और सर्विलांस रिपोर्ट के आधार पर तीनों को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक आरोपितों की पहचान- बृज एनक्लेव कॉलोनी सुंदरपुर निवासी कुणाल पांडेय, जिवधीपुर बजरडीहा निवासी आनंद उर्फ अभिषेक चौहान और सक्षम पटेल के रूप में हुई है। आईआईटी बीएचयू में मैथमेटिकल इंजीनियरिंग विभाग की बीटेक की छात्रा न्यू गर्ल्स हॉस्टल से 01 नवंबर की रात लगभग 1.30 बजे हास्टल से बाहर घूमने के लिए निकली। छात्रा पैदल चलते हुए कुछ दूर पहुंची तो उसका सहपाठी दोस्त भी रास्ते में मिल गया। दोनों बातचीत करते हुए पैदल ही परिसर स्थित करमनबीर बाबा मंदिर के पास पहुंचे ही थे कि अचानक एक बुलेट पर सवार तीन युवक वहां पहुंचे और असलहा दिखाकर छात्रा के साथी को मारपीट कर वहां से भगा दिया और छात्रा को पकड़ कर मंदिर के कोने में ले गए। वहां तीनों ने असलहे के दम पर छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। आरोपितों ने छात्रा का वीडियो भी बना लिया। उसका मोबाइल भी छिन लिया। छात्रा किसी तरह से वहां से छात्रावास पहुंची और साथियों को घटना की जानकारी दी। वारदात के बाद दूसरे दिन बीएचयू के छात्रों ने आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कई दिनों तक प्रदर्शन किया था।

## भाजपा नेता ओमप्रकाश जायसवाल ने दी नव वर्ष की शुभकामनाएं

संवाददाता



**कसया, कुशीनगर।** समाजसेवी, व्यवसायी व भारतीय जनता पार्टी के नेता ओमप्रकाश जायसवाल ने अंग्रेजी नववर्ष 2024 की शुभकामनाएं कसया नगरवासियों व जनपद की जनता को दी है। श्री जायसवाल ने कहा कि पुराना वर्ष नई उपलब्धियों व घटते घटना क्रम के लिए जाना जाएगा। नया वर्ष नई आशाओं को लेकर आया है और सबके लिए मंगलकारी है। बस आप जीवन के मूल्यों को स्वीकार कर आगे बढ़ें। यह वर्ष सफलता का सोपान साबित होगा।

## सक्रिय है पश्चिमी विक्षोभ, जारी रहेगा गलन भरी ठंड का सिलसिला



संवाददाता

**कुशीनगर, ।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में बफीर्ली पछुआ हवाओं की वजह से अब कड़ाके की ठंड पड़ रही है। वहीं कोहरे की वजह से दिन में भी रात सी गलन का अहसास होता रहा। रविवार को सुबह जिले का प्रमुख पडरौना शहर कोहरे की चादर से ढका रहा। विगत शनिवार को दिन की शुरूआत कोहरे के साथ हुई। दिन चढ़ने के बावजूद मौसम में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। रविवार को लगातार दूसरे दिन अधिकतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। शनिवार को अधिकतम तापमान में नौ डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई थी। रविवार को सुबह यह बरकरार रही। धूप के दर्शन नहीं हुए। ऐसे में पहाड़ों से आ रही पछुवा हवा को अपना प्रभाव दिखाने का मौका मिल गयाए नतीजा गलन बढ़ती चली गई। शनिवार का तापमान 15.8 डिग्री सेल्सियस रिकाड ्हुआ थाए जो रविवार को चार दशमलव चार डिग्री गिरकर 11.4 डिग्री पर टिका रहा। शनिवार को अधिकतम तापमान सामान्य से सात डिग्री कम रिकॉड ्किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान में बीते दिन के मुकाबले करीब डेढ़ डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। यह 12.8 डिग्री सेल्सियस से गिरकर 11.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मौसम विज्ञानी शफीक सिद्दीकी ने बताया कि पश्चिमोत्तर के पहाड़ों पर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है और वहां वर्षा व बफबारीं की आशंका बनी हुई है। ऐसे में गोरखपुर ,कुशीनगर सहित समूचे उत्तर प्रदेश में गलन भरी ठंड का सिलसिला जारी रहने का पूवार्नुमान है। मौसम विज्ञानी के अनुसार अगले दो से तीन दिन तक अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के नीचे ही रहेगा जबकि न्यूनतम तापमान के 10 से 11 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार हैं। सुबह से दोपहर तक चल रही हवा के चलते कोहरा बना रहेगा और दोपहर बाद आठ से 10 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलने वाली हवा गलन भरी ठंड को बनाए रखने का क्रम जारी रखेगी।

## शाहजहांपुर में पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से इनामी बदमाश घायल



**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिले में गैंगस्टर एवं गोकशी के आरोपी इनामी बदमाश के साथ हुई पुलिस मुठभेड़ मे वह गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अशोक कुमार मीणा ने बताया कि थाना तिलहर क्षेत्र निवासी इमरान (32) अपने साथी मुन्ना के साथ शनिवार रात में शहर की ओर से मोटरसाइकिल पर सवार होकर वापस अपने घर जा रहा था, तभी नगरिया मोड़ पर वाहन चेकिंग कर रही पुलिस ने उसे रोका तो वह मोटरसाइकिल वापस मोड़कर भागने लगा। एसपी ने बताया कि इसके बाद पुलिस ने उसका पीछा किया तो हड़बड़ाहट में उसकी मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया और वह गिर पड़ा। बाद में आरोपी ने पुलिस पर गोलीबारी कर दी तो पुलिस ने भी जवाबी गोलीबारी की, जिसमें आरोपी इमरान गोली लगने से घायल हो गया और इस बीच उसका साथी मुन्ना फरार हो गया। मीणा ने बताया कि इमरान गोकशी के मामले में कई बार जेल जा चुका है एवं गैंगस्टर अधिनियम में वांछित था और उस पर 10 हजार का इनाम भी घोषित था।

# अमरोहा शहर में सड़क सुरक्षा जन जागरण जागरुकता रैली आयोजन

संवाददाता

**अमरोहा।** रविवार को द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा 2023-24 के अंतिम दिवस जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष, जिला सड़क सुरक्षा समिति जनपद अमरोहा के निर्देषन में एक विषाल सड़क सुरक्षा जन जागरण जागरुकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में जनपद पुलिस की महिला आरक्षी, राष्ट्रीय कैडेट कोर 33 बटालियन के कैडेट और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवको सामाजिक संगठनो एवं व्यापारिक संगठनो के पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। रैली का षुभारम्भ अमरोहा गॉधी मर्ति प्रतिमा पर उत्तर प्रदेष माटी कलां बोर्ड के अध्यक्ष दर्जा मंत्री ओमप्रकाष गोला एवं षिक्षक विद्यायक डाक्टर हरि सिंह ढिल्लो जी ने हरी झण्डी दिखाकर किया। रैली का नेतृत्व सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी महेष कुमार षर्मा जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य अनिल कुमार जग्गा, यातायात प्रभारी निरीक्षक धमेन्द्र खोकर, टी0पी0नगर चौकी प्रभारी सुभाष चौहान, एनसीसी मेजर सुरेन्द्र सिंह, जे0एस0हिन्दु इण्टर कालेज के




प्रवक्ता एवं राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाइ के समन्वयक षिवषंकर यादव जज्बा फॉउन्डेषन के संस्थापक इकबाल खान ने संयुक्त रुप से किया। रैली गॉधी प्रतिमा से प्रारम्भ होकर नगर के जे0एस0हिन्दु इण्टर कालेज के प्रांगण में जाकर सड़क सुरक्षा षपथ के साथ सम्पन्न हुई। जहॉ पर जिला संडक सुरक्षा समिति के सदस्य अनिल कुमार जग्गा ने रैली में प्रतिभाग कर रहें समस्त जन को षपथ ग्रहण कराई। रैली के षुभारम्भ के अवसर जिलाधिकारी राजेष त्यागी, अपर जिलाधिकारी,(वित्त एवं राजस्व) सुरेन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी माया षंकर जी, उपजिलाधिकारी ब्रजपाल सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी महेष कुमार षर्मा, क्षेत्राधिकारी सदर अरुण कुमार सिंह, सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक रोडवेज मुहम्मद षफी, सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) वैभव सोती, यातायात प्रभारी निरीक्षक धमेन्द्र खोकर, उपनिरीक्षक, अनिल मथुरिया एनसीसी मेजर सुरेन्द्र सिंह, व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के जिलाध्यक्ष रमेष कलाल, सिद्धार्थ अग्रवाल, उत्तर प्रदेष उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के जिलामंत्री सुबोध रस्तौगी, भाजपा जिला संगठन के श्री चौधरी भुप सिंह तथा यातायात पुलिस कर्मी तथा परिवहन विभाग के कर्मचारियों सहित वाहन चालक उपस्थित रहें। रैली षुभारम्भ स्थल पर नागरिको को सम्बोधन करते हुए उत्तर प्रदेष माटी कलां बोर्ड के अध्यक्ष दर्जा मंत्री ओमप्रकाष गोला जी एवं षिक्षक विद्यायक माननीय डाक्टर हरि सिंह ढिल्लो जी ने अपने अपने सम्बोधन में कहॉ कि सड़क सुरक्षा माननीय प्रधान मंत्री जी एवं मुख्य मंत्री की प्राथमिकताओं में से एक कार्य हैं जिसके अर्न्तगत जनजागरण अभियान चलायें जा रहें हैं तथा एक पांच वर्षो में उत्तर प्रदेष राज्य को सड़क दुर्घटना मुक्त राज्य बनाना सरकार का प्रथम उददेष्य हैं। सड़क एवं यातायात नियमो का पालन करना देष के हर नागरिक का प्रथम कर्तव्य होना चाहिए।

# मतदान के महत्व को समझाया मतदान के लिए दिलाई गई शपथ

संवाददाता

**अमरोहा।** प्राथमिक विद्यालय गुलामपुर में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से शपथ दिलाई गई और मतदान का महत्व समझाया गया।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक और प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्वरी के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह ने बताया कि लोकतंत्र में मतदान का विशेष महत्व है। मतदान के जरिए ही हम सरकार चुनने में अपनी भागीदारी निभाते हैं। उन्होंने कहा कि वोट का अधिकार सर्वप्रथम डॉ. भीमराव अंबेडकर जी द्वारा हमें




प्रदान किया गया था। वोट की ताकत से ही मजबूत लोकतंत्र की स्थापना होती है। उन्होंने उपस्थित सभी मतदाताओं से आगामी चुनावों में शत प्रतिशत रूप से मतदान करने की अपील की और उपस्थित अभिभावकों को शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है और अभी तक उन्होंने अपने वोट नहीं बनवाया है तो वह अपने बीएलओ से संपर्क कर अपना वोट बनवा ले। पोस्टर के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक भी किया गया। इस अवसर पर इंद्र सिंह,विशम्बर सिंह ,दीपचंद सिंह, विनोद कुमार, संतराम सिंह, योगेश कुमार, मनीष कुमार, अजय सागर, राशिद अली,सतपाल सिंह, सुमित कुमार, अमन कुमार, देवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# नए साल पर विंध्यवासिनी देवी मंदिर में भक्तों की संख्या बढ़ने के मद्देनजर प्रशासन चुस्त

**विंध्याचल (मिजार्पुर),।** नए साल में विंध्य क्षेत्र की अधिष्ठात्री देवी मां विंध्यवासिनी देवी के दर पर भारी संख्या में दर्शनार्थियों की हाजिरी लगाने के मद्देनजर जिला प्रशासन ने सारी तैयारियां पूरी कर ली है। मां के गर्भगृह में देवी की प्रतिमा के चरण स्पर्श पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह वीआईपी पर भी लागू रहेगा। त्रिकोण यंत्र सहित विंध्याचल में सुरक्षा के मुकम्मल इंतजाम किए गए हैं। साल के पहलेदिन मां दर्शन पूजन के लिए दर्शनार्थियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। विंध्याचल एवं आस पास के सारे होटल लांज



धर्मशालाएं पहले से बुक हैं।विंध्य पंडा समाज एवं जिला प्रशासन ने संयुक्त रूप से व्यवस्था पर निर्णय लिए हैं। सारी व्यवस्था नवरात्र मेले की तर्ज पर किए गए हैं। भारी संख्या में सुरक्षाबल के जवानों को तैनात किया गया है। विंध्याचल में दर्शन पूजन के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण जाम की समस्या पैदा न हो इसके लिए छोटे बड़े वाहनों को बरतर तिराहे एवं पटेंगरा नाला और रेहड़ा चुंगी के समीप बैरियर लगाए जाएंगे। कोतवाली मार्ग, सदर, बाजार, नईवीआईपीमार्ग, जयपुरिया गली, आदि रास्ते से दर्शनार्थियों को आना जाना होगा। सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक को सुरक्षा का प्रभारी बनाया गया है।दो प्लाटून पीएसी उप पुलिस अधीक्षक,निरीक्षक, उपनिरीक्षक, महिला पुलिस, यातायात पुलिस एवं जलपुलिस को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि भारी वाहनों का डाइवर्जन किया गया है। बड़े वाहनों को विंध्याचल तक आने से पहले विभिन्न रास्तों से भेजा जाएगा। यातायात व्यवस्था के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि त्रिकोण यंत्र पर स्थित मां काली एवं अष्टभुजा मंदिर में भी अलग से सुरक्षा व्यवस्था की गई है। विंध्याचल में सफाई, पेयजल, आदि मौलिक सुविधाओं की व्यवस्था की जिम्मेदारी नगर पालिका परिषद का रहता है।

# प्रधानमंत्री के मन की बात सुनने से मिलती है प्रेरणा: भाजपा जिलाध्यक्ष

संवाददाता

**कुशीनगर।** बीते वर्ष के आखिरी महीने दिसंबर के अन्तिम रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 108 वें संस्करण में देश को संबोधित किया।

जिसे भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनपद के सभी बूथों पर विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से प्रसारित किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मन की बात के 108वे संस्करण को खास बताते हुए कहा आज हमारी साझा यात्रा का ये 108 वाँ एपिसोड है। हमारे यहां 108 अंक का महत्व, उसकी पवित्रता, एक गहन अध्ययन का विषय है। माला में 108 मनके, 108 बार जप, 108 दिव्य क्षेत्र, मंदिरों में 108 सीढ़ियां 108, घंटियां, 108 का ये अंक असीम आस्था से जुड़ा हुआ है। इसलिए ह्यमन की बातह्न का 108वाँ संस्करण मेरे लिए और खास हो गया है। इन 108 संस्करणों में हमने जनभागीदारी के कितने ही उदाहरण देखे हैं, उनसे प्रेरणा पाई है। भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष



दुर्गेश राय फाजिलनगर विधानसभा के चैनपुर में बूथ संख्या 398 पर विधायक सुरेंद्र सिंह कुशवाहा और स्थानीय पदाधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात सुनने के बाद कहा कि मन की बात कार्यक्रम हमें नए सिरे से, नई ऊर्जा के साथ और तेजगति से, बढ़ने का प्रेरणा प्रदान करता है। मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक व जिला मंत्री विवेकानंद शुक्ल ने बताया कि कुशीनगर जनपद के सभी बूथों पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम प्रसारित किया गया जिसमें कुल 41252 लोगों सम्मिलित हुए।

जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द ने बताया कि सांसद विजय कुमार दूबे हाटा विधानसभा के बूथ संख्या 182 शखापार, हाटा विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र के बूथ पर 222, तमकुहीराज विधायक डॉ असीम राय अपने विधानसभा के बूथ संख्या 385, खड्डा विधायक विवेकानंद पाण्डेय अपने विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 222, रामकोला विधायक विनय प्रकाश गोंड अपने विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 93 पर तथा पार्टी के सभी वर्तमान व पूर्व पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता अपने अपने बूथ पर स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात सुने और बूथ समिति के बैठक में सम्मिलित हुए।

# इमरान खान को कोर्ट से मिली बड़ी राहत, जेल में पार्टी नेताओं के साथ चुनावी बैठक की अनुमति

**इस्लामाबाद, , एजेंसी।** इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआइ) के नेताओं और वकीलों को अदियाला जेल जाकर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के साथ आठ फरवरी को होने जा रहे आम चुनाव से संबंधित बैठकें करने की अनुमति दी है। इमरान ने पीटीआइ नेताओं के साथ जेल में चुनाव से पहले रणनीतिक बैठक करने की अनुमति मांगी थी और अदियाला जेल अधीक्षक को विचार-विमर्श गोपनीय रखने का निर्देश देने का अनुरोध किया था।

शुक्रवार की सुनवाई के दौरान पाकिस्तान के अटार्नी जनरल मंसूर उस्मान अवान, खान की पार्टी के वकील और अदियाला जेल के अधीक्षक हाई कोर्ट में



उपस्थित हुए। सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद इमरान की याचिका पर जस्टिस मियांगुल हसन औरंगजेब ने उक्त आदेश दिया।

नौ मई हिंसा मामले में आरोपित बनाए गए कुरैशी

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआइ) पार्टी के उपाध्यक्ष एवं पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को पुलिस ने नौ मई हिंसा से संबंधित एक दर्जन विभिन्न मामलों में आरोपित बनाया है। गुरुवार को दंडाधिकारी ने उन्हें दो सप्ताह के लिए अदियाला जेल भेज दिया। पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट से साइफर मामले में जमानत मिलने के बाद कुरैशी रिहा हुए और अदियाला जेल के बाहर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। कुरैशी ने पुलिस पर दुर्व्यवहार और मारपीट करने का आरोप लगाया है।

# रूस ने पोलैंड के हवाई क्षेत्र का किया उल्लंघन, 3 मिनट तक सीमा में रही रूसी रॉकेट




**वारसॉ, एजेंसी।** पोलैंड ने कहा कि रूस ने उसके हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया है। पोलिश सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ के मुताबिक, एक रूसी मिसाइल ने शुक्रवार सुबह नाटो सदस्य के हवाई क्षेत्र में प्रवेश कर गई। यह घटना उस समय हुआ, जब रूस युक्रेन पर अब तक का सबसे घातक हमला कर रहा है। वहीं, रूस द्वारा यूक्रेन पर किए गए इस हमले में 31 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 120 से अधिक लोगों के घायल होने की सूचना है। मालूम हो कि रूस ने शुक्रवार को यूक्रेन पर 122 मिसाइलों और दर्जनों ड्रोन से हमला किया।

**पोलैंड ने रूसी राजनयिक को जारी किया समन:** वहीं, पोलैंड ने अपने हवाई क्षेत्र के उल्लंघन के लिए रूस के राजनयिक को समन जारी कर हवाई क्षेत्र के उल्लंघन के लिए स्पष्टीकरण और ऐसी गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। पोलैंड के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर इस बारे में जानकारी दी है।

**रूसी मिसाइल के रूप में हुई पहचान:** पोलैंड के जनरल स्टाफ ने अपने एक बयान में कहा कि शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार 7.12 बजे यूक्रेन के साथ लगी सीमा की दिशा से एक वस्तु द्वारा पोलिश हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया गया, जो तीन मिनट से भी कम समय के बाद पोलैंड के क्षेत्र से बाहर चली गई। उन्होंने कहा कि हम इसे एक रूसी निर्देशित मिसाइल के रूप में पहचानते हैं। पूरे समय के दौरान मिसाइल के प्रक्षेप पथ को पोलिश और संबद्ध दोनों रडार प्रणालियों द्वारा ट्रैक किया गया था। इस दौरान देश की वायु रक्षा प्रणालियों को अलर्ट पर रखा गया था।

# अमेरिका के ही इंटरनेट का उपयोग कर रहा था चीन का जासूसी गुब्बारा, ड्रैगन की चालबाजी का अमेरिकी अधिकारी ने किया खुलासा

**वाशिंगटन, , एजेंसी।** चीनी जासूसी गुब्बारे ने साल 2023 की शुरुआत में अमेरिका को पार किया था। अब इस गुब्बारे को लेकर अमेरिका के एक अधिकारी ने खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि इस गुब्बारे ने नेविगेशन और स्थान से संबंधित कई तरह के डेटा को चीन भेजने के लिए एक अमेरिकी इंटरनेट सेवा का उपयोग किया था। समाचार एजेंसी एएनआई ने सीएनएन के हवाले से यह जानकारी दी है।



**अमेरिका ने मार गिराया था जासूसी गुब्बारा:** उन्होंने कहा कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियां इसके कनेक्शन का उपयोग कर ??गुब्बारे के स्थान को ट्रैक करने में सफलता हासिल की थी। वहीं, गुब्बारे को किस कंपनी ने इंटरनेट सेवा दी थी, इसकी जानकारी अभी भी अज्ञात बनी हुई है। मालूम हो कि अमेरिका ने फरवरी में चीनी जासूसी गुब्बारे को सफलतापूर्वक मार गिराया था।

**चीन बताता रहा है मौसम का गुब्बारा:** वहीं, इस मामले पर एफबीआई और राष्ट्रीय खुफिया कार्यालय के निदेशक दोनों ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। इधर, चीन लगातार इसको मौसम का गुब्बारा करार देता रहा है। चीन दावा करता रहा है कि अमेरिका द्वारा मारे गए गुब्बारा किसी भी तरह का कोई भी जासूसी गुब्बारा नहीं था, बल्कि वह एक मौसम का गुब्बारा था, जो अपने रास्ते से भटक गया था।

**अमेरिका में मचा था हड़कंप:** मालूम हो कि अमेरिका में चीनी जासूसी गुब्बारा दिखने की वजह से हड़कंप मच गया था। हालांकि, इसे नष्ट करने की योजना भी बना ली गई थी, लेकिन मलबे की वजह से भारी तबाही का अंदेशा था। ऐसे में इसे तबाह नहीं किया गया था।

# नए साल की पूर्व संध्या पर होगी कड़ी सुरक्षा, 90 हजार से अधिक पुलिसकर्मी होंगे तैनात

**पेरिस, एजेंसी।** नए साल की पूर्व संध्या पर फ्रांस में कड़ी सुरक्षा होगी और करीब 90,000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। फ्रांस की घरेलू खुफिया एजेंसी के प्रमुख सेलीन बर्थन ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। फ्रांस के गृह मंत्री गेराल्ड डर्मानिन के मुताबिक राजधानी पेरिस में करीब छह हजार पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा जहां शॉन्ज-एलिसीज पर समारोह में 15 लाख से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।डर्मानिन ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इजराइल और फलस्तीन में हो रही घटनाओं के मद्देनजर आतंकवादी हमले का बहुत अधिक खतरा है। फ्रांस के गृह मंत्री ने कहा कि पुलिस पहली बार सुरक्षा कार्यों के लिए ड्रोन का उपयोग कर सकेगी तथा हजारों अग्निशामकों और पांच हजार सैनिकों को भी तैनात किया जाएगा। गौरतलब है कि पेरिस 2024 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी भी करेगा।



# इजरायल ने किया नरसंहार, गाजा हमलों के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका ने इंटरनेशनल कोर्ट में घसीटा

**यरूसलम/गाजा, एजेंसी।** इजरायल-हमास जंग का आज 85वां दिन है। इजरायल एक तरफ गाजा पर ताबड़तोड़ हमले कर रहा है तो दूसरी तरफ इजरायल अब कई मोर्चों पर घिरने लगा है। ताजा मामला दक्षिण अफ्रीका का है, जिसने शुक्रवार को गाजा में नरसंहार कृत्यों के लिए इजराइल के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (ढ्ढष्टछ्) में एक मामला दायर किया है। हालांकि, इजरायल ने इसे घृणास्पद बताते हुए खारिज कर दिया है।

एक बयान के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में दायर आवेदन नरसंहार कन्वेंशन के तहत इजरायल द्वारा अपने दायित्वों के कथित उल्लंघन से संबंधित है। इसमें आरोप लगाया गया है कि इजरायल गाजा पट्टी में हमास आतंकियों पर कथित सैन्य ऑपरेशन के नाम पर बेकसूर फिलिस्तानी नागरिकों का नरसंहार कर रहा है। आवेदन में कहा गया है कि इजरायल इस नरसंहार में स्वतंत्र रूप से शामिल है और आगे भी ऐसा करते रहने का उसका इरादा है।

दक्षिण अफ्रीका का यह भी कहना है कि इजरायल गाजा में व्यापक फिलिस्तीनी राष्ट्रीय, नस्लीय और जातीय समूह के हिस्से के रूप में फिलिस्तीनियों को नष्ट करने के लिए अपेक्षित विशिष्ट इरादे से काम कर रहा है।

इसके जवाब में इजरायली विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लियोर हयात ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, इजरायल दक्षिण अफ्रीका के ढ्ढष्टछ् में आवेदन द्वारा रक्त के अपमान के प्रसार के उसके आरोपों को घृणा के साथ खारिज करता है।

बता दें कि 7 अक्टूबर को हमास के आतंकियों ने दक्षिणी इजरायल के एक कस्बे पर हमला बोल दिया था, जिसमें 1200 इजरायली नागरिकों की मौत हो गई थी, जबकि 240 लोगों को हमास ने बंधक बना लिया था। इसके बाद से इजरायल ने हमास के खात्मे के इरादे से गाजा पर हमला बोल दिया। इजरायली हमलों में अब तक 21,500 से ज्यादा फिलिस्तीनी नागरिक मारे जा चुके हैं। इनमें अधिकांश बच्चे और महिलाएं हैं। अमेरिका समेत कई देशों ने संघर्षविराम का आह्वान किया है लेकिन इजरायल इस पर राजी नहीं हो रहा है।

# पाकिस्तान में पोलियो का कहर, कराची-हैदराबाद समेत इन जिलों में मिला वायरस, स्वास्थ्य मंत्रालय का अलर्ट

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान के चार जिलों में पोलियो वायरस का पता चला है। पाकिस्तान के राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा विनियमन और समन्वय मंत्रालय के अनुसार, पाकिस्तान के चार जिलों के पर्यावरण नमूनों में पोलियो वायरस पाया गया है।

**चार जिलों में मिले पोलियो वायरस के लक्षण:** समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, मंत्रालय ने कहा कि दक्षिणी सिंध प्रांत के कराची और हैदराबाद जिले, दक्षिण-पश्चिम के चमन जिले और उत्तर-पश्चिम में स्थित पेशावर के जिलों में चार पर्यावरण नमूनों में पोलियो वायरस पाए गए हैं।

**बच्चों को वायरस से बचाने का एकमात्र तरीका है पोलियो टीकाकरण:** मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान में दुनिया में सबसे व्यापक और संवेदनशील पोलियो निगरानी प्रणाली है और पोलियो वायरस कमजोर इम्यूनिटी वाले बच्चों को जल्दी और आसानी से निशाना बनाता है। इसलिए पोलियो टीकाकरण बच्चों को वायरस और विकलांगता से बचाने का एकमात्र तरीका है।

**स्वास्थ्य मंत्रालय ने की परिवारों से अपील:** स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि माता-पिता को प्रत्येक पोलियो अभियान के दौरान पांच साल से कम उम्र के



बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलानी चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, पाकिस्तान अपने पड़ोसी अफगानिस्तान के साथ-साथ दुनिया के दो पोलियो से पीड़ित देशों में से एक है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान में इस साल अब तक पोलियो के छह मामले सामने आए हैं।

# दक्षिण अफ्रीका ने इजरायल के खिलाफ आईसीजे में दायर किया मामला, कहा- फलस्तीन में हो रहा बड़े पैमाने पर नरसंहार

**हेग , एजेंसी।** इजरायल और हमास के बीच जारी युद्ध में अब तक 21 हजार से अधिक लोगों की मौत हो गई है। वहीं, दक्षिण अफ्रीका ने गाजा में किए गए इस नरसंहार के लिए इजरायल के खिलाफ शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में एक मामला शुरू किया। हालांकि, इजरायल ने इसको खारिज कर दिया। एक बयान में कहा गया है कि इजरायल गाजा में फलस्तीनी लोगों का नरसंहार करने में शामिल रहा है और वर्तमान में भी कर रहा है।

**लोगों को मारने के इरादे से काम कर रहा इजरायल:** अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में अपने आवेदन में दक्षिण



अफ्रीका ने कहा कि इजरायल फलस्तीनी राष्ट्रीय, नस्लीय और जातीय समूह के हिस्से के रूप में वहां के लोगों को मारने के इरादे से काम कर रहा है। हालांकि, इजरायल ने दक्षिण अफ्रीका द्वारा लगाए गए अपने इन आरोपों को खारिज कर दिया। इजरायली विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लियोर हयात ने कहा कि इजरायल दक्षिण अफ्रीका द्वारा फैलाए गए रक्त अपमान और आईसीजे में इसके आवेदन को सिरे से खारिज करता है।

**अब तक कितने लोगों की हुई मौत?:** गाजा में अब तक के युद्ध में मरने वालों की संख्या 21,507 हो गई है, जबकि घायलों की संख्या 56 हजार तक पहुंच गई है। इजरायल के रक्षा मंत्री योएव गैलेंट ने कहा है कि हमास को नष्ट करने की लड़ाई अब निर्णायक दौर में पहुंच गई है।

# वेस्ट बैंक में मारे गए बच्चों की संख्या चिंताजनक स्तर पर : यूनिसेफ

**यरुशलम, एजेंसी।** मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका के लिए यूनिसेफ के क्षेत्रीय निदेशक एडेल खोदर ने शुक्रवार को कहा कि वेस्ट बैंक में इजरायलियों द्वारा मारे गए बच्चों की संख्या खतरनाक स्तर तक पहुंच रही है। खोदर ने कहा, वर्ष 2023 पूर्वी यरुशलम सहित कब्जे वाले वेस्ट बैंक में बच्चों के लिएर सबसे घातक वर्ष रहा है, इसमें हिंसा अभूतपूर्व स्तर तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि इजरायली सैन्य और कानून प्रवर्तन अभियानों में वृद्धि के बीच पिछले 12 हफ्तों में कम से कम 83 बच्चे मारे गए हैं, जो 2022 में मारे गए बच्चों की संख्या से दोगुने से भी अधिक है।

खोदर ने कहा,576 से अधिक लोग घायल हुए हैं और अन्य को कथित तौर पर हिरासत में लिया गया है। इसके अलावा, वेस्ट बैंक आवाजाही और पहुंच प्रतिबंधों से काफी प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि पूर्वी येरुशलम सहित वेस्ट बैंक में रहने वाले बच्चे कई वर्षों से भीषण हिंसा का सामना कर रहे हैं, फिर भी 7 अक्टूबर के भयानक हमलों के बाद से उस हिंसा की तीव्रता नाटकीय रूप से बढ़ गई है। खोदर कहते हैं, हिंसा में 2023 की शुरुआत से 124 फ़िलिस्तीनी बच्चों और 6 इज़राइली बच्चों की मौत हो गई है।

# गाजा युद्धविराम वार्ता के लिए हमास प्रतिनिधिमंडल मिस्र का करेगा दौरा

**गाजा, एजेंसी।** मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि हमास का एक प्रतिनिधिमंडल हाल ही में पेश किए गए युद्धविराम की मिस्र की योजना के बारे में अपनी टिप्पणी देने के लिए शुक्रवार को मिस्र का दौरा करेगा। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि मिस्र की तीन-चरणीय योजना नवीकरणीय युद्धविराम, इज़राइल में फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में हमास द्वारा रखे गए बंधकों की क्रमिक रिहाई और अंततः संघर्ष को समाप्त करने के लिए युद्धविराम है। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है, यह सभी फिलिस्तीनी गुटों को शामिल करने वाली बातचीत के बाद टेक्नोक्रेट की फिलिस्तीनी सरकार का भी प्रावधान करता है, जो संकट के बाद गाजा पर शासन करने और पुनर्निर्माण के लिए जिम्मेदार होगी। इसमें कहा गया है कि प्रतिनिधिमंडल फिलिस्तीनी गुटों की प्रतिक्रिया देगा, इसमें पूर्ण इजरायली सैन्य वापसी के लिए आदान-प्रदान और गारंटी के विवरण के बारे में कई टिप्पणियां शामिल होंगी।

# संयुक्त अरब अमीरात में होगा अयोध्या जैसा भव्य मंदिर, बनाने में कितना आया खर्च, उद्घाटन में शामिल होंगे पीएम मोदी

**दुबई एजेंसी।** इस्लामिक देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अयोध्या के राम मंदिर जैसा भव्य मंदिर बनाया जा रहा है। इस मंदिर का उद्घाटन अगले साल 14 फरवरी को किया जाएगा। इस मंदिर के उद्घाटन समारोह में पीएम मोदी को भी शामिल होने के लिए न्योता दिया गया था, जिसे पीएम ने स्वीकार कर लिया है। यूएई की राजधानी अबू धाबी में बन रहा यह अब तक का सबसे बड़ा मंदिर होने वाला है। इसे 55 हजार वर्ग मीटर में बनाया गया है। इस भव्य मंदिर के निर्माण के लिए भारत से कलाकारों को बुलाया गया है। इस मंदिर निर्माण यूएई और भारत की दोस्ती और सद्भाव को एक नई ऊंचाई पर ला देगा। जब पीएम मोदी साल 2015 में यूएई की यात्रा पर गए थे तब से ही इस मंदिर को लेकर काफी चर्चाएं थीं।

**पीएम मोदी ने रखी थी आधारशिला:** मंदिर के उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए संबंध में पीएम मोदी ने गुरुवार को बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्थान (बीएपीएस) का निमंत्रण स्वीकार किया। मंदिर के बारे में खास बात यह है कि अयोध्या के भव्य राम मंदिर की तरह इस मंदिर की आधारशिला भी प्रधानमंत्री मोदी ने ही रखी थी। प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर किसी भी मुस्लिम देश में बनने वाला यह सबसे भव्य और पहला मंदिर होगा। इस संबंध में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अबू धाबी में बनने वाला यह मंदिर पूरे विश्व को भारत की आध्यात्मिक शक्ति का परिचय देगा और विश्व बंधुत्व के भारतीय सिद्धांत को लोगों तक पहुंचाएगा।

**होंगी ऐसी खूबियां:** अबू धाबी में बन रहे इस भव्य मंदिर में 18 फरवरी से जनता को प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि मंदिर का निर्माण अंतिम चरण में है। मंदिर परिसर में एक अतिथि केंद्र, प्रार्थना कक्ष, प्रदर्शनियां, अध्ययन और प्ले एरिया, पार्किंग, उद्यान, एक फूड कोर्ट है। किताबों की दुकान और उपहार की दुकानें होंगी।

**कितना होगा खर्च:** इस मंदिर का निर्माण गुलाबी बलुआ पत्थर से किया गया है, जो एक हजार वर्षों से भी अधिक समय में क्षतिग्रस्त नहीं होगा। इस मंदिर में सफेद संगमरमर का भी प्रयोग किया गया है। मंदिर में सभी धर्मों को प्रवेश की अनुमति होगी। मंदिर परिसर में 8,000 से 10,000 लोग रह सकते हैं। परिसर में आने वालों को दो भव्य फव्वारे नजर आएंगे, जो भारत की गंगा और यमुना नदियों के प्रतीक बताए जा रहे हैं। इस मंदिर के निर्माण में 700 करोड़ रुपये की लागत खर्च हुई है।

# 1 जनवरी को दुनिया की आबादी भी बनाएगी रिकॉर्ड

**वाशिंगटन , एजेंसी।** आने वाले नए साल में दुनिया की आबादी भी एक नया रिकॉर्ड बनाने वाली है। इस साल विश्व की जनसंख्या में लगभग साल 7.5 करोड़ का इजाफा हुआ। नए साल के दिन कुल वैश्विक आबादी के आठ अरब से अधिक हो जाने का अनुमान है। अमेरिकी जनगणना ब्यूरो द्वारा जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। जनगणना ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल दुनिया भर में जनसंख्या की वृद्धि दर एक प्रतिशत से कम रही। वर्ष 2024 की शुरुआत में दुनिया भर में हर सेकंड में 4.3 लोगों का जन्म और दो लोगों की मौत होने का अनुमान है।




**क्या है अमेरिका की आबादी का हाल:** अमेरिका की जनसंख्या की वृद्धि दर पिछले वर्ष 0.53 प्रतिशत थी, जो दुनिया भर की वृद्धि दर से आधी है। अमेरिका की आबादी इस साल 17 लाख बढ़ी और नववर्ष पर इसकी कुल जनसंख्या 33 करोड़ 58 लाख हो जाएगी। ब्रूकिंग्स इंस्टीट्यूशन में जनसांख्यिकी विशेषज्ञ विलियम फ्रे ने कहा कि जनसंख्या में वृद्धि की मौजूदा गति यदि इस दशक के अंत तक बरकरार रही, तो 2020 का दशक जनसंख्या में बढ़ोतरी के लिहाज से अमेरिकी इतिहास में सबसे धीमी गति का दशक हो सकता है और 2020 से 2030 तक 10 साल की अवधि में वृद्धि दर चार प्रतिशत से कम रह सकती है।

1960 के दशक से विश्व जनसंख्या वृद्धि धीमी हो रही है। वैश्विक जनसंख्या को सात अरब से आठ अरब होने में साढ़े 12 साल लग गए। लेकिन जनगणना ब्यूरो का कहना है कि आठ अरब से नौ अरब होने में 14.1 साल लगेंगे और नौ अरब से 10 अरब होने में 16.4 साल लगेंगे, जो 2055 के आसपास हो सकता है।

**भारत ने ली बढ़त:** आबादी के मामले में चीन को पीछे छोड़ते हुए इसी साल भारत दुनिया का सबसे आबादी वाला देश बना था। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के अनुमान के मुताबिक भारत की आबादी 142.86 करोड़ को पार कर गई है। यूएन का अनुमान है कि अगले तीन दशकों में भारत की आबादी बढ़ती रहेगी और उसके बाद इसमें गिरावट आनी शुरू होगी। भारत में साल 2011 के बाद से जनगणना नहीं हुई है और इसलिए उसकी साल 2023 में सटीक आबादी कितनी है यह जानकारी नहीं है।

THE PHOTON NEWS





## इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन बोले, ऋषभ शानदार वापसी करेंगे

**दुबई ।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा है भारतीय टीम के युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह नये साल में जबरदस्त वापसी करेंगे। ऋषभ गत वर्ष हुए एक कार हादसे से अब उबर गये हैं और वापसी की तैयारियों के तहत जिम में अभ्यास कर रहे हैं। उनके नये साल में आईपीएल से मैदान में उतरने की उम्मीद है। हुसैन शुरु से ही ऋषभ की आक्रामक बल्लेबाजी शैली को पसंद करते रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि ये बल्लेबाज साल 2024 में वापसी के साथ ही खेल में अंतर पैदा करेगा। ऋषभ के बाहर होने के बाद केएल राहुल ने उनकी अनुपस्थिति में विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाली है और पिछले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 75.33 की औसत से 452 रन बनाए थे। हुसैन ने कहा, भारत ने ऋषभ के बिना भी अच्छा प्रदर्शन किया है क्योंकि राहुल ने सभी प्रारूपों में बेहतर बल्लेबाजी की । वे शानदार बने रहेंगे। वे भाग्यशाली हैं कि उनके पास ये दोनों बेहतर खिलाड़ी हैं। भारत के पास कई अच्छे बल्लेबाजी विकल्प हैं पर इस पूर्व कप्तान का मानना है कि युवा सलामी बल्लेबाज शुबमन गिल 2024 और उसके बाद और बेहतर होंगे। वह अपने कौशल को और बेहतर स्तर तक ले जाने और दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों में से एक बनने का प्रयास करेंगे।

# केपटाउन टेस्ट में वापसी के लिए रोहित सहित पूरी टीम को करना होगा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



**केपटाउन ।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा को अब 3 जनवरी से मेजबान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट में बेहतर बल्लेबाजी करनी होगी। रोहित पहले टेस्ट में रन नहीं बनाये थे। इस मैच में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा था। मेजबान टीम के सामने इस मुकाबले में भारतीय बल्लेबाज असफल रहे थे। दो मैचों की इस सीरीज को बराबरी पर लाने के लिए अब भारतीय टीम को अगला मुकाबला जीतना ही होगा। भारतीय टीम के लिए हालांकि वापसी आसान नहीं रहेगी क्योंकि मेजबान टीम के हौंसले पहले टेस्ट में जीत से बुलंद हैं।

भारतीय टीम को अगर इस मैच में जीत दर्ज करनी है तो कप्तान रोहित के अलावा उनके सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल को भी जिम्मेदारी से खेलना होगा। दोनों को बाहर की गेंद पर ड्राइव करने की जगह छोड़ना पड़ेगा। नई गेंद से विकेट नहीं मिलने से दक्षिण अफ्रीका की टीम को हावी होने का अवसर नहीं मिलेगा।

इसके साथ ही कप्तान रोहित को गेंदबाजों का सही प्रयोग करना होगा। पहले टेस्ट में भारतीय टीम गेंदबाजों का सही इस्तेमाल नहीं कर पाए। उन्होंने लगातार रन दे रहे शार्दुल ठाकुर और प्रसिद्ध कृष्णा को एक साथ गेंदबाजी दे दी। पहले मैच में भारतीय टीम 6 प्रमुख बल्लेबाज और 5 गेंदबाज के साथ उतरी थी। शार्दुल और अश्विन बल्लेबाजी कर सकते हैं प कठिन हालातों में इनफर भरोसा नहीं किया जा सकता है। भारतीय टीम को मेजबान टीम की तरह ही 7 प्रमुख बल्लेबाजों के साथ उतरना पड़ेगा।

इसके साथ ही भारतीय बल्लेबाजों को लंबी पारी खेलनी होगी। पहली पारी में श्रेयस अय्यर तो दूसरी पारी में शुभमन गिल ने जमने के बाद अपने विकेट गंवा दिये थे। वहीं विराट भी पहली पारी में जमने के बाद आउट हुए। भारतीय बल्लेबाजों को दूसरे मैच में इससे बचना पड़ेगा। इसके अलावा मेजबान टीम को भी कम स्कोर पर समेटना होगा।

# दूसरे टेस्ट में होगी भारतीय गेंदबाजों की असली परीक्षा : डोनाल्ड

**केपटाउन ।** पूर्व दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज एलेन डोनाल्ड का मानना है कि दूसरे टेस्ट मैच में भारतीय गेंदबाजों की असली परीक्षा होगी। डोनाल्ड ने कहा कि सेंचुरियन में पहले टेस्ट के लिए गेंदबाजों की सहायक पिच पर भी भारतीय खिलाड़ी प्रभाव नहीं छोड़ पाये। ऐसे में अब न्यूलैंड्स में बल्लेबाजों की अनुकूल पिच पर उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना होगा। साथ ही कहा कि इस पिच पर स्पिनरों को सहायता नहीं मिलेगीहोगी। भारतीय टीम को सेंचुरियन में हार का सामना करना पड़ा था। इस पिच पर मिली उछाल का लाभ भारतीय गेंदबाज नहीं उठा पाये थे। डोनाल्ड ने कहा, 'पहले टेस्ट में मेजबान टीम ने हालातों का बेहतर तरीके से लाभ उठाया। उन्होंने कहा, 'लेकिन उन्होंने एक चीज भारत से बेहतर की, वे इस चीज में काफी संयमित रहे और उन्होंने दूसरी पारी में शॉर्ट गेंद का थोड़ा अधिक इस्तेमाल किया। डोनाल्ड के अनुसार भारतीय गेंदबाज चीजें ठीक होने का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'भारत के लिए युवा प्रसिद्ध कृष्णा ने पदार्पण किया था पर वह प्रभावी नहीं रहे। वहीं जसप्रीत बुमराह सहित अन्य भारतीय गेंदबाज काफी जल्दी शॉर्ट गेंद डालने लगे इससे उनकी लेंथ खराब हो गयी। इसी का लाभ दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों ने उठाया। उन्होंने कहा, 'केपटाउन में हालात कठिन होंगे, दोनों टीमें हालांकि काफी ऊर्जा से भरी होगी। उन्होंने कहा, 'आपको केपटाउन में ज्यादा रचनात्मक होना होगा क्योंकि विकेट काफी ज्यादा सपाट है और भागीदारियां बढ़ेंगी जिससे यह काफी मुश्किल टेस्ट होगा। डोनाल्ड ने कहा कि अगर भारत को वापसी करनी है तो उसके गेंदबाजों को नयी गेंद का बेहतर इस्तेमाल करना होगा। उन्होंने कहा, 'सबसे ज्यादा जोर नयी गेंद पर होगा क्योंकि पारंपरिक रूप से अगर न्यूलैंड्स में दक्षिण पश्चिम की हवा बहेगी तो इससे पिच सूख जाएगी। मुझे नहीं लगता कि पिच टर्न होगी। साथ ही कहा कि ये स्पिनरों के लिए नुकसानदेह होगा। ऐसे में भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को शायद ही अंतिम ग्यारह में अवसर मिले।

## दबंग दिल्ली के कोच रामबीर सिंह खोखर ने कहा, 'आशु ने टीम में नवीन की भूमिका निभाई है'

**नोएडा,** दबंग दिल्ली केसी ने अपने स्टार रेडर नवीन के बिना भी शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को नोएडा में यूपी योद्धाज को 35-25 से हरा दिया। नवीन के घुटने की चोट से उबरने के दौरान मैच खेलने के बारे में दबंग दिल्ली केसी के मुख्य कोच रामबीर सिंह खोखर ने कहा, नवीन के बिना खेलना मुश्किल है क्योंकि वह बहुत अच्छे रेडर हैं और हमारे लिए बहुत सारे अंक लाते हैं। हालांकि, आशु ने जिम्मेदारी संभाली है। उनकी भूमिका और रक्षा इकाई के समर्थन ने हमें योद्धाओं को हराने में मदद की। इस बीच, मैच में 11 रेड पॉइंट हासिल करने वाले स्टैंड-इन कैप्टन आशु मलिक ने कहा, हमारे कोच ने मुझसे कहा कि मुझे नवीन की ज़िम्मेदारी लेने की ज़रूरत है क्योंकि वह वहां नहीं थे और मंजीत को मेरी भूमिका निभाने की ज़रूरत थी। सभी ने वास्तव में अच्छा खेला और हमारी रक्षा इकाई ने हमलावरों का शानदार ढंग से समर्थन किया। मलिक ने आगे कहा, हमारी टीम में कई अच्छे रेडर हैं। मीतू शर्मा, मंजीत और मैं हूं। इसके अलावा, हमारी बेंच पर भी अच्छे रेडर हैं। और हर कोई अच्छी फॉर्म में है। जहां दिल्ली की रक्षा इकाई ने योद्धाओं के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया, वहीं डिफेंडर मोहित खेल में टैकल प्वाइंट हासिल नहीं कर सके। मोहित के खेल के बारे में पूछे जाने पर, हेड कोच ने कहा, मोहित ने अपनी भूमिका असाधारण रूप से निभाई। यह केवल टैकल पॉइंट स्कोर करने के बारे में नहीं है। उन्होंने यूपी योद्धाओं के खिलाफ रेडर्स को पकड़ने में डिफेंडरों का समर्थन किया। और वह नियमित रूप से टैकल पॉइंट भी स्कोर कर रहे हैं। उन्होंने पवन सहरावत जैसे शीर्ष रेडर को भी पकड़ा है।

# न्यूज़ीलैंड ने तीसरे ट्वेंटी20 में बांग्लादेश को हराकर सीरीज में बराबरी हासिल की

**माउंट मोनगानुई ।** न्यूजीलैंड ने बारिश से बाधित तीसरे ट्वेंटी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बांग्लादेश को डकवर्थ लुईस नियम से 17 रन से हरा दिया। इस मैच में न्यूजीलैंड टीम की जीत में मिशेल सैंटनर और जिम्मी नीशाम की अहम भूमिका रही। इन दोने ने कठिन हालातों के बीच 46 रनों की साझेदारी कर टीम को जीत दिलायी। इस हार के साथ ही बांग्लादेश का न्यूजीलैंड में पहली सीरीज जीतने का सपना भी टूट गया। अब ये सीरीज 1-1 से बराबर पर पहुंच गयी है। इस मैच में बांग्लादेश की टीम कीवी गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पायी और 19.2 ओवर में 110 रन ही बना पायी। कप्तान नजमुल शांटो ने सबसे अधिक 17 रन बनाये। उसके पांच बल्लेबाज ही दो अंकों तक पहुंच पाये। इसके बाद छोटे से लक्ष्य का पीछा करते हुए कीवी टीम की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसका शीर्ष क्रम लड़खड़ा गया। टीम के पांच विकेट 50 रनों के अंदर ही गिर गये पर इसके बाद जिमी नीशाम ने नाबाद 28 रन और मिशेल सैंटनर ने नाबाद 18 रन बनाकर अपनी टीम को पांच विकेट पर 95 रनों तक पहुंचाया।



इसके बाद बारिश के कारण मैच रुक गया। न्यूजीलैंड को जीत के लिए डकवर्थ लुईस नियम के तहत 14.4 ओवर में 79 रन बनाने थे। इस सीरीज का पहला मैच बांग्लादेश ने जीता था। दूसरा मैच बारिश के कारण नहीं हो पाया।

## संक्षिप्त समाचार



### नये साल में सबसे ज्यादा 17 टेस्ट खेलेगी इंग्लैंड

**भारतीय टीम को खेलने हैं 15 टेस्ट**

**लंदन ।** भारतीय टीम के लिए साल 2023 कुछ खास नहीं रहा और वह आईसीसी खिताब के करीब आकर भी उसे हासिल नहीं कर पायी। भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के अलावा एकदिवसीय विश्वकप में भी खिताब के करीब आकर भी उसे हासिल नहीं कर पायी। अब नये साल में भारतीय टीम 15 टेस्ट मैच खेलेगी। वहीं अगर आंकड़ों की बात करें तो इंग्लैंड टीम को सबसे ज्यादा 17 टेस्ट मैच साल 2024 में खेलने हैं। दूसरी ओर जिमबाब्वे और आयरलैंड को सबसे कम टेस्ट खेलने हैं। बांग्लादेश की टीम को 14 जबकि न्यूज़ीलैंड को 13 व दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका को 10-10 मैच खेलने हैं। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, वेस्टइंडीज, अफगानिस्तान,आयरलैंड और जिम्बाब्वे को 9-9 मैच खेलने हैं। भारतीय टीम जनवरी 2025 तक 16 और टेस्ट खेलेगी। इस नये साल में भारतीय टीम की नजरें टी20 विश्वकप पर रहेंगी। टी20 विश्व कप अमरीका और विंडीज धरती पर होना है।

### कमजोर क्षेत्ररक्षण के कारण ऑस्ट्रेलिया से हारे : कोच अमोल मजूमदार



**मुंबई ।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय में हार के लिए टीम के कमजोर क्षेत्ररक्षण को जिम्मेदार बताया है। मजूमदार ने कहा कि टीम को अपना क्षेत्ररक्षण बेहतर करना होगा। भारतीय महिला टीम को इस मैच में हार के साथ ही मेहमान ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ लगातार नौवीं श्रृंखला में हार मिली है। पड़ा। कोच के अनुसार इस मैच में भारतीय टीम ने कमजोर क्षेत्ररक्षण किया। मैच में कई कैच भी छोड़े गये। वहीं अहम बल्लेबाज भी उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया का भारत के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज जीतने का रिकार्ड बरकरार है। मजूमदार ने कहा, 'हम क्षेत्ररक्षण बेहतर करने का प्रयास कर रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस मैच में हमारा क्षेत्ररक्षण निराशाजनक रहा था। उन्होंने कहा, 'हमने मैच में करीब छह कैच छोड़े पर ये खेल में होता है पर अब हम इस कमी को पूरा करने के लिए काम कर रहे हैं। अगर हमें इस सीरीज के बाद समय मिला तो हम क्षेत्ररक्षण और फिटनेस बेहतर बनाने के प्रयास करेंगे।

# ओलंपिक क्वालीफायर के लिए अभ्यास में लगी है भारतीय महिला हॉकी टीम

## रूपिंदर सिखा रहे पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने का कौशल

**बेंगलुरु ।** भारतीय महिला हॉकी नये साल की शुरुआत में होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर की तैयारियों में लगी है। इसके लिए टीम ने दिग्गज ड्रैग फ्लिकर रूपिंदर पाल सिंह की सेवाएं भी ली हैं। ओलंपिक क्वालीफायर रांची में अगले महीने 13 से 19 जनवरी के बीच खेला जाएगा। रुपिंदर अभ्यास सत्र के दौरान टीम को पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने का कौशल सिखा रहे हैं। पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलना भारतीय टीम के लिए मुश्किल रहा है। हाल में एशियाई चैम्पियंस ट्राफी में भी भारतीय टीम की पेनल्टी कॉर्नर को गोल में नहीं बदल पाने की कमजोरी सामने आई थी। इसी के बाद से ही कोच यानेके शॉपमैन ने इस क्षेत्र पर ध्यान देने पर जार दिया था। शीर्ष महिला ड्रैग फ्लिकर गुरजीत कौर ने भी कहा कि इस शिविर से टीम को बेहद लाभ होगा। गुरजीत ने कहा कि हम हर दिन नयी चीजें सीख रहे हैं और सुधार करने वाले कुछ विशेष बातों पर ध्यान लगाकार अपने खेल में और सुधार कर रहे हैं। रूपिंदर ने हमारे मार्गदर्शन में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि हम आगामी टूर्नामेंट की तैयारियों में लगे हैं और हमें पूरा भरोसा है कि यहां सीखे गये कौशल से हमें खेल में लाभ होगा। रूपिंदर ने कहा कि गुरजीत और दीपिका की सराहना करते हुए कहा कि वह बेहतरीन ड्रैग फ्लिकर हैं। और हर बात को तेजी से सीख लेती हैं।



## तीसरे टेस्ट में अयूब को अवसर दे सकती है पाक टीम

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैचों में हार से निराश पाकिस्तान क्रिकेट टीम अब तीन जनवरी से यहां शुरु हो रहे तीसरे क्रिकेट मैच में युवा सलामी बल्लेबाज सईम अयूब को उतार सकती है। अयूब ने अब तक कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। पाक टीम प्रबंधन अनुभवी सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक की धीमी बल्लेबाजी से संतुष्ट नहीं है, इस कारण उसने अयूब को अवसर देन का फैसला किया है। बाएं हाथ के बल्लेबाज अयूब ने अब तक इस साल आठ टी20 मैच खेले हैं। वहीं उन्होंने प्रथम श्रेणी के केवल 14 मैच ही खेले हैं। पहले दो टेस्ट में टीम लचर बल्लेबाजी से मैच तय समय से पहले ही समाप्त हो गये थे इसी कारण टीम प्रबंध अब एक युवा खिलाड़ी को शामि करने का जोखिम उठाना चाहता है।

## टेस्ट में वार्नर का योगदान अहम : चैपल

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर ग्रेग ने सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर की प्रशंसा करते हुए कहा है कि टेस्ट क्रिकेट में उनका योगदान अहम है। चैपल के अनुसार चाहे कोई कुछ भी कहे उनकी बल्लेबाजी शानदार रही है। साथ ही कहा कि हर प्रतियोगिता में उन्होंने जो जुनून, ऊर्जा, व्यावसायिकता और प्रतिस्पर्धात्मकता दिखायी है। उसका कोई जवाब नहीं है क्योंकि लंबे समय तक खेल में निरंतर अच्छा प्रदर्शन करना आसान नहीं है। चैपल ने कहा कि मुझे पता है कि 111 टेस्ट मैचों में उन्होंने जो कुछ किया है उसे करना कितना कठिन है, इसलिए मुझे उम्मीद है कि वार्नर के आलोचक भी उनकी प्रतिभा और योगदान को स्वीकार करेंगे और उनकी मानवीय कमजोरियों को माफ कर देंगे। मुझे उम्मीद है कि सिडनी टेस्ट में वार्नर को सम्मानपूर्वक विदाई मिलेगी। साल 2011 में अपने पदार्पण के बाद से उन्होनें 111 टेस्ट मैचों में 44.6 की औसत से 8695 रन बनाए हैं, जिसमें 26 अर्द्धशतक और 36 अर्धशतक शामिल हैं।चैपल ने कहा कि वॉर्नर शीर्ष क्रम में शानदार खिलाड़ी था क्योंकि वह एक सत्र में ही खेल का रुख मोड़ देता है। साल 2017 में एससीजी में पाकिस्तान के खिलाफ लंच से पहले लगाया गया उनका शतक कौन भूल सकता है। उन्होंने य शतक 78 गेंदों पर लगाया और इस प्रकार वह ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट मैच के किसी भी दिन लंच से पहले शतक बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। वार्नर ने अपनी जुझारू शैली से अपने सलामी जोड़ीदार के लिए भी हालात आसान बनाये। 70 की स्ट्राइक रेट के साथ ही इस बल्लेबाज ने विरोधी गेंदबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। वहीं, वार्नर की तारीफ करते हुए कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड्स ने कहा कि समय के साथ उसका प्रदर्शन नीचे आया है पर वह हमारा तीनों प्रारूपों का सबसे महान खिलाड़ी बना रहेगा। वह अभी केवल टेस्ट प्रारुप से बाहर हो रहा है। मुझे पता है कि लोग कुछ समय से उसकी आलोचना कर रहे हैं पर हमारे लिए वह बेहद अहम है।

# यूनाइटेड कप: जोकोविच ने झांग को हराकर सीज़न की विजयी शुरुआत की




**पर्थ,** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने रविवार को यूनाइटेड कप मिश्रित टीम टेनिस टूर्नामेंट के प्रारंभिक लीग मुकाबले में अपना मैच जीतकर सर्बिया को चीन पर 1-0 की बढ़त दिला दी। पिछले सीज़न के अपने आखिरी मैच में, जोकोविच ने अपने खिताब की रक्षा करने के लिए 2023 एटीपी फाइनल्स के फाइनल में जानिक सिनर को हराया था।

शनिवार को, नए सीज़न के अपने पहले मैच में, एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 ने झांग झिज़ेन को 6-3, 6-2 से हराकर सर्बिया को पर्थ में चीन के साथ ग्रुप मुकाबले में 1-0 की बढ़त दिला दी। जोकोविच अपने खेल के सभी पहलुओं में बहुत मजबूत थे क्योंकि उन्होंने झांग के साथ अपनी पहली एटीपी आमने-सामने की भिड़ंत में 74 मिनट की जीत दर्ज की। जोकोविच ने भीड़ को संबोधित करते हुए कहा, पर्थ में वापस आना बहुत अच्छा है। नया साल कुछ ही घंटों में है, इसलिए मैं वास्तव में यहां कोर्ट पर हमारे साथ नए साल की पूर्वसंध्या मनाने के लिए आने के लिए आपकी सराहना करता हूं। मुझे पर्थ में रहते हुए 10 साल हो गए हैं, और यह मैदान निश्चित रूप से अंदर और बाहर से सबसे अच्छे मैदानों में से एक है, जिसमें मैंने खेला है। जाहिर तौर पर ऑस्ट्रेलिया मेरी खुशी की जगह रही है। वह स्थान जहां मैंने सबसे अधिक स्लैम जीतें हासिल कीं वह मेलबर्न है और मुझे वापस आना अच्छा लगता है। मैं पर्थ में भी खेलने से चूक गया। जोकोविच ने आरएसी एरिना के स्टैंड में सर्बियाई दल को खुश करने के लिए अर्जित सात ब्रेक प्वाइंट में से तीन को भुनाया। 2007 की शुरुआत से सीज़न के शुरुआती मैचों में अब वह 17-1 है। 36 वर्षीय जोकोविच कैलेंडर वर्ष समाप्त होने से पहले एक और मैच खेलेंगे जब वह रविवार शाम को मिश्रित युगल में ओल्गा डेनिलोविच के साथ जोड़ी बनाएंगे। जोकोविच ने मैच के बाद कहा, शुरुआत में मैं थोड़ा अस्थिर था, पहले पांच या छह मैचों में थोड़ा लय से बाहर था, लेकिन यह सामान्य है।जब आप एक महीने से अधिक समय तक कोई आधिकारिक मैच नहीं खेलते हैं, तो जाहिर तौर पर इंजन को चालू करने में थोड़ा समय लगता है और वह अच्छी सर्विस कर रहा था। मुझे लगता है कि सर्विस मेरी तरफ से बहुत अच्छी थी, जब भी मुझे अपने सर्विस गेम्स में 15/15 या 30/30 पर खुद को परेशानी से बाहर निकालने की जरूरत पड़ी, मुझे एक अच्छी सर्विस मिली।

## श्रीलंका ने जिम्बाब्वे दौरे के लिए वानिंदु हसरंगा को बनाया कप्तान

**कोलंबो ।** स्पिनर वानिंदु हसरंगा जिम्बाब्वे दौरे में श्रीलंकाई टी20 टीम की कप्तानी करेंगे। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने अपने एक फैसले में हसरंगा को कप्तान बनाये जाने की घोषण की। वहीं एकदिवसीय की कप्तानी दासुन शनाका की जगह पर बल्लेबाज कुसल मेंडिस को दी है। इसके साथ ही चरिथ असलंका को दोनो ही प्रारुपों के लिए उपकप्तान बनाया गया है। हसरंगा अगस्त में लंका प्रीमियर लीग के दौरान चोटिल होने की वजह से एशिया कप और 50 ओवरों में हिस्सा नहीं ले पाए थे पर अब उन्हें वापसी के साथ ही अहम जिम्मेदारी दी गयी है। चयनकर्ताओं के इस फैसले के साथ ही शनाका का श्रीलंका की सफेद गेंद वाली टीम के कप्तान के रूप में दो साल का कार्यकाल समाप्त हो गया। शनाका की चोट के बाद मेंडिस ने ही भारत में हुए विश्व कप के दूसरे मैच से एकदिवसीय टीम की कप्तानी संभाली थी। विश्वकप में हालांकि श्रीलंका का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था और वह नौ मैचों में दो जीत के साथ 10 टीमों में से नौवें स्थान पर रही। उपुल थरंगा की अध्यक्षता में चयन समिति ने जिम्बाब्वे के खिलाफ आगामी एकदिवसीय और टी20 घरेलू सीरीज के लिए प्रारंभिक टीमों का भी चयन किया है। श्रीलंका क्रिकेट ने कहा कि अंतिम टीमों की घोषणा समय आने पर की जाएगी और खिलाड़ियों का चयन प्रारंभिक टीम से किया जाएगा। 6 जनवरी से श्रीलंका की टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज खेलेगी। वहीं टी20 सीरीज की शुरुआथ 14 जनवरी से होगी।



# मैं रणबीर कपूर के साथ काम करना चाहती हूं

बिग बॉस से फेमस हुई शहनाज कौर गिल ने इस साल 2023 में अपने करियर की एक नया अध्याय शुरू किया। उन्होंने इस साल अप्रैल में सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान के साथ बॉलीवुड में कदम रखा। इसके बाद उन्होंने भूमि पेडनेकर, शिबानी बेदी, डॉली सिंह और कुशा कपिला के साथ फिल्म थैंक यू फॉर कमिंग में सक्रीन साझा की। ये दोनों फिल्में भले ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाईं, लेकिन उन्होंने दोनों से दर्शकों का खूब ध्यान खींचा। हाल ही में उन्होंने अपने करियर को लेकर बात की है। शहनाज कौर गिल ने एक बातचीत में बताया कि 2023 उनके लिए एक महत्वपूर्ण साल रहा है। उन्होंने अपनी आंखें खोलीं और जीवन के प्रति अपना नजरिया बदल दिया है। उन्होंने कहा, मैं अब पूरी तरह से नहीं तो थोड़ा और परिपक्व हो गई हूं। पहले मैं बहुत बचकानी हुआ करती थी। मैं अब कुछ स्थितियों को बेहतर ढंग से संभालना और निपटना जानती हूं। अभिनेत्री ने बताया कि सलमान खान के साथ काम करने के बाद वह उस चेक बॉक्स पर टिक करने का इंतजार कर रही हैं, जो लंबे समय से उनके दिमाग में है। शहनाज ने कहा, मैं सभी सुपरस्टार्स के साथ काम करना चाहती हूं, लेकिन अगर मैंने किसी का सोचा, तो वह रणबीर कपूर होंगे। मैं उनसे व्यक्तिगत रूप से कभी नहीं मिली हूं, लेकिन मैंने उन्हें दूर से कार्यक्रमों में देखा है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि अब उन्हें ऑडिशन देने में कोई परेशानी नहीं है। उन्हें पता चल गया है कि यह उस तरह की फिल्में और किरदार पाने का एकमात्र तरीका है, जो वह चाहती हैं। अभिनेत्री ने कहा, मैं बिग बॉस से पहले ऑडिशन के लिए कभी नहीं गई। अब मैं ऑडिशन देने के लिए तैयार हूं। पहले मुझे ऑडिशन की कीमत नहीं पता थी। अब मुझे पता है। शहनाज ने बताया कि वह रिजेक्शन से कैसे निपटती हैं। उन्होंने कहा, रिजेक्शन हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है। भले ही मुझे रिजेक्ट कर दिया जाए। मुझे पता है कि मैं इससे बहुत कुछ सीखूंगी। मुझे लगता है कि रिजेक्शन एक व्यक्ति को अनुभव करना चाहिए।

# परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिताना नए साल का संकल्प

टेलीविजन शो हप्पू की उलटन पलटन में मुख्य किरदार राजेश सिंह की पत्नी की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री गीतांजलि मिश्रा ने अपने नए साल का संकल्प के बारे में बताया है। एक्ट्रेस इसी साल अगस्त में शो का हिस्सा बनीं और उन्हें दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। उसी के बारे में बात करते हुए गीतांजलि ने कहा, मेरे शो हप्पू की उलटन पलटन की बदौलत मेरा साल बहुत अच्छा गुजरा। जैसा कि मैं 2024 की ओर देख रही हूं, मैं अपने परिवार के साथ अधिक गुणवत्तापूर्ण समय बिताने का संकल्प लेती हूं। मैंने अपने भतीजों से वादा किया कि मैं उन्हें 2024 में विभिन्न स्थानों पर छुट्टियों पर ले जाऊंगी। उन्होंने आगे बताया, उन्होंने पहले ही अपनी पसंदीदा जगहों की सूची साझा कर दी है, इसलिए मुझे नया साल शुरू होते ही इस पर काम शुरू करना होगा। गीतांजलि ने हप्पू की उलटन पलटन में कामना पाठक की जगह राजेश सिंह (रज्जो) का किरदार निभाया। शो के सेट पर उनका जोरदार स्वागत हुआ। राजेश सिंह शो के मुख्य किरदार दरोगा हप्पू सिंह (योगेश त्रिपाठी) की दबंग दुल्हनिया हैं।





# तमन्ना भाटिया ने 2023 में गेम- चेंजिंग ओटीटी डेब्यू के साथ फैंस को किया एंटरटेन

एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने खुद को न सिर्फ एक पैन इंडिया एक्ट्रेस के रूप में बल्कि कॉन्टेंट की ओटीटी क्वीन के रूप में भी स्थापित किया है। साल 2023 में, वह तीन प्रोजेक्ट्स में दिखाई दीं, जिसमें वह तीन अलग तरह के किरदार में नज़र आईं।

जी करदा में लावण्या सिंह- अर्बन रोमांटिक ड्रामा सीरीज़ जी करदा में तमन्ना भाटिया ने लावण्या सिंह का किरदार निभाया। लावण्या, सेल्फ–डिस्कवरी जर्नी पर निकली एक युवा महिला, शादी की बारीकियों से जूझती है। बचपन के सात दोस्तों में सबसे इम्पोर्टेन्ट मेंबर में से एक के रूप में, वह एम्बिशन दिखाती है।

लस्ट स्टोरीज़ 2 में शांति- तमन्ना भाटिया ने विजय की पूर्व पत्नी शांति चौहान का किरदार निभाया है, जो सुजॉय घोष के लस्ट स्टोरीज़ 2 के सेगमेंट में एक दशक से गायब है। शांति को आकर्षक आंखों, फेयर कॉम्प्लेक्शन और ग्रेट फिजिक वाली महिला के रूप में दिखाया गया है। तमन्ना का शांति का किरदार न केवल अट्रैक्टिव है बल्कि वह मिस्ट्री का सटल टच भी देता है।

इंस्पेक्टर आन्या स्वरूप- तमन्ना भाटिया मर्डर मिस्ट्री सीरीज़ आखिरी सच में इंस्पेक्टर आन्या स्वरूप की भूमिका निभाती हैं। आन्या एक पुलिस ऑफिसर है, जो एक ऐसे पेचीदा मामले की जाँच करती है, जहाँ परिवार के 11 सदस्यों की एक साथ मृत्यु हो जाती है। तमन्ना का आन्या का किरदार जटिलताओं को आसानी से सामने लाता है। तमन्ना 2024 आने के साथ, निखिल आडवाणी की हिंदी फिल्म वेदा में जॉन अब्राहम के साथ दर्शकों को एंटरटेन करती दिखाई देंगी, और तमिल फिल्म अरनमनई 4 में मुख्य भूमिका भी निभाएंगी। फैंस इन रिलीजों का बेसब्री से अपनी फेवरेट एक्ट्रेस को नए और वर्सटाइल किरदारों में देखने का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं।



# काजोल ने नेटफ्लिक्स के शो हैनिबल की पॉप्युलर किरदार को निभाने की इच्छा जाहिर की

काजोल बॉलीवुड की चुलबुली और शानदार कलाकारों में से एक गिनी जाती हैं। उन्होंने बॉलीवुड में अपनी एक्टिंग के दम पर काफी खास पहचान बनाई है। बड़े पर्दे पर लीड हीरोइन के ढेर सारे किरदारों को जी चुकीं काजोल ने हाल ही में ओटीटी की दुनिया में कदम बढ़ाया है। काजोल ने वेब सीरीज द ट्रायल में भी जमकर तहलका मचाया और अब साल खत्म होते–होते उनके इस हॉलीवुड वाले खूंखार अंदाज ने बवाल मचा रखा है। काजोल नें ये तस्वीरें इंस्टाग्राम पर खुद शेयर की हैं। काजोल ने सोशल मीडिया पर अपनी लेटेस्ट तस्वीर शेयर कर अपनी दिली इच्छा जाहिर की है। उन्होंने नेटफ्लिक्स के शो हैनिबल की पॉप्युलर किरदार को निभाने की इच्छा जाहिर की है जो एक खतरनाक विलन का है। अपने दिल की ख्वाहिश जाहिर करने के लिए काजोल ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल किया है। दरअसल काजोल ने शुक्रवार की रात अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपना हैनिबल अवतार दिखाया है। इन तस्वीरों में उन्होंने पूरा ब्लैक आउटफिट पहना है। काजोल ने अपनी ये झलकियां शेयर करते हुए लिखा है– मुझे मेरा ये लुक काफी पसंद आया, मौका मिला तो मैं ये लुक किसी दिन आजमा सकती हूं।

# आमिर खान को लगा है इन चीजों का शौक

बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान के लिए पिछली कुछ फिल्में खास नहीं रहीं। प्रोफेशनल लाइफ से इतर पर्सनल लाइफ को लेकर भी आमिर खान चर्चा में रहे हैं। हालांकि साल 2024 की शुरुआत उनके लिए काफी खूबसूरत होगी। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट की बेटी आइरा खान अपने बॉयफ्रेंड नुपूर शिखरे के साथ शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। लेकिन उससे पहले आमिर खान को कुछ नए शौक लगे हैं जिन्हें लेकर वो खबरों में हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक बेटी की शादी से पहले आमिर खान को मराठी सीखने का शौक लग गया है। इतना ही नहीं अह्लद्ध ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि आमिर खान गायकी में भी हाथ आजमा रहे हैं। गुलाम फिल्म में रानी मुखर्जी के साथ आती क्या खंडाला में जलवा दिखा चुके आमिर खान सिंगिंग की प्रोफेशनल ट्रेनिंग ले रहे हैं। लेकिन क्या यह उनकी बेटी की शादी में की जाने वाली किसी खास परफॉर्मेंस के लिए है या फिर उनकी किसी अपकमिंग फिल्म के लिए यह साफ नहीं है।

## बेटी की शादी से पहले कर रहे खूब मेहनत

जानकारी के मुताबिक आमिर खान हर रोज सिंगिंग क्लास लेने जाते हैं और उन्होंने दिल का एक घंटा इसके लिए फिक्स कर रखा है। घर पर भी वह नियमित रियाज कर रहे हैं ताकि अपनी अपनी स्किल्स बेहतर कर पाएं।





# सफेद एक ऐसी फिल्म है, जिसके बार में कोई कल्पना भी नहीं कर सकता

अभिनेत्री मीरा चोपड़ा इस वक्त अपनी फिल्म सफेद को लेकर चर्चा में हैं। ये फिल्म ओटीटी पर आज से स्ट्रीम होगी। हाल ही में मीरा ने इस फिल्म में काम करने का अपना अनुभव साझा किया। ये फिल्म ट्रांसजेंडर और विधवा की जिंदगी पर आधारित है, जिन्हें समाज में अलग–थलग कर दिया जाता है। फिल्म को लेकर मीरा ने कहा ये फिल्म वास्तविकता दिखाती है और उन्हें इस किस्म का सिनेमा करना बेहद पसंद है। मीरा ने कहा, फिल्म सफेद एक ऐसी फिल्म है, जिसके बार में कोई कल्पना भी नहीं कर सकता है। ये फिल्म बहुत आश्चर्यचकित करती है, क्योंकि इसमें एक ऐसी दुनिया की झलक है, जिसके बारे में शायद ही कोई जानता है और अक्सर हम इसे नजरअंदाज करते हैं। ये एक बेहद खूबसूरत लव स्टोरी है। इसकी शूटिंग बनारस में हुई है। फिल्म की ओटीटी रिलीज को लेकर मीरा ने कहा, मुझे लगता है कि इस तरह की फिल्में ओटीटी पर रिलीज होनी चाहिए। अर्थपूर्ण सिनेमा को समझने और उसे देखने के मामले में ओटीटी का दर्शक वर्ग काफी समझदार है। इस तरह के सिनेमा का हिस्सा बनना मुझे बेहद पसंद है। बता दें कि सफेद में मीरा के अलावा अभय वर्मा भी हैं। ये फिल्म एक ट्रांसजेंडर और एक विधवा की प्रेम कहानी पर आधारित है। फिल्म में दिखाया गया है कि किस तरह सामाजिक उत्पीड़न के शिकार दो लोग एक–दूसरे के साथ सुकून पाते हैं और उनका अकेलापन दूर हो जाता है। बता दें कि इस फिल्म का निर्देशन संदीप सिंह ने किया है। इस फिल्म के जरिए वे निर्देशन में डेब्यू कर रहे हैं। ये फिल्म आज 29 दिसंबर 2023 को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज हो रही है। फिल्म से अलग मीरा इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी सुर्खियों में हैं। हाल ही में खबर आई कि मीरा घर बसाने जा रही हैं। उन्होंने शादी की तैयारियां शुरू कर दी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा ये भी किया गया है कि मीरा अगले साल फरवरी में अपने बॉयफ्रेंड के साथ सात फेरे लेने वाली हैं। दोनों की शादी राजस्थान में होगी।



# मैरी क्रिसमस में काम करना चाहते थे सैफ, डायरेक्टर ने विजय सेतुपति को साइन किया

कटरीना कैफ और विजय सेतुपति स्टारर फिल्म मैरी क्रिसमस का ट्रेलर रिलीज के बाद से ही चर्चा में है। मैरी क्रिसमस के प्रमोशन के दौरान फिल्म के डायरेक्टर श्रीराम राघवन ने एक बड़ा खुलासा किया है। श्रीराम राघवन के मुताबिक इस फिल्म में काम करने के लिए पहले सैफ अली खान ने इच्छा जाहिर की थी। उन्हें स्क्रिप्ट बेहद पसंद आई थी। लेकिन बाद में राघवन का मूड बदल गया, हालांकि उन्हें इस बात का बेहद अफसोस है। डायरेक्टर ने सैफ से इसके लिए माफी भी मांगी थी। मैरी क्रिसमस 12 जनवरी को रिलीज होगी।

## मैरी क्रिसमस को लेकर मैं सचेत रहना चाहता था


इंटरव्यू के दौरान डायरेक्टर ने बताया– मैं शुरू से ही फिल्म की कास्ट को लेकर बहुत सतर्क रहना चाहता था। इसी के चलते मैंने पहले सैफ अली खान से संपर्क किया था। मैंने उन्हें फिल्म की पूरी कहानी सुनाई। एक्टर को कहानी काफी पसंद आई। उन्होंने स्टोरी सुनकर इस रोल में दिलचस्पी दिखाई थी।


## राघवन ने कहा कि बाद में मेरा मूड बदल गया

फिल्म में कुछ नई चीजें जुड़ने के कारण मुझे सैफ को मना करना पड़ा। मुझे बाद में इस बात का बेहद अफसोस हुआ। आपको बता दें सैफ अली खान और श्रीराम राघवन ने एक हसीना थी और एजेंट विनोद जैसी फिल्मों में एक साथ काम किया है। एजेंट विनोद के प्रोड्यूसर सैफ अली खान ही थे। मैरी क्रिसमस एक सस्पेंस थ्रिलर फिल्म है। डायरेक्टर ने फिल्म के लिए बाद में एक्टर विजय सेतुपति को चुना।

## विजय सेतुपति का सिलेक्शन कैसे हुआ

अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए डायरेक्टर ने कहा– मेलबर्न फिल्म फेस्टिवल के दौरान मेरी मुलाकात विजय सेतुपति से हुई थी। ये पहली बार था जब मैं उनसे मिला था। इसी फेस्टिवल में विजय की रोमांटिक फिल्म 96 की स्क्रीनिंग भी की गई थी। उन्होंने कहा कि जब वो मुझसे हिंदी में बात करना शुरू किए, उसी समय मैंने उन्हें अपनी फिल्म के लिए पसंद कर लिया था। मैं समझ गया था कि फिल्म के इस खास रोल के लिए विजय बिल्कुल फिट हैं।





# बड़े बजट की होगी अहान शेट्टी की अपकमिंग फिल्म

एक्टर सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी की पहली फिल्म तड़प फॉक्स मीडिया और नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट द्वारा बनाई गई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्टर की अपकमिंग फिल्म बड़े बजट की होगी। साजिद नाडियाडवाला ने अहान के साथ फोटो शेयर करते हुए लिखा– डियर अहान, आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। अब गिफ्ट खुलने का अगले महीने तक इंतजार नहीं कर सकते हैं। क्योंकि हम इसके लिए बेहद एक्साइटेड हैं। अब जब हम साथ में माइल स्टोन पाने के लिए एक नए सफर पर निकल चुके हैं, तो इसे सेलिब्रेट करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म में अहान के अपोजिट लीड एक्ट्रेस कौन है,ये अब तक तय नहीं हुआ है। इसके अलावा फिल्म का बजट लगभग 75 करोड़ रुपए रखा गया है। हालांकि, अभी मेकर्स ने फिल्म से जुड़ी किसी बात की पुष्टि नहीं की है। अहान शेट्टी ने फिल्म तड़प से अपना बॉलीवुड में डेब्यू किया है। इस एक्शन ड्रामा फिल्म में अहान की एक्टिंग की काफी तारीफ हुई, लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई। इस फिल्म में उनके साथ तारा सुतारिया भी लीड रोल में थीं।